


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद इस लीग से जुड़े शिखर ...

अमेरिकी कारोबारी ने बांधे पीएम मोदी की तारीफों ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 136 | पटना, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति और पीएम ने दीं जन्माष्टमी की बधाई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्माष्टमी के पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट पर लिखा- जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। यह त्योहार हमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा, जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान कृष्ण के जन्म दिवस पर, जो दिव्य प्रेम, ज्ञान और धार्मिकता के प्रतीक हैं, जन्माष्टमी का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस पावन दिन को मनाते हुए, आइए हम भगवान कृष्ण की शाश्वत शिक्षाओं पर विचार करें और उनके अनुसार जीवन जीने का प्रयास करें, जिससे हमारे समाज में एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले।

**पीएम ने दी जन्माष्टमी की बधाई :** जन्माष्टमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप सभी को जन्माष्टमी की अनंत शुभकामनाएं। जय श्रीकृष्ण। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए लिखा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आप सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की भगवान कृष्ण से प्रार्थना करता हूं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**मुख्यमंत्री ने आईजीआईएमएस के अंतर्गत सुपरस्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल का किया निरीक्षण**

# सुपरस्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल बनने से मरीजों को होगी काफी सहूलियत

## बोलें- आंख के रोगों के बेहतर इलाज के लिये मिलेगा एक और विकल्प

**सीएम ने निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का दिए निर्देश**



**154 बेड का यह चक्षु अस्पताल अपने आप में होगा विशिष्ट**

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुये बताया कि 188 करोड़ रुपए की लागत से 154 बेड का यह चक्षु अस्पताल अपने आप में विशिष्ट होगा। यह अस्पताल जी प्लस श्री होगा। यहां कार्निया एंड रिफ्रेक्टिव, ग्लूकोमा, रेटिना एवं यूबिया के इलाज की बेहतर सुविधा होगी। यहां पेडिएट्रिक एवं न्यूरो ऑपथैल्मोलॉजी की भी बेहतर चिकित्सा हो सकेगी। इस चक्षु अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह उत्तर-पूर्व भारत के सरकारी क्षेत्र का सबसे बड़ा चक्षु अस्पताल होगा।

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना स्थित इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के अंतर्गत निर्माणाधीन सुपरस्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल (चक्षु अस्पताल) का निरीक्षण किया और बचे हुये निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रथम तल पर जाकर ओपीडी, वार्ड एरिया, ऑपरेशन थियेटर रूम, जेनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विशिष्ट अस्पताल के बचे हुये कार्यों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इसके निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आंख से संबंधित रोगों का विशिष्ट तरीके से इलाज होगा, जिससे मरीजों को काफी सहूलियत होगी। राज्यवासियों को इस अस्पताल के रूप में आंख के रोगों के बेहतर इलाज के लिये एक और विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान की व्यवस्थाओं के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

**ये रहें मौजूदः** निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ बिन्दे प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ मनीष मंडल सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण तथा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के वरीय चिकित्सकगण उपस्थित थे।

# लद्दाख में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी

## गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी जानकारी



**पीएम मोदी ने सराहनीय कदम बताया**

प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन की सराहना करते हुए इसे बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम बताया। उन्होंने कहा कि जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे सेवाओं और अवसरों को लोगों के और करीब लाया जा सकेगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में लेह और करगिल को मिलाकर कुल सात जिले हो जायेंगे।

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। गृह मंत्रालय ने विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के विजन को साकार करने की दिशा में केंद्र शासित प्रदेश में पांच नये ज़िलों के गठन को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से पांच नये ज़िलों जंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में, लेह और कारगिल को मिलाकर, कुल सात जिले हो जायेंगे। लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से एक बहुत बड़ा केंद्र शासित क्षेत्र है। अभी लद्दाख में दो जिले हैं – लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले भूभागों में से एक है। अत्यंत कठिन और दुर्गम होने के कारण, वर्तमान में जिला प्रशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन जिलों के गठन के बाद अब केन्द्र सरकार और लद्दाख प्रशासन की सभी जनहित योजनाएं लोगों तक आसानी से पहुँच सकेंगी और अधिक से अधिक लोग उनका लाभ उठा सकेंगे। गृह मंत्रालय का यह महत्वपूर्ण निर्णय लद्दाख के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पांच नए जिलों के गठन की सैद्धांतिक स्वीकृतिह्न देने के साथ ही गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन को नए जिलों के गठन से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे, मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों के सृजन, जिला निर्माण से सम्बंधित कोई अन्य पहलू आदि के आंकलन के लिए एक समिति बनाने और उसे तीन महीने के अन्दर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्ति के बाद, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के सम्बन्ध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजेगा। केन्द्र सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अपार संभावनाओं का सृजन करने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

# जन्माष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण



पटना। इस्कॉन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही श्रद्धालु इस्कॉन मंदिर में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के पूजा पाठ में जुटे हैं। शाम होते-होते इस्कॉन मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है और भीड़ को काबू में करने में पुलिसकर्मियों के पसीने छूट रहे हैं। पटना में इस्कॉन मंदिर और गौड़िया मठ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य तैयारी की गई है। शाम सवा सात बजे से इस्कॉन मंदिर में भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है।इस्कॉन मंदिर में इस बार 251 चांदी के कलश और दक्षिणायन शंख से भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक किया गया। जन्माष्टमी के मौके पर रात दो बजे तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर खुला रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे। शाम होते ही मंदिर के भीतर और बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई है।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई करीबियों संग दिल्ली पहुंचे!

रांची/एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। वे जमशेदपुर से कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली में भाजपा के बड़े नेताओं के साथ उनकी बैठक हो सकती है। इसके बाद चम्पाई निर्णय लेंगे। इस बीच उनके पुत्र बबलू सोरेन ने कहा कि मंगलवार तक पूरा मामला साफ हो जायेगा। चम्पाई सीनियर लीडर हैं, अभी कुछ कहना सही नहीं : हिमंत बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने चम्पाई सोरेन को लेकर बड़े ही तार्किक अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चम्पाई सोरेन के सामने तीन रास्ते हैं। वो अभी दिल्ली में हैं। उनके साथ बातचीत का रास्ता खुला है। आगे जाकर क्या होता है, देखते हैं। हिमंत सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चम्पाई के साथ मुलाकात हो सकती है। वैसे उनसे बात होती रहती है।

# गया : मानपुर में मालगाड़ी की 12 बोगियां बेपटरी

प्रात : किरण



पटना/गया/एजेंसी। बिहार में गया जिले के बंधुआ-मानपुर से होकर गुजरने वाली डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से क्रास कर रही मालगाड़ी मानपुर के रसलपुर गुमटी के निकट सोमवार को बेपटरी हो गई, जिसमें 12 बोगियां एक साथ पटरी से नीचे उतर गईं। मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई। इस घटना से रेलवे गुमटी के दोनों तरफ यातायात बाधित है। घटना की सूचना पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंच रहे हैं। मालगाड़ी में कोयला लदा है, जो झारखंड से बाढ़ जा रहा था। खास बात यह कि डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के तहत हाल में ही पटरी बिछाई गई थी। संचालन भी तीन माह पूर्व शुरू हुआ था। हादसा क्यों और कैसे हुआ इस बाबत अधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश की वजह से पटरी के धंसने से यह हादसा हुआ है। डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से केवल गुड्स ट्रेन का संचालन होता है। वह भी केवल कोयला ले जाया जाता है।

# अस्पताल के पूर्व प्राचार्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट

प्रात : किरण

कोलकाता/ एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की जांच के सिलसिले में सोमवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू किया। एक अधिकारी के अनुसार, पिछले 10 दिनों में घोष से हुई पूछताछ के दौरान उनके बयानों में तारतम्य नहीं दिखा, जिसके कारण अधिकारियों को पॉलीग्राफ टेस्ट का एक और दौर आयोजित करना पड़ा।सीबीआई ने शनिवार को घोष और पांच अन्य पर झूठ पकड़ने वाले परीक्षण किए थे। अधिकारी ने बताया कि आरजीकेएमसीएच में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में सोमवार को संस्थान के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ से पूछताछ शुरू की गई। सीबीआई के अधिकारियों ने रविवार को घोष के बेलियाघाटा आवास पर तलाशी ली थी।

# भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लिए 44 उम्मीदवारों की घोषणा की

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के तीन चरणों के लिये अपने 44 उम्मीदवारों के नाम सोमवार को घोषित कर दिये। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने यहां बताया कि रविवार रात भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महामंत्री बी एल संतोष, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, भाजपा चुनाव प्रभारी राम माधव, केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवीन्द्र रैना आदि उपस्थित थे। पार्टी की ओर से यहां जारी सूची में प्रथम चरण के लिए 15, दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अशोक भट्ट हब्बाकदल से, पाडेर नागसेनी से सुनील शर्मा, आरएस पुरा-जम्मू दक्षिण से डॉ नरिंदर सिंह रैना शामिल हैं।

# 25 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 25 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से पांच पर कुल 28 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की गंगलूर और भैरमगढ़ क्षेत्रीय समितियों में सक्रिय इन 25 नक्सलियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा, दोनों महिलाएं शम्बती मडकम 23 वर्ष और ज्योति पुनेम 27 वर्ष तथा महेश तेलम माओवादियों की कंपनी नंबर-2 में सक्रिय थीं और प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम था। मडकम 2012 से ही नक्सली आंदोलन में सक्रिय थी और 2020 में सुकमा में मिनपा हमले में कथित तौर पर शामिल थी जिसमें 17 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई थी। वह 2021 में टेकलगुडेम (बीजापुर) हमले में भी शामिल थी जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

# मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष अल्बनीज से की बात, द्विपक्षीय संबंधों का जायजा लिया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज से बात की और दोनों नेताओं ने क्वाड सहित कई मंचों पर अपने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग का जायजा लिया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने मित्र एंथनी अल्बनीज से बात करके खुशी हुई। हमने क्वाड सहित बहुपक्षीय मंचों पर अपने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग में प्रगति का जायजा लिया। क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह है। सभी चारों राष्ट्र लोकतांत्रिक होने के कारण इनकी एक सामान आधारभूमि हैं और ये निर्बाध समुद्री व्यापार और सुरक्षा के साझा हित का भी समर्थन करते हैं। इसका उद्देश्य मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है। क्वाड का विचार पहली बार वर्ष 2007 में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रखा था। हालाकि यह विचार आगे विकसित नहीं हो सका, क्योंकि चीन के ऑस्ट्रेलिया पर दबाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने स्वयं को इससे दूर कर लिया। अंततः वर्ष 2017 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान ने एक साथ आकर इस चतुर्भुज गठबंधन को आकार दिया।




बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु

पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता :

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया :

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालक वार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड–19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।



विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 006652 (Animal)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण बन बच्चों ने मोहा

फतुहा। जेठुली स्थित बेथम एपीजे एकैडमी में सोमवार को जन्माष्टमी पर बच्चे रंग-बिरंगे पोशाक में राधा और कृष्ण बन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए स्कूल के डायरेक्टर विनय कुमार जायसवाल ने कहा कि ऐसा लगता है राधा और कृष्ण साक्षात उतर आएं हैं। बच्चों की मासूमियत ने राधा और कृष्ण के पोशाक में चार चांद लगा दिये। वहीं बच्चों ने राधा और कृष्ण रूप में नृत्य भी प्रस्तुत किया। मौके पर शिक्षक आशिष कुमार, प्रियंका कुमारी, राजेश कुमार, पिंकी कुमारी, सोनी देवी, आर्यन कुमार, नीलू देवी, लक्ष्मी देवी, दीपा कुमारी, सोनम कुमारी यादव, मोहित जायसवाल, बिट्टू जायसवाल सहित सैंकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धुमधाम से मनाया गया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत ग्रामीण या शहरी इलाका मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धुमधाम से मनाया गया। सोमवार की सुबह से ही विभिन्न मंदिरो व मुहल्लो में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को लेकर तैयारी में लोग जुटे रहे। जगह जगह भगवान का झुलन सजाया गया। झुले पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप लड्डू गोपाल की मुर्ति स्थापित किया गया। श्रीकृष्ण के बालरूप लोगो को आकर्षित करती रही। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला की झांकी का चित्रण लोगो को मंत्र मुग्ध करता रहा। नगर के सदरबाजार मंदिर, सुलतानपुर, पेठियाबाजार मंदिर, एमईएस मंदिर, रामजानकी मंदिर गोलापर समेत विभिन्न इलाको में जन्माष्टमी धुमधाम से मनाया गया। दोपहर बाद से पूजा स्थल पर व्रतधारण करने वाले महिला पुरुष व कन्याएं पूजा करने के लिए पहुंचते रहे। देर रात तक लोगो की भीड़ पूजा स्थल पर लगी रही। नगर के सुलतानपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव को लेकर विशेष तैयारी की गयी। वही खगौल में लखन लाल ठाकुर बाड़ी लाल चौक व बड़ी देवी स्थान जयराम बाजार खगौल चंद्रोदय के साथ भगवान के बाल स्वरूप मुर्ति का पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। इसके साथ ही श्रृंगार पूजन भोग व आरती के बाद देर साथ श्रद्धालुओ के दर्शन के लिए पट खोले गये। सिंघारा के आटा का हलवा, धनिया के चूर्ण, मक्खन व फल समेत छप्पन प्रकार का भोग लगाया गया।

### 27 नमूना की जांच में मिले सात डेंगू मरीज

पटना सिटी (प्राकि)। नएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 27 सैंपल की जांच सोमवार को की गई। इसमें सात डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि संक्रमित डेंगू मरीजों में खाजेकलां की 10 वर्षीया बच्ची, बाढ़ के नौ वर्ष का बच्चा, दीदारगंज की 55 वर्षीया महिला, नौबतपुर पटना के 16 वर्षीय किशोर, गिद्धौर जमुई के 26 वर्षीय युवक, समस्तीपुर के बरियारपुर निवासी 32 वर्षीय युवक व पटना के राजेन्द्रनगर की चार वर्षीया बच्ची संक्रमित है। अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि अस्पताल में तीस बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें पांच वार्ड शिशु रोग विभाग में है।

### गायब बालिका का शव गंगा नदी में मिला, विरोध में रोड जाम

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के शरीफगंज की रहने वाली एक 16 वर्षीया बालिका कोमल कुमारी 24 अगस्त की रात से लापता थी। इस संबंध में किशोरी की मां मीना देवी पति अनिल महतो के द्वारा मालसलामी थाना में मामला दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह का कहना है कि मामला दर्ज होने के बाद बच्ची की मां ने एक लड़के पर शक किया था। उसे लड़के को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ की गई। इस बीच सोमवार को दीदारगंज के महावीर घाट के सामने उक्त किशोरी का शव गंगा नदी में मिला। लोगों के द्वारा सूचना मिलने के बाद शव को निकलवा कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जब परिजनों को सूचना मिली, तो वह सब पोस्टमार्टम रूम पहुंचे। वहां उन्होंने शव की पहचान अपनी पुत्री कोमल कुमारी के रूप में की। थानाध्यक्ष के अनुसार कोमल के शरीर पर किसी तरह की कोई इंज्यूरी नहीं थी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजन घर गए। फिर अशोक राजपथ को कुछ देर के लिए जाम कर दिए। बाद में पुलिस के पहुंचने के बाद समझाने-बुझाने के बाद रोड जाम को हटाया गया। इसके बाद परिजन शव को संस्कार के लिए ले गए।

# महिलाओं से चर्चा कर परिवार नियोजन के पांच सूचकांकों पर बढ़ाया जाएगा फोकस

## गर्भनिरोधक प्रचलन दर, हाई अनमेट नीड, समय पूर्व शादी, किशोरी प्रजनन पर आयेगी जागरूकता

- प्रत्येक माह पीएचसी पर 120 बंध्याकरण करने का लक्ष्य

प्रात: किरण संवाददाता




पटना। नवीन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (पांचवें) के अनुसार परिवार नियोजन के पांच सूचकांकों पर स्वास्थ्य विभाग फोकस करेगी। सूचकांकों पर फ्रंटलाइन वर्कर्स महिलाओं के साथ चर्चा कर उन्हें इसके महत्व को समझाएगी। जिन पांच सूचकांकों पर स्वास्थ्य विभाग फोकस करेगी इसमें गर्भनिरोधक प्रचलन दर, हाई अनमेट नीड, समय पूर्व शादी, किशोरी प्रजनन आदि शामिल है। इसके अलावा सभी जिलों को प्रत्येक माह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 120 बंध्याकरण या नसबंदी, संस्थागत प्रसव के विरुद्ध 20 प्रतिशत पोस्ट पार्टम आईयूसीडी और प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेंद्र पर 5 अंतरा का लक्ष्य दिया गया है। यूनिसेफ के अनुसार, बाल विवाह कठोर सत्य है जो पांच में से एक लड़की की हो रही है। विश्व में 50 करोड़ से अधिक ऐसी लड़कियाँ और महिलाएँ जीवित हैं जिनका विवाह बचपन में ही कर दिया गया था। यूएन एजेंसी ने इस चुनौती से निपटने के लिए समन्वित, वैश्विक कार्रवाई पर बल दिया है ताकि वर्ष 2030 तक बाल विवाह के मामलों के उन्मूलन के लक्ष्य को साकार किया जा सके। एजुकेट टू एंड चाइल्ड मैरिज शीर्षक वाले एक शोध पत्र से पता चला है कि माता-पिता की काउंसलिंग और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भारत में 49 हजार 813 बाल विवाह रोके गए, जबकि बाल विवाह के 9 हजार 551 मामलों में कानूनी हस्तक्षेप किया गया। इसमें सबसे ज्यादा (2022–23 में) 31 प्रतिशत बाल विवाह बिहार में रोके गए। यूनिसेफ के इस डेटा से ताल्लुक रखती शिवहर की दूरदराज के अदौरी गांव की आशा रंभा कहती हैं कि हम जब भी परिवार नियोजन की जानकारी लेकर लोगों के बीच जाते हैं तो लोगों को बाल विवाह और किशोरी प्रजनन से बचने की सलाह देते हैं। इसके अलावा दो बच्चों में समय के अंतर रखने के लिए प्रचलन में आए गर्भनिरोधक की सलाह भी देते हैं। पिछले दो तीन वर्षों में बाल विवाह और किशोरी प्रजनन में भी कमी आयी है। यह गांवों में भी देखने को मिल रहा है। न्यून प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की होगी समीक्षा हाल ही में हुए समीक्षा बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिले के परिवार नियोजन में सबसे न्यून प्रदर्शन करने वाले चार प्रखंडों के नर्स, आशा, सीएचओ, बीएचएम, बीसीएम के साथ उनके कार्यों की समीक्षा करेगें। समीक्षा के दौरान पायी गयी कमियों को भी पूरा करने में सहयोग देगें। इसके अलावा प्रखंड की आशा और एएनएम को सक्रियता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित भी करेगें। आशा की सक्रियता प्रखंड में बढ़ने से न सिर्फ नियमित प्रतिरक्षण के आच्छादन में वृद्धि होगी बल्कि मातृ स्वास्थ्य परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सूचकांक में भी प्रगति होगी, जिससे स्वास्थ्य सूचकांक में अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा।

# बिहार में जन्माष्टमी पर हुआ 100 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद धूम धाम से मनाया गया और देश भर के मंदिरों में कहाँ सजावट हुई वहीं दूसरी ओर लोगों ने भी अपने घरों के मंदिरों एवं पूजा स्थलों को सुंदर तरीके से सजाया। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) बिहार के मुताबिक देश भर में जन्माष्टमी के मौके पर लगभग 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। अकेले बिहार में लगभग 100 करोड़ व पटना मे लगभग 30-40 करोड़ का व्यापार हुआ। कैट बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण त्यौहार पर हुए बड़े व्यापार में खास तौर पर फूल, फल, मिठाई, भगवान की पोशाक, श्रृंगार का सामान, व्रत की मिठाइयाँ, दूध दही, माखन तथा ड्राई फ्रूट की बड़े पैमाने पर बिक्री हुई। श्री वर्मा ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे त्यौहार देश में सनातन अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। कैट बिहार चेयरमैन राजेश गुप्ता ने बताया कि देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद उत्साह से मनाया गया। मंदिरों में खूब आकर्षक सजावट की गई तथा लोगों में दर्शन करने की भारी भीड़ हर तरफ दिखाई दे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी त्यौहार का विशेष आकर्षण डिजिटल झांकियाँ, भगवान कृष्ण के साथ सेल्फी पॉइंट, अन्य अनेक प्रकार की मनोरम झांकियाँ रहीं। बड़ी मात्रा में शहरों में भजन, धार्मिक नृत्य तथा संतों एवं महात्माओं के प्रवचनों का सिलसिला जारी रहा। बड़ी मात्रा में सामाजिक संगठनों ने बड़े स्तर पर जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया शास्त्रों के अनुसार जन्माष्टमी भाद्रपदा की अमावस्या के आठवें दिन मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था।

# युवाचार्य संत विवेक मुनि महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। कबीर पंथी आश्रम कबीर साईं मंदिर मीठापुर के प्रांगण में महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित श्री कृष्ण लीला कथा के व्यास युवाचार्य संत श्री विवेक मुनि महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। युवाचार्य संत ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र ब्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अतः हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और ब्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे इस अवसर पर व्यास पुजन समाजसेवी बिरजू गोप, श्री कृष्ण डेंटल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, मिथिला मेडिकल के संचालक अमर कुमार बबलू एवं कबीर साईं डेंटल हॉस्पिटल के डॉ. इंद्रजीत कुमार, कबीर साई कोचिंग सेंटर के चंदन कुमार, हिंदू धर्म जागरण विभाग के विनोद कुमार यादव, संत अशोक दास जी ने किया इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति थे।

# नंदकिशोर यादव फैंस एसो. ने मनाया विस अध्यक्ष का 71वां जन्मदिन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का जन्मदिन खाजेकलां के पानी टंकी स्थित न्यू राज दरबार में मनाया गया। इसका आयोजन नंदकिशोर यादव फैंस एसोसिएशन ने किया था। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित कार्यकताओं और गण्यमान्य नागरिकों ने नंदकिशोर यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना की। लोगों के सम्मान व प्यार से अभिभूत हो श्री यादव ने कहा कि लोगों का प्यार ही क्षेत्र के विकास के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। बधाई देने वाले में प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, संतोष मेहता, रूपनारायण मेहता, महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, महामंत्री विनय केसरी, प्रवक्ता राजेश साह, उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, संजय सिंह, दिनेश पटेल, रामनाथ पटवा, डॉ एसए कृष्णा, डॉ एसके पंसारी, डॉ टीपी गोलवारा, संजीव यादव, अधिवक्ता नवीन सिन्हा, पटना सिटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कु सिन्हा, संजीव आनंद, नितिन कुमार रिंकू, सत्यदेव प्रसाद, हरेंद्र चंद्रवंशी, विनोद पासवान, लल्लू शर्मा, शशिकांत शुक्ला, महापौर सीता साहू, पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, अंजली राय, नीलम देवी, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, हेमलता शर्मा, निशा मेहता, संगीता चौरसिया, स्मिता रानी, सीता सिन्हा, रेशमा खातून, अजय आजाद, मो अनवर, फैज काजमी, अरशद अजीज, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। लोग अकेले या जत्थे में आते। कोई केक लेकर, तो कोई बड़ा माला, बुके तो कोई गुलाब का फूल लेकर आता और नंदकिशोर यादव को भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई देता। इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर गए और वहां हनुमान लला के दर्शन-पूजन कर उन्हें नैवेद्य

# गायघाट से पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगा नगर कीर्तन चेतना मार्च

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



शिरोमणि शहीद बाबा जीवन सिंह जी की 363वां जन्मदिवस पर चार सितंबर को गायघाट गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकलेगा। इसका रूपरेखा तैयार करने के लिए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रधान जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम शहीद बाबा जीवन सिंह ट्रस्ट द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज सिंह साहब जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, ज्ञानी अमरजीत सिंह व ज्ञानी परशुराम सिंह को शाल एवं सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना साहिब के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, सड़कों को चौड़ा करने, कंगन घाट के नजदीक मल्टी स्टोरी कार पार्किंग एवं अन्य विकास योजनाओं के लिए 200 करोड़ पास करवाने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह के अलावा अमरजीत सिंह शम्मी, इंद्रजीत सिंह बग्गा एवं पूरी टीम को बाबा जीवन सिंह ट्रस्ट द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में विशेष तौर से श्री अमृतसर से आए हुए बाबा जीवन सिंह ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार जसवंत सिंह, वरीय वाइस चेयरमैन तथा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब बिल्डिंग निर्माण कमेटी के कोऑर्डिनेटर एवं वर्तमान में झारखंड गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं रंगरेटा महासभा के प्रधान मनजीत सिंह गिल, सलाहकार एवं तीनप्लेट गुरुद्वारा के प्रधान सुरजीत सिंह, खुशीपुर कैप्टन सतपाल सिंह, सतनाम सिंह ने भाग लिया। बैठक में तय हुआ कि चार सितंबर को दोपहर एक बजे गुरुद्वारा गायघाट से पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन चेतना मार्च निकाली जाएगी। यह अशोक राजपथ के सिटीकोर्ट, पश्चिम दरवाजा, गुरहट्टा, खाजेकलां, मच्छरहट्टा होते हुए शाम सात बजे तख्तश्री पटना साहिब में पहुंच कर समाप्त होगी। इसके बाद शाम 7 से 8 बजे तक आतिशबाजी का भी इंतजाम किया गया है। इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में चेतना मार्च के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अधीक्षक दलजीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, पपिंदर सिंह आदि को चेतना मार्च को बेहतर तरीके से निकालने के लिए प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर बाबा जीवन सिंह ट्रस्ट के चेयरमैन सरदार जसवंत सिंह ने प्रबंधक कमेटी द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

# नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की, से गुंजा मध्य रात्रि



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री कृष्ण अवतरण पर्व जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही रात 12 बजा, मंदिरों से लेकर घरों में भी घंटा घड़ियाल और शंकर की ध्वनि की अनु गंज होने लगी लोगों ने एक स्वर से नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि जयकारा किया। लड्डू गोपाल जी के जन्म के बाद उन्हें वस्त्र माला मुकुट नैवेद्य आदि अर्पित किया गया। इसके बाद परंपरा और विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की गई। लोगों ने चरण अमृत छका और प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घरों को लौटे पहले प्रसाद और उसके बाद फल और फल के बने मिठाईयां सिंघाड़ा का आता आदि से फलाहार कर व्रत तोड़ा एन एक धर्म अनुरागियों ने रात्रि जागरण कर मित्रों जब और कीर्तन का दौर जारी रखा। वैष्णव मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति में मंदिर के पुजारी ने पूजा-अर्चना की। मध्य रात को भगवान श्री कृष्ण के अवतरण तक जारी रहा। मच्छरहट्टा स्थित श्री गोपीनाथ जी मंदिर मैं कलाकार गायक विक्की जोशी के नेतृत्व में भजनों का दौर चला। चौक स्थित श्री सत्यनारायण जी मंदिर में भी पूजा अर्चना और दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। हाजीगंज स्थित सांवलिया जी मंदिर, लल्लू बाबू के कूंचा स्थित राधा कृष्ण मंदिर, घसियारी गली स्थित मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर, चौक के राजाराम लेन स्थित श्री श्याम प्रभु मंदिर मैं भी भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। यहां श्री श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया मध्य रात्रि को पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। राधाकृष्ण मंदिर, श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी, शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी व सिद्धपीठ श्री छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, बनवारी टोला में स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर में भी पूजा-अर्चना के साथ भजन और प्रवचन का दौर चला। श्री गोविंद बाग मंदिर, चौधरी गली में पूजा अर्चना हुई। यहां मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया था। मंगलवार को नंदोत्सव मनाया जाएगा। भजन कीर्तन की गुंज से माहौल कृष्णमय हो गया था।

# नव नालंदा महाविहार, नालंदा में गुरु पद्मसंभव पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

पटना। नव नालंदा महाविहार, नालंदा में गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली द्वारा नव नालंदा महाविहार, नालंदा के सहयोग से नालंदा में 28-29 अगस्त, 2024 को आयोजित की जा रही रही है। इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही खेन्पो चिमेद, उपाध्यक्ष, लुम्बिनी विकास ट्रस्ट, नेपाल और खेन्पो उगेन नाम्येल, सचिव/मुख्य भिक्षु, रॉयल भूटान मंदिर, केंद्रीय सांप्रदायिक निकाय, भूटान, सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि होंगे। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में गुरु पद्मसंभव के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया जाएगा। मुख्यतः इस बात पर चर्चा की जाएगी कि वे आज भी क्यों प्रासंगिक हैं? इस सम्मेलन के मुख्य थीम उनके जीवन और शिक्षाएं, हिमालय में उनकी यात्राएं और सबसे महत्वपूर्ण, यह कि वे आज भी प्रासंगिक हैं।

# प्रशासनिक तैयारियों के बीच सिपहर व ताजियों का पहलाम शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चेहल्लुम पर हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत में शिया समुदाय की ओर से अलम और ताबूत का जुलूस निकाला गया। साथ इमा[illegible] दुलजना का जुलूस भी निकाला गया। बावली इमामबाड़ा से निकला जुलूस में सफेद घोड़े को स्पर्श करने और उसे खिलाने के लिए लोग जुट रहे थे। मान्यता है कि किसी के हाथ से दुलजना यदि कुछ खा लेता है, तो उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। दुलजना का यह जुलूस अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज, शेख बूचर का चौराहा, पुरानी सिटीकोर्ट होते हुए नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंचा। आयोजन में चमडोरिया दरगाह के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सैयद जिया उर्फ पन्ना, टीम सेवा के अध्यक्ष सैयद हसन अली, जावेद हुसैन, पंजेतनी के महासचिव अली इमाम, संयोजक सह सचिव अली अब्बास, एकबाल हैदर, जावेद बबलू, सैयद मुजफ्फर रजा, सैयद अमानत हुसैन, डॉ सिकंदर अली, शिया बफ्फ बोर्ड के चेयरमैन सैयद अफजल अब्बास के साथ अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने हुसैनिया, अंजुमने सज्जादिया, अंजुमने हैदरी, और दस्ते सज्जादिया समेत अनेक अंजुमन नौहाखानी कर रही थी। नौजर कटरा इमामबाड़ा में अलविदा नौहा हुआ। शाम को बावली इमामबाड़ा से मातमी जुलूस निकाला गया। यह अशोक राजपथ व शेरशाह पथ होते हुए शाह वकार की तकिया चैलीटाल करबला तक गया। यहां पर मजलिस व मातम का आयोजन किया गया। दूसरी ओर चैलीटाल स्थित शाह वकार की तकिया करबला में प्रशासनिक तैयारी के बीच सिपहर व ताजियों का पहलाम भी शुरू हो गया। एसडीओ गुंजन सिह ने बताया कि शाह वकार की तकिया करबला चैलीटाल, पटना नगर निगम सिटी अंचल कार्यालय व पश्चिम दरवाजा में अस्थायी थाना खोला गया है। यहां पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं। अधिकारियों ने अस्थायी थानों का निरीक्षण किया। वहीं एसपी शरद रस डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार, चौक थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा, खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना और आलमगंज थानाध्यक्ष भी सक्रिय सक्रिय हैं।

# उत्पाद विभाग के रेड में 3 लाख का 372 लीटर देसी-विदेशी शराब जब्त



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को तीन स्थान पर छापेमारी किया। इस दौरान 372 लीटर देसी व विदेशी शराब को बरामद किया गया। इस दौरान तीन वाहन स्कॉर्पियो, मारुति अल्टो और मारुति जेन को जब्त किया गया। चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इस संबंध में सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेम प्रकाश ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। सबसे पहले फुलवारी एम्स गोलंबर के पास मारुति अल्टो को रुकवाया गया। उक्त वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एजी 1944 लिखा था। उक्त वाहन पर पांच बोरा में दो-दो पॉलिथीन देसी चुलाई शराब का था। हर पॉलिथीन में 20 लीटर शराब था। कुल 200 लीटर देसी चुलाई शराब को बरामद करते हुए मारुति अल्टो को जब्त कर लिया गया। इसके बाद फुलवारी रेल फाटक के पास मारुति जेन की तलाशी ली गई। उक्त वाहन से चार कार्टन शराब बरामद किया गया। वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एआर 4632 लिखा था। कुल 35 लीटर शराब जब्त किया गया। दोनों छापेमारी टीम का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार, एएसआई भरत झा एवं सिपाही शशि रंजन, अभिजीत कुमार व बलवीर कुमार ने किया। दीघा थाना क्षेत्र के पाटलिपुत्र के दीघा गोलंबर के पास भी स्कॉर्पियो, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01पीए 5230 लिखा था, से 39 कार्टन टेट्रा पैक विदेशी शराब जब्त किया गया। इसकी कुल संख्या 1872 पीस थी। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक कुलवंत कुमार, एएसआई शशि ठाकुर, सुनील कुमार व ब्रजकिशोर ठाकुर शामिल थे।

# खाजेकलां घाट पार्क पर किया गया पौधारोपण, प्रकृति से जुड़ें

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



छोटा सा प्रयास संस्था द्वारा खाजेकलां घाट स्थित वाटिका में सोमवार को पौधारोपण किया गया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के जन्मोत्सव के मांगलिक बेला पर हरियाली जन्मोत्सव सह पौधरोपण कार्य किया गया। इस दौरान खुद श्री यादव इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर लोगों को खुशी के अवसर पर पौधरोपण करने और प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक समय था जब कोरोना कल में लोग ऑक्सीजन की कमी के कारण दम तोड़ रहे थे वर्तमान में हम सभी अधिक गर्मी और अधिक ठंड का सामना कर रहे हैं। लगातार पहाड़ों पर भूस्खलन हो रहा है। आज समय की मांग है कि हम सब प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना उसे सीधे जोड़ने का काम करें। संस्था के मुख्य संरक्षक सुजीत कसेरा ने श्री यादव को अंगवस्त्र और नीम का माला पहना कर उनका स्वागत किया। अध्यक्ष व पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा ने विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को तिलक लगा और लड्डू से उनका मुंह मीठा करा उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान दर्जनों बेल और आंवला के पौधे का सबने मिलकर वाटिका में हरियाली के लिए पौधरोपण किए। इस अवसर पर महासचिव कन्हाई पटेल, पटना सिटी अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, संतोष अग्रहरी, जगन्नाथ कुमार, सन्नी यादव, शुभम कसेरा, आदित्य केशरी , अभिनव पुरी, उदय अकेला, देवस्य कसेरा, कृष्णा पटेल, रामानंद यादव, अरुण कुमार आदि पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए।

# आबिद इमाम ने जरूरत मंद को खून देकर बचाया जान

प्रात :किरण संवाददाता

शेरघाटी। समाजसेवी आबिद ईमाम ने जरूरतमंद लोगों के लिए इन दिनों बर्दान साबित हो रहे हैं। और अपने जीवन काल मे अबतक उन्होंने 34 बार ब्लड देकर लोगों की जान बचाने का काम किया है।जानकारी के मुताबिक आबिद ईमाम ने लगभग 10 वर्षों से अधिक निष्पक्ष रूप से लोगो की सेवा करते आरहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। हमारे सहयोग से अगर किसी व्यक्ति को भला हो सकता है या किसी की जिंदगी बच सकती है तो हम उनके लिए 24 घंटा हरदम तैयार है। क्योकी सुख में तो सब साथ निभाते हैं पर दुख में कोई साथ नही देता है और अपने भी साथ छोड़ देते हैं। ऐसा जिंदगी जीने से क्या फायदा है। जब मानव मानव को काम नही आए। समाजसेवी आबिद ईमाम ने बाँकेबाजार प्रखंड के बालासोत गाँव निवासी उदय प्रसाद की 48 वर्षीय धर्म पत्नी उषा देवी को रक्तदान देकर मिसाल पेश किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उषा देवी को किसी कारण बस हुलहे की हड्डी टूट जाने के कारण शेरघाटी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था डॉक्टर के निर्देश पर ओ पोजेटिव ब्लड की आवश्कता थी हलाकि उनके परिजन रक्तदान करने से घबरा रहे थे। दो तीन दिनों से लाचार पति ओ पोजेटिव ब्लड खोज रहे थे। जब इसकी सूचना आबिद ईमाम को मिली तो उन्होंने खुद अपना एक यूनिट ब्लड देकर महिला का सहयोग किया। ब्लड दान के बाद उदय प्रसाद ने समाजसेवी आबिद ईमाम को आशीर्वाद दिया और कहा की आप जैसे लोगों को समाज मे जरूरत है और हर बाप को ऐसा बेटा दे की जरूरत पड़ने पर सबका सहयोग करें।

# प्रदेश भर में जन्माष्टमी की धूम, जय कन्हैया लाल की... के उद्घोष से माहौल भक्ति मय

## इस्कॉन में 251 चांदी के कलश से अभिषेक, महावीर मंदिर में आकर्षक सजावट





पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी की धूम है। जय कन्हैया लाल की.... के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घरों में भी कृष्ण भक्त हर्षाल्लास के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया। पटना के मंदिरों, मठों, धार्मिक स्थलों सहित घरों तक में कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारी रही। पटना के अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर, मीठापुर गौडिया मठ में धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मुख्य कार्यक्रम सोमवार की शाम 7:15 बजे से शुरू हुआ। इस्कॉन के नंद गोपाल दास ने बताया कि इस दौरान 251 चांदी के कलश और दक्षिणायन शंख से भगवान का अभिषेक किया गया। जन्माष्टमी के मौके पर रात दो बजे तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में आकर भगवान की पूजा-अर्चना की अनुमति दी गई। इस बार जन्माष्टमी के मौके पर इस्कॉन मंदिर परिसर को वृंदावन के थीम पर सजाया गया। मंदिर को फूलों से सजाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में आम से खास लोगों का जुटान रहा। पटना के महावीर मंदिर, मुजफ्फरपुर के श्री राधा कृष्ण ठाकुर मंदिर को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया। मीठापुर स्थित श्री गौडिया मठ मंदिर में रविवार को धूमधाम से अधिवास संकीर्तन मनाया गया। मायापुर से आये वैष्णवजणों ने श्री कृष्ण के महिमा गुणगान का कीर्तन किया। सोमवार को सुबह से ही कई स्तुति पाठ किया जा रहा। पटना के बाजारों में भी कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कान्हा को सजाने संवारने के सामान बिके। जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में माखन चोर के साथ विभिन्न लीलाओं की मूर्तियां, ड्रेस, साज-सज्जा और बच्चों की ड्रेस की खूब बिक्री हुई है। सोमवार की रात 12 बजते ही भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इधर, कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की, हाथी घोड़ा पालकी

### दादीजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रास लीला एवं भजनो की हुई सुंदर प्रस्तुति



पटना। श्री श्याम मंडल द्वारा दादीजी मंदिर में तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रातः अर्चना एवं अंजू टेकरीवाल के नेतृत्व में 251 महिलाओं द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड किया गया। श्याम मंडल के सचिव ध्रुव मोरारका ने कहा कि कार्यक्रम का प्रारम्भ कोलकाता के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य नाटिका से किया गया। इसके बाद श्रीकृष्ण के रासलीला के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। कृष्ण राधा का प्रेम प्रसंग को बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया। फूलों की वर्षा की गयी। गोपिकाओं संग श्रीकृष्ण की नटखट लीला हुई। रंग डाले कन्हैया रंग डाले मुरली बाजेगी राधा नाचेगी आदि गाने के साथ रासलीला चलती रही। श्रद्धालुओं ने रासलीला का भरपूर आनन्द उठाया। इसके बाद मुरादाबाद के सन्नी चड्ढा, समस्तीपुर के धरमेंद्र सिंह, कटिहार के आदर्श दाधीच, धनबाद की अर्चना गोस्वामी, दिल्ली की सुश्री उर्वशी शर्मा, नवगछिया के नागेन्द्र झा एवं पटना श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा एक से एक भजनों की प्रस्तुति की गई। कोलकाता से पधारे कलाकार ने अपने भजनो से पूरे माहौल को कृष्णमय बना दिया। उनके भजन रात श्याम सपनो में आयो दहिया पी गयो स र र र एवं वृन्दावन में हुकुम चले वषार्ने वाली का- कान्हा तो दीवाना उस राधे प्यारी का। पचपनवें वर्ष पर पटना जी श्याम मंडल में आ गई- थोड़ी थम के बरस बरसात बाबा को घर आने दे। मेरे बांके बिहारी की बांकी अदा झ देख वांकी अदाए हुए दिल फिदा राज रानी के नथ पर मोर नाचे मोर नाचे चित चोर नाचे इसके बाद मुरादाबाद (यू पी) से आये कलाकार ने श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार है तू ही मेरा पतवार है छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल ! छोटे से मेरे मदन गोपाल !! गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। भजन के बाद कृष्णजी से मटकी फोड़ कराया। इसके बाद प बंगाल से आये !कलाकार श्याम मंडल ने करी तपस्या आज वो देखो रंग लाई, एक एक दिन गिनते गिनते पचपन वर्ष है आई जलती रहे श्याम बाबा झ ज्योत तेरी जलती रहे ! अखंड जोत है अपार माया श्याम देव की हो प्रबल छाया !! श्याम तेरे मंदिर में जब बजता नगाड़ा है होती सुनवाई उसकी जो किस्मत का मारा है इसके बाद मुरादाबाद से आये कलाकार ने अपने भजन लाडला खातुवाले का कढ़ी कचौरी खायेंगे खाटू में बस जायेंगेह्व हार के जो भी आजा, शरण ले ले अपनी ओट में मेरे खाटू वाले का काम डंके की चोट पे भक्तजनो ने जन्माष्टमी के इस आयोजन का पूरे दिन खूब आनंद उठाया एवं भक्तिभाव में डूबे रहे। इसके बाद रात्रि सवा बारह बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया।

## वरिष्ठ नेत्री देवजानी मित्रा सहित कई सेवानिवृत्त अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जदयू में शामिल

### जदयू का बढ़ता कारवां मिशन-2025 की सफलता में कारगर में सिद्ध होगा : उमेश



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रदेश कार्यालय में सोमवार को वरिष्ठ नेत्री देवजानी मित्रा सहित विभिन्न जिलों से आए सेवानिवृत्त अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पर्ची देकर सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा मौजूद रहे। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महासचिव संजय कुमार गिरी एवं श्री राधेश्याम सिंह थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 19 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ बिहार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया है। जिससे बिहार की जमीनी तस्वीर बदली है और नीतीश कुमार के प्रति आम जनता का विश्वास भी बढ़ा है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े तमाम लोग मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। यही कारण है कि आये दिन जदयू परिवार नया आकार ले रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मिशन-2025 की सफलता के लिए जदयू पूरी तरह से तैयार है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनेगी। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से ई आलोक चंद्र गौतम, मानिकपुर पंचायत की मुखिया कमला चैधरी, डॉ केसी कुमार, सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार, सेवानिवृत्त एडीएम जनाब खुर्शीद अनवर, प्रो नीतीश वर्धन, प्रो जयशंकर प्रसाद, हर्षित कुमार सिंह, डॉ फतेह उल्लाह कादरी, रामबाबू दास, महेश सिंह, गीतांजलि देवी, मुकेश कुमार, जुली देवी, मुन्ना कुमार, अधिवक्ता अनिल कुमार चैधरी, दीपक कुमार, संजय राम, विकास कुमार, मनीष कुमार आदि थे।

## जदयू एवं भाजपा के कई नेताओं ने राजद का थामा दामन



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कपूरी सभागार में सोमवार को सरायरंजन विधान सभा क्षेत्र के जदयू एवं भाजपा के कई नेताओं सहित सैंकड़ों की संख्या में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह सरायरंजन के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द कुमार सहनी एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाल नेताओं में सुशील पुरी, सत्येन्द्र कुमार, मुखिया, संजीव कुमार, मुखिया धर्मेन्द्र राय, जमुरत राय, सुधीर कुमार ठाकुर, प्रमीत कुमार झा, नीरज चैधरी, मनीष कुमार झा, मुकेश कुमार, विनोद सिंह, रामाशंकर प्रसाद, उदय कुमार झा, उप मुखिया, संतोष साह, उप मुखिया विकास मणी राय, श्याम कुमार गिरी, सुधीर पुरी, मो अख्तर, आलोक कुमार चैरसिया, गंगा विशुन राय, रंजीत राय, नवीन कुमार राय, अंकुश राय, सुदीश महतो, वीरेन्द्र झा, मिथुन कुमार पुरी, वार्ड पार्षद, विनय कान्त चैधरी, कौशलेन्द्र कुमार राय, पंकज कुमार राय, वरूण साह उजियारपुर, मो दुलारे, तपेश्वर राय, हरिहर राम, हरेराम गिरी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद जी के नेतृत्व में लगातार खेत, खलिहान में काम करने वाले लोग राष्ट्रीय जनता दल के प्रति अपना विश्वास और समर्थन दे रहे हैं जिस कारण राजद को आज ताकत मिला हुआ है क्योंकि राजद की पहचान रही है गरीबों, शोषितों, वंचितों को हक और अधिकार देने तथा उनके साथ होने वाले जुल्म के खिलाफ खड़े होकर न्याय दिलाने की रही है। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं सरायरंजन के पूर्व प्रत्याशी श्री अरविन्द कुमार सहनी ने कहा कि बिहार में सरकार के स्तर से गरीबों के साथ न्याय नहीं हो रहा है जिस कारण लोग भाजपा और जदयू को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल के साथ जुड़ रहे हैं। और ये जुड़ाव लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने कहा कि 05 सितम्बर, 2024 को अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा विषय पर संगोष्ठी राजद कार्यालय में आयोजित की जायेगी जिसमें जगदेव बाबू बताये हुए रास्ते पर चलकर ही समाज में भाईचारा और न्याय का निर्माण हो सकता है। इस अवसर पर मिलन समारोह में प्रदेश प्रवक्ता मधु मंजरी, प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चन्द्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अपमान के 15 साल को कभी नहीं भूलेगा स्वाभिमानी अति पिछड़ा समाज : मंगल

### राजद की प्रताड़ना से परेशान अतिपिछडों का अब राजद से हो चुका है मोह भंग

- पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर है अतिपिछड़ों को भरोसा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि 1995 में लालू प्रसाद के पक्ष में बैलेट बॉक्स से निकलने वाला अतिपिछड़ों का जिन्न उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर 2005 के बाद पूरी तरह से एनडीए के पाले में आ गया। राजद-कांग्रेस के लोगों को 15 साल का मौका मिला तो अतिपिछड़ों को अपमानित व दलितों को नरसंहारों की भेंट चढ़ाने का काम किया। आज अतिपिछड़ों का भरोसा पूरी तरह से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के साथ है। श्री पाण्डेय ने पूछा है कि राजद बताएं कि अपने 15 वर्षों के राज में अतिपिछड़ों दलितों व महिलाओं को पंचायत चुनाव में आरक्षण क्यों नहीं दिया? एक ओर तो राजद-कांग्रेस ने 23 वर्षों तक पंचायत का चुनाव नहीं कराया, जब कराया तो इन वर्गों को आरक्षण से वंचित कर दिया। जब 2005 में एनडीए की सरकार बनी तो पंचायत चुनाव में एकल पदों पर मुखिया, प्रमुख,जिला परिषद अध्यक्षों व वार्ड सदस्यों के लिए अतिपिछड़ों को 20 फीसदी, दलितों को 17 और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया जिसके परिणामस्वरूप आज इन वर्गों से हजारों जनप्रतिनिधि चुन कर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नौकरियों में जो आरक्षण की व्यवस्था है, वह कपूर्री जी की उस सरकार की देन है जिसमें भाजपा भी शामिल थी। अति पिछड़ों की बेशुमार ताकत के बल पर ही लालू प्रसाद कभी जिन्न निकालने का दावा करते नहीं थकते थे, मगर चुनावी जीत के बाद उन्हें कभी उनके मान-सम्मान की सुध नहीं रही। राजद के दबंगों ने पूरे बिहार में अतिपिछड़ों के खिलाफ कोहराम मचाया और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल के राज में एक ओर जहां दलितों को गाजर-मूली की तरह काटा गया वहीं अति पिछड़ों को प्रताड़ित,अपमानित किया गया। उस दौर की प्रताड़ना और अपमान को स्वाभिमानी अति पिछड़ा समाज कभी नहीं भूलेगा। यह वहीं अतिपिछड़ा समाज है जिसे पंचफोरना कह कर गाली दी गई थी। राजद के काले दौर की यादें आज भी अतिपिछड़ा समाज में सिहरन पैदा करती है।

## एससी, एसटी व अल्पसंख्यकों से जुड़े मामले को लेकर लोजपा रा सजग : भारती

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालय श्री कृष्णापुरी पटना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के सांसद अरुण भारती ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान झारखंड की राजधानी रांची स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। उन्होंने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति महिलाओं अल्पसंख्यकों कमजोर वर्ग को और बिहार के लोगों के मुद्दों को उठाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है और हम लोगों को शपथ भी दिलाया है कि इस मामले में हम लोगों को सजग रहना है ऐसे मुद्दों को निरंतर उठाते रहना है। इसके अलावा कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक में कुछ प्रस्ताव पारित हुए। सुप्रीम कोर्ट का जो हाल में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल जो आया था क्योंकि मैं खुद वक्फ वोर्ड के लिए पार्टी की ओर से प्रतिनिधित्व समिति का मेंबर हूं हमारी पहली मीटिंग हुई थी और उसी मीटिंग में हम लोगों ने बड़ी ही मजबूती से मुस्लिम समाज की जो चिंताएं हैं जो उनकी आकांक्षाएं हैं जो उनके कुछ कंसर्न्स थे उसको हम लोगों ने जेपीसी में रखा है। जो पार्लियामेंट्री कमिटी में रखा है और हम लोगों ने यह भी कहा है कि जो भी संबंधित पक्ष हैं उनको बुलाया जाए उनसे बात की जाए। कहा कि पार्टी के भविष्य के लिए हम लोग विभिन्न राज्यों में अपनी पार्टी का दायरा जो है उसको बढ़ाने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं ऐसे में आने वाले चुनाव है अलग-अलग राज्यों में उसको लेकर के भी हम लोग इसमें अपनी भागीदारी रखना चाहते हैं और खास करके जो झारखंड राज्य है जहां हमारे संस्थापक रामविलास पासवान भी चाहते थे कि हमारी पार्टी की उपस्थिति हो इसलिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वहां के प्रदेश अध्यक्ष को यह अधिकार दे दिया गया है कि आप इस सुनिश्चित करें पार्टी झारखंड में जो चुनाव है गठबंधन के अंदर लड़ेगी या फिर गठबंधन के बाहर लड़ेगी। कहा कि जाति जनगणना के बारे में हमारी पार्टी का मानना है कि कांग्रेस पार्टी जो वह अनुसूचित जाति और जनजाति को सिर्फ इस्तेमाल करती है अगर इतना जनजातीय जनगणना के पक्षधर है तो फिर कांग्रेस शासित राज्यों में कितनी जगह हो पाई है। यूपीएस के मामले पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए श्री भारती ने कहा कि जब तक यूपीएस को और यूपीएससी ढंग से कंपेयर नहीं कर लूंगा मैं आपको जवाब देना बेमानी होगी और मुझे लगता है कि राहुल गांधी जी कास्ट सेंसेक्स इस बारे में जब वर्गीकरण की बात करते हैं आरक्षण में बहुत छोटे वर्ग की बात करते हैं उन्हें पूरे समाज की बात करनी चाहिए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि प्रेस संवाददाता सम्मेलन में पार्टी का प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, विभूति पासवान, मिथिलेश निषाद, मनोज पोद्दार मौजूद थे।

## कानून-व्यवस्था पर सरकार को नसीहत न दें राजद नेता : प्रभाकर

- बेटियों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता
- कुछ बोलने के पहले अपने गिरेबान में झांके राजद नेता

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर पलटवार करते हुए कहा कि राजद के नेता कानून-व्यवस्था पर नसीहत देना बंद करें। कानून व्यवस्था पर कुछ बोलना राजद नेताओं की बेशर्मी को प्रदर्शित करता है। श्री मिश्र ने सोमवार को कहा कि कितनी बार राजद नेताओं को पति-पत्नी के शासनकाल काल का आईना दिखाया गया। लेकिन, ये अपना चेहरा साफ करने की बजाय आईना साफ करने लगते हैं। अरे, पति-पत्नी का शासनकाल जैसा था, वैसा कहा जाता है। असल में इनकी फितरत ह्यचोर बोले जोर सेह्न जैसी है। ये लोग एनडीए के सुशासन पर अंगुली उठाकर राजद के जंगल राज पर पर्दा डालना चाहते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में कानून का राज है। अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जायेगा। बिहार की पुलिस और कानून व्यवस्था में इतना दम है कि किसी भी पीड़ित को त्वरित और उचित न्याय दिलवा सके। एनडीए सरकार में बिहार की पुलिस अपना काम करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। किसी तरह का उसपर राजनीतिक दबाव नहीं है। यहीं वजह है कि किसी वारदात के दो दिनों के भीतर तफ्तीश कर उसका खुलासा कर लिया जाता है और अपराधी पकड़े जाते हैं। राजद के जो नेता कानून व्यवस्था पर प्रवचन दे रहे हैं, वे बताएं कि उनपर कौन कौन से आरोप लगे हैं। राजद का काम अब सिर्फ भोले भाले लोगों को गुमराह करना और भड़काना रह गया है। अपनी गंदी फितरत से बाज आएं राजद के नेता। नहीं, तो राजद के लोग 2025 में किसी काम के लायक नहीं रह जाएंगे।

## बिहार को विकसित हुए बिना देश की प्रगति संभव नहीं : आरसीपी

पटना। पूर्व केन्द्रीय मंत्री वरीष्ठ भाजपा नेता रामचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार को विकसित हुए बिना देश की प्रगति नहीं हो सकती। इसलिए बिहार के लोगों को विकास करना होगा। श्री सिंह अपने प्रवास के दौरान मुजफ्फरपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है कि वह लोगों की खुशहाली के प्रयास करे। यहां रह रहे लोंगों के प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए काम करे। उन्होंले कहा कि किसी भी प्रदेश के विकास का मतलब होता है उस प्रदेश में रह लोगों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होना। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के 2014 के सूचकाक के अनुसार बिहार सहित कई प्रदेश विशेष राज्य के दर्जे के लिए तय मानदंड से बाहर है मगर केन्द्र सरकार के द्वारा दिये गये विशेष पैकेज से बिहार का विकास होगा और इससे रोजगार के अवसर विकसित होंगे। श्री सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि बिहार में सड़को का विकास हुआ है आवगमन के साधन में सुधार हुआ है। और 2005 की अपेक्षा कानून व्यवस्था की स्थिति में भी सुधार हुआ है। यहां पुलिस की काम करने की शैली बदली है अब यहां अपराध करने के बाद कोई बच नहीं उसे ससमय गिरफ्तार कर उससे सजा दिलायी जाती है। सरकार न किसी को बचाती है न हीं किसी को फंसाती है। एनडीए की सरकार में बिहार तेजी से विकास कर रहा है।

## गृहमंत्री अमित शाह से मिले रालोजपा अध्यक्ष पशुपति पारस



पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने सोमवार को बिहार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान के साथ नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि पशुपति कुमार पारस और अमित शाह के बीच आधे घंटे से ज्यादा चली मुलाकात में बिहार की राजनीति एवं अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के बाद पशुपति कुमार पारस ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन बहुत मजबूत है, अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से भी ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगी, उन्होंने कहा कि राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। बिहार में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का अहम हिस्सा है, केन्द्र के एनडीए सरकार के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उनकी पार्टी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।

## कांग्रेस पहले अपने शासित राज्यों में जाति गणना करके दिखाए : हिमराज

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में बयान जारी कर जाति आधारित गणना मामले को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जाति आधारित गणना पर बेतुकी बयानबाजी की बजाए कुछ ठोस करके दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश पर लंबे समय तक शासन किया लेकिन साल 1931 में हुई जाति आधारित गणना के बाद कभी भी देश में जाति आधारित गणना कराने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते जाति आधारित गणना का काम सफलतापूर्वक पूरा हो सका। उन्होंने कहा कि वहीं कांग्रेस इस मसले पर लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना पर बयानबाजी की बजाए कांग्रेस को पहले अपने शासित राज्यों में जाति आधारित गणना करानी चाहिए और उसकी रिपोर्ट को तय सीमा के अंदर सार्वजनिक करनी चाहिए तभी इस मामले पर बोलना चाहिए। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि महज वोट बैंक के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता इस मामले पर अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक में जाति आधारित गणना कराने के बाद भी आज तक उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई जबकि वहां कांग्रेस की ही सरकार है।

## डेंगू पर रोक के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर: डीएम

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रसार पर नियंत्रण हेतु की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर है। जिला प्रशासन द्वारा प्रावधानों के अनुरूप सभी तरह की निरोधात्मक तथा सतर्कतामूलक कार्रवाई की जा रही है। उपचार हेतु भी अस्पतालों में हर प्रकार का प्रबंध है। सिविल सर्जन, पटना, अनुमंडल पदाधिकारियों तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को विजिलेंट रहने हेतु निदेशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को पैनिक होने की कोई आवश्यकता नहीं हैं। प्रायः डेंगू का उपचार सामान्य विधि से होता है। इसके लिए पारासिटामोल सुरक्षित दवा है। मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या 10 हजार से कम होने अथवा रक्तश्राव के लक्षण दिखने पर ही विशेष परिस्थिति में प्लेटलेट्स चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। प्लेटलेट्स की व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में है तथा आवश्यकता होने पर रोगियों को उपलब्ध करायी जाएगी। जिलाधिकारी ने वर्षा के मौसम को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों को भी बड़े-बड़े अपार्टमेंट्स सहित सभी सोसायटीज में जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया है। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि डेंगू से बचाव हेतु जन-सहभागिता आवश्यक है। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं पंचायती राज प्रतिनिधियों की बैठक में नियमित कार्रवाई की जाए। आम जनता में डेंगू बुखार के बारे में जागरूकता अभियान के तहत आशा, एएनएम तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन करने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया के नियंत्रण हेतु सिविल सर्जन, पटना, अनुमंडल पदाधिकारियों तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार हर तरह का निरोधात्मक एवं सतर्कतामूलक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। मच्छरों की रोकथाम के लिए सभी नगर अंचलों में नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को फागिंग एवं एंटी लार्वा टेमीफॉस का छिड़काव करने का निदेश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टेक्निकल मैलाथियोन का छिड़काव कराने का निदेश दिया गया है। डेंगू नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसकी दूरभाष संख्या 0612-2249964 पर आम जनता द्वारा किसी भी सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

**डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्या**

1 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्याः 21

1 जुलाई, 2024 से 24 अगस्त, 2024 तक डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्याः 167

25 अगस्त, 2024 को डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्याः 16

26 अगस्त, 2024 को डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्याः 5

1 जनवरी, 2024 से 26 अगस्त, 2024 तक डेंगू के पॉजिटिव मामलों की संख्याः 209

## ग्रामीण विकास मंत्री ने यूपी में स्व सूर्यजीत सिंह के परिजनों से मिले

### परिजनों को ढांढस बंधाया तथा उनके चित्र पर किया माल्यार्पण

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री सह उत्तर प्रदेश के जदयू प्रभारी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में मिजार्पुर जिला के पटेल नगर (राजगढ़) निवासी स्वर्गीय सूर्यजीत सिंह उर्फ कुसुम पटेल के घर जाकर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा मृतक के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय सूर्यजीत सिंह उत्तर प्रदेश युवा जनता दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद पटेल के बड़े भाई थे। स्वर्गीय सूर्यजीत सिंह पटेल भी जदयू के समर्पित कार्यकर्ता तथा सच्चे सिपाही थे। कृषि उनका व्यवसाय था, लेकिन अपने व्यवसाय के साथ-साथ राजनीति में भी उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्वर्गीय सूर्यजीत सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद लाल चंद्र कोल, जदयू के वरिष्ठ नेता पारस नाथ सिंह, सुशील कश्यप, सुशील पटेल, संतोष पटेल, जे.पी. पटेल, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के सदानंद, सुशील सिंह, जयप्रकाश पटेल, नंदू जी, शारदा प्रधान के अलावा अन्य कई लोग शामिल थे। उत्तर प्रदेश युवा जदयू के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद पटेल ने मंत्री श्रवण कुमार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता के घर पर बिहार सरकार के प्रतिनिधि के रूप में आकर श्रद्धांजलि देना श्री नीतीश कुमार के विशाल हृदय एवं पार्टी में सभी कार्यकताओं को सम्मान देने की संस्कृति को दशार्ता है।

## मुजफ्फरपुर घटना को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं : राजद

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, आरजू खान सहित पीड़ित परिवार के माता-पिता के साथ संववाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर के पार्वती गर्ल्स हास्टल में हुए हृदयविदारक और रौंगटे खड़े देने वाली घटना के प्रति राज्य सरकार गंभीर नहीं है और स्थानीय प्रशासन इस मामले की लीपापोती करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और अपराध में लिप्त अपराधियों को बचाने के लिए हर तरह का हथकंडा अपना रही है। इस घटना में रसुखदार लोगों की संलिप्ता है जिस कारण स्थानीय स्तर पर प्रशासन की भूमिका अपराधियों को बचाने के दिशा में अधिक दिखती है। यह दुखद और जघन्य हत्याकांड मुजफ्फरपुर के बालिका गृहकांड की याद दिलाती है। श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि अत्यंत पिछड़ा और दलित की बेटी के साथ हुई घटना पर सत्तारूढ़ दल के नेता चुप्पी क्यों साधे हुए हैं? जहां बंगाल की घटना पर भाजपा और जदयू लगातार लोगों के बीच हाय-तौबा मचा रही है वहीं बिहार में हुई उसी तरह की घटना पर भाजपा और जदयू के नेता चुप्पी साध लिये हैं, आखिर क्या कारण है? इन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के प्रति राजद गंभीर है। पीड़ित परिवार को राष्ट्रीय जनता दल न्याय दिलाने के लिए इसकी सीबीआई या न्यायिक जांच कराये जाने की मांग करता है ताकि मामले को रफा-दफा नहीं किया जा सके। राज्य में हर रोज हत्या और बलात्कार की घटनाएं हो रही है और सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। राज्य में भय के वातावरण के कारण आमजन का जीना दुभर हो गया है और महिलाएं, बच्चियां अब घर, स्कूल और हॉस्टल में भी सुरक्षित नहीं हैं। सरकार का इकबाल पूरी तरह समाप्त हो गया है। संवाददाता सम्मेलन में मृतिका आयशा कुमारी के पिता और माता ने घटना की आपबीती सुनायी और कहा कि सारे साक्ष्य को मिटाने के लिए पुलिस ने जितनी सक्रियता दिखाई उससे स्पष्ट होता है कि अभियुक्त को बचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कहा कि इस तरह के मामले के बाद मेरा परिवार काफी डरा, सहमा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिस्टी के परिजनों से मिला भाकपा प्रतिनिधिमंडल

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुजफ्फरपुर शहर के रामबाग मुहल्ला निवासी मनोज कुमार की चार वर्षीय पुत्री मिस्टी की हत्या कर मृतका के शरीर को सूटकेस में बंद कर कूड़ा के ढेर पर फेंक देने की क्रुर घटना का जायजा लेने घटनास्थल का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने मृतका के परिजनों तथा पड़ोसियों से इस नृशंस घटना का तहकीकात किया तथा इस घटना को अंजाम देने में मृतका की मां काजल देवी, जो घटना के बाद से ही फरार है, की संलिप्तता प्रतीत होता है। प्रतिनिधिमंडल राज्य में बढ़ रहे हत्या, लूट, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं पर पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को जिम्मेदार मानती है। अपराधकर्मी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन अपराधकर्मियों पर नकेल कसने में असमर्थ दिख रही है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद सदस्य शंभू शरण ठाकुर, जिला परिषद सदस्य सुनील कुमार ठाकुर, नवल किशोर पाण्डेय, पप्पु कुमार, अविनाश साई शामिल थे।

### पुत्री की हत्या में पति ने पत्नी को बनाया आरोपी

मुजफ्फरपुर। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग शास्त्रीनगर मुहल्ले में मासूम बच्ची की गला रेतकर हत्या के बाद शव को लाल रंग के ट्राली बैग में बंद कर घर के निकट कचरे के ढेर पर फेंक दिये जाने वाले मामले में बच्ची के पिता मनोज कुमार ने अपनी पत्नी काजल पर ही अपनी - पुत्री की हत्या करने की आशंका जताते हुए मिठनपुरा थाने में एफआईआर कराई है। मनोज की बहन ङ्क मीना देवी ने बताया कि काजल के मिलने के बाद ही हत्या का राज खुलेगा।फिलहाल एफएसएल कि टीम ने जब मनोज और उसके साले राजन के कमरे में जांच कि तो घटनास्थल पर खून के निशान भी मिले है. टीम का मानना है कि बच्ची की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर शव को - सूटकेस में रखा गया है. सूटकेस पर से टीम ने फिंगर प्रिंट के भी निशान भी एकत्रित किये हैं। घटना के बाद से काजल का मोबाइल बंद है।,मीनापुर इलाके में कुछ जगहो पर वह ऑन हुआ है जिसके आधार पर पुलिस काजल की तलाश में जुटी है।

### बागमती की उपधारा में डूबने से बुजुर्ग की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के सुस्ता पंचायत के चक्की गांव में बागमती नदी की उपधारा में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का पहचान पीयर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी 71 वर्षीय भोला राय बताया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि भोला राय चक्की गांव में एक रिश्तेदार के घर आए हुए थे। सोमवार दोपहर में वे शौच के लिए बागमती नदी की उपधारा की ओर निकले थे। कुछ देर बाद मवेशी चरा रहे चरवाहों की नजर पानी में उपलाते कपड़ा पर पड़ा। जेब नजदीक जाकर देखा तो पानी में डूबे शव था। प्रभारी थाना अध्यक्ष रघुनाथ पासवान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। वहीं मृतक के परिजनों के द्वारा किसी प्रकार की लिखीत आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवदेन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### नहीं रही समाजसेविका मंजुला देवी

बेनीपुर(दरभंगा)(आससे)।बेनीपुर नवादा ग्राम वार्ड 18 निवासी समाजसेविका 67 वर्षीय मंजुला देवी का निधन देर शाम हो गई। उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत कुमार झा ने मुखाग्नि देकर हिन्दू रीती रिवाज से अंतिम संस्कार किया। स्वर्गीय देवी चर्चित समाजसेवी थी। समाज के लिए कई प्रशंसनीय कार्य की थी। उनके निधन पर सांसद गोपाल जी ठाकुर व बेनीपुर विधायक सह जदयू प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी सहित प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय आदि ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### कारतुस के साथ एक गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी थाना क्षेत्र के नामापुर खैरी गांव से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के नामजद आरोपी को पुलिस ने एक कारतुस के साथ गिरफ्तार करने का मामला प्रकाश में आया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागी पटी गांव के पवित्र राय का पुत्र नवीन कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायिक हिरासत समस्तीपुर भेजा गया।

# संस्कृत में रोजगार की है अपार संभावनाएं : डॉ शिवलोचन

## पचाढ़ी संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह एवं सम्भाषण प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा।राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष शिविर, संस्कृत सप्ताह समारोह एवं दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केएसडीएसयू, दरभंगा के प्रभारी कुलपति डॉ. शिवलोचन झा ने वैदिक वाङ्मय में संस्कृत भाषा के स्वरूप को चित्रण करते हुए संस्कृताध्ययन करने पर बल दिया। मुख्य वक्ता रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय दरभंगा के व्याकरण प्राध्यापक डॉ.रामसेवक झा ने कहा कि

संस्कृत एक समृद्ध और बहुआयामी भाषा है, जिसका ज्ञान विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है। आवश्यकता है त्याग, समर्पण एवं श्रद्धा से इस विषय का अध्ययन करने का। संस्कृत पढ़कर रोजगार की दृष्टि से शिक्षण एवं अकादमी क्षेत्र में, अनुवाद और भाषांतरण, योग और आयुर्वेद, आइटी एवं मशीन लर्निंग, संस्कृत पत्रकारिता एवं लेखन तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्थानों में अपार संभावनाएं हैं।विशिष्टातिथि डॉ.पवन कुमार झा ने वर्तमान समय में संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता को बताते हुए छात्रों को परस्पर संस्कृत में वातार्लाप करने का आह्वान किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी प्रधानाचार्य डा.दिनेश झा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सप्त दिवसीय विशेष शिविर का जीवन में उपयोगिता बताते हुए उत्तम स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षण वर्ग से प्राप्त ज्ञान को नियमित अभ्यास करते रहने को कहा।

कार्यक्रम की शुरूआत वेद प्राध्यापक डॉ.राजकिशोर मिश्र के वैदिक मंगलाचरण से हुई। मंचासीन

अतिथियों द्वारा सरस्वती के भाव चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा निवेदित की। अतिथि का स्वागतभाषण डॉ. निहार रंजन सिन्हा एवं स्वागत गान डॉ.पुष्पा कुमारी ने की। कार्यक्रम का संयोजन सह संचालन महाविद्यालय के व्याकरण प्राध्यापक डॉ.त्रिलोक झा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अनीता कुमारी ने की। कार्यक्रम को डॉ. संतोष कुमार पाठक, डॉ.प्रबोध नारायण ठाकुर सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दिव्या कुमारी,प्रभात कुमार, संदीप कुमार झा, केशव कुमार झा, अश्विनी कुमार ठाकुर, मनीष कुमार शर्मा, मुन्नु यादव, मगन कुमार झा, सत्यम पराशर, राजकुमार मंडल,लाल बाबू मंडल सहित दर्जनों छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रेमी के पाने के लिए मासूम बेटी की हत्यारिन मां गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बड़े बुजुर्ग कहा करते थे कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है पर माता कभी कुमाता नहीं हो सकती है। इस कहावत को गलत साबित कर दिया है मुजफ्फरपुर की एक हत्यारी मां ने, जिसने अपने अवैध प्यार कि खातिर अपनी तीन साल कि बच्ची कि हत्या कर शव को ट्रॉली बैग में पैक कर घर कि छत से पीछे फेक दिया और रामपुरहरि थाना क्षेत्र में रहने वाले अपने प्रेमी के पास चली गई।घटना शनिवार की है मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग इलाके में मोहल्लावासियों को एक बंद सूटकेस से बच्ची का शव बरामद हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही मिठनपुरा थाना कि पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करते हुए डेड बॉडी को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, जिसके बाद मृतक बच्ची की पहचान मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग जानकी बल्लभ शास्त्री मार्ग निवासी मनोज कुमार के तीन वर्षीय पुत्री मिस्टी के रुप में हुई थी। वहीं पुलिस के जांच में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई थी की बच्ची की हत्या के बाद से ही मां घर से फरार थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस स्पेशल टीम बनाकर लगातार मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। टेक्नीकल सर्विलांस से यह पता चला कि मृतका के मां का मोबाइल रामपुरहरी इलाके में बंद हुआ था। छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी मां को पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिले के रामपुरहरि थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।पूरे मामले का ही खुलासा करते हुए मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि बीते दिनों मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में एक बंद सूटकेस के अंदर से एक मासूम बच्ची का शव बरामद किया गया था। मामले में पुलिस मौके पर पहुंच जांच के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। लेकीन घटना के बाद से ही मृतक बच्ची की मां अपने घर से फरार पाई गई थी जिसके बाद पुलिस टीम लगातार मामले में अनुसंधान कर आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। इस दौरान मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र से मृतक बच्ची कि मां काजल को उसके प्रेमी के बहनोई के घर से गिरफ्तार किया गया है। वही गिरफ्तार आरोपी मां ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसे फेसबुक के जरिए एक युवक से प्यार हुआ लेकिन उसका प्रेमी उसकि बच्ची को अपनाने को तैयार नहीं था।इसके बाद काजल ने अपने प्यार को हर हाल में पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार थी। इस बात को लेकर जब वह अपने प्यार को दूर होता देखा तो उसने अपनी बच्ची को ही मिटाने का फैसला कर लिया।शुक्रवार को पति के दुकान जाने के बाद उसने घटना को अंजाम दिया। संयोगवश घर के नीचे रहने वाले किराएदार डॉक्टर से दिखाने के लिए चले गए थे और पूरा घर खाली था। काजल ने इस मौके का फायदा उठाते हुए मिस्टी की सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी और फिर अपने ही घर में रखे गए सूटकेस में उस बच्ची के डेड बॉडी को डालकर और घर के बगल में फेंक दिया।फिर घर से जेवर, कैश और आधार कार्ड लेकर प्रेमी के पास फरार हो गई। फरार काजल के मोबाइल को पुलिस ट्रेस कर रही थी उसका लास्ट कॉल लोकेशन रामपुरहरि थाना क्षेत्र बता रहा था।पुलिस लगातार रामपुर हरि थाना क्षेत्र में काजल के सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने भी काजल को घटना के महज 48 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर अब पूरे मामले का सफलतापूर्वक उद्वेदन कर दिया है।लेकिन इन तमाम बातों के बीच सबसे बड़ी बात यह सामने आती है कि मां और बच्चे के पवित्र रिश्ते को इस कलयुगी मां ने दागदार कर दिया है। अपने हंसते खेलते पारिवारिक जीवन को अवैध संबंध और छनिक दैहिक सुख के लिए काजल ने खुद ही अपने हाथों से बर्बाद कर दिया। अपनी बच्ची की निर्मम हत्या की, अपने पति को धोखा दिया और अकेला छोड़ दिया वही प्रेमी को भी धोखे में रख इस बात कि जानकारी नही दि कि उसने अपनी बच्ची कि हत्या कर उसके पास आई है।आखिर यह सब करने के बाद काजल को मिला क्या!

# केला अनुसंधान केन्द्र, गोरौल ने किया 60 सुधारित किस्मों के जीन को संरक्षित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, के तत्वावधान में केला अनुसंधान केंद्र (बीआरसी), गोरौल ने केला खेती और किसान सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र के समर्पित प्रयासों ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बीआरसी, गोरौल ने 60 सुधारित केला किस्मों के जीन बैंक को सफलतापूर्वक संरक्षित किया है, जिससे भविष्य के अनुसंधान और विकास के लिए जेनेटिक विविधता की रक्षा हुई है। इसके अलावा, केंद्र ने 2022-23 में बिहार और अन्य राज्यों के किसानों को जी-9 किस्म के 3.5 लाख टिशू कल्चर प्लांट्स की आपूर्ति की है, जिससे उच्च उपज और रोग प्रतिरोधी किस्मों को अपनाने को बढ़ावा मिला है।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पांडे ने कहा कि केंद्र ने केला के पौधे ,टिशू कल्चर प्लांट्स और अन्य सामग्रियों की बिक्री से 5,11,041.00 रुपये का राजस्व उत्पन्न किया है, जो इसकी स्थिरता और स्व-निर्भरता की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। बीआरसी, गोरौल ने वैशाली, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और शिवहर जिलों के किसानों के बीच वैज्ञानिक केला खेती प्रथाओं को प्रशिक्षित और प्रदर्शित किया है, जिससे उन्हें उत्पादकता और आय में सुधार करने के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान किया गया है।एक महत्वपूर्ण कदम में, बीआरसी, गोरौल ने बिहार की केला किस्मों की अद्वितीय पहचान की रक्षा और प्रोत्साहन के लिए एक भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग के लिए आवेदन किया है। यह पहल बिहार के किसानों के बीच स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देगी और क्षेत्र के जेनेटिक संसाधनों की रक्षा करेगी।अनुसंधान निदेशक डॉ. ए. के. सिंह ने कहा कि भूमि उपयोग को अनुकूलित करने के लिए, बीआरसी, गोरौल ने कोलोकेशिया, हाथी पैर यम और हल्दी के साथ केला की अंतरफसली खेती पर प्रयोग किया है।

# सिमरी में मनीष व वाजितपुर में मुकेश ने थानाध्यक्ष पद पर किया योगदान

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा/मनीगाछी(दरभंगा)। अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी से प्राप्त आदेश पर पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार टू ने सिमरी थानाध्यक्ष पद पर सोमवार को योगदान दिया है।मौके पर दारोगा पंकज रजक, ज्योति कुमारी,अमन कुमार सुधांशू, सहायक दारोगा मेंहदी हुसैन, अनिल तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशुनदेव दास व युवा मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह, महामंत्री किशन गुप्ता ने पाग चादर से सम्मानित कर स्वागत किया। मौके पर अपने अधिनस्थ पदाधिकारियों व स्थानीय चौकीदारों से सभी पंचायत व इलाके का फीडबैक लेकर प्रशासनिक चौकसी का निर्देश दिया है।क्षेत्र भ्रमण के दौरान दरभंगा मुजफ्फरपुर फोरलेन पर ट्रैफिक व्यवस्था के साथ के हाल के दिनों में अपराधिक घटनाओं की जानकारी ली है। विधि व्यवस्था व अपराधिक घटना को नियंत्रण कर क्षेत्र में सामाजिक सदभाव कायम रखना नव थानाध्यक्ष की पहली प्राथमिकता होगी।कृष्णाष्टमी पर्व को लेकर विशेष सतर्कता के साथ जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी ली।मुकेश कुमार ने किया बाजितपुर थानाध्यक्ष के रूप में योगदान। वही मनीगाछी(आससे) के अनुसार बाजितपुर थानाध्यक्ष के रूप में सोमवार को मुकेश कुमार ने अपना योगदान दे दिया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा निवर्तमान थानाध्यक्ष मनीष कुमार का स्थानांतरण सिमरी तथा मुकेश कुमार का पदस्थापन बाजितपुर थाना में किया गया है। योगदान के उपरांत मुकेश कुमार ने चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करने को प्राथमिकता देने की बात बतलाई है।

# लनामिवि के एनएसएस की ऑनलाइन हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी चार जिलों के पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई। सोमवार को आयोजित इस बैठक में गत माह में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्य-योजनाओं पर विचार किया गया। बैठक में आगामी महीनों में एनएसएस के कार्यक्रमों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, फलेरिया, कैंसर, नशा और रक्तदान जागरूकता तथा वृक्षारोपण एवं शिक्षादान पर प्रमुखता से कार्य किए जाने को लेकर सहमति बनी। वर्तमान सत्र में प्रत्येक इकाई में कुल सौ स्वयंसेवकों के नामांकन को सुनिश्चित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही कुलपति के आदेश पर एनएसएस पदाधिकारी नियुक्त किए जाने तथा कोलकाता, नरेंद्रपुर स्थित रामकृष्ण आश्रम में आवासीय प्रशिक्षण देने के साथ सशक्त स्वयं सेवक के रूप में विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई को और बेहतर बनाये जाने हेतु अपेक्षित कार्य पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। डॉ चौरसिया से मिली जानकारी के अनुसार महाविद्यालयों में प्रत्येक माह समीक्षा एवं कार्य-योजना बैठक के अलावा इकाई स्तर पर सलाहकार समिति का गठन करने और वर्ष में दो बार बैठक किए जाने पर चर्चा की गई। वर्ष 2024 के अंत तक गोद लिए गए गांव अथवा मोहल्ले में पचास स्वयंसेवकों के विशेष शिविर आयोजित करने पर भी विशेष बल दिया जाएगा। इस बैठक में डॉ सत्येंद्र कुमार झा, डॉ सुबोध चंद्र यादव, कुमार नरेंद्र नीरज, डॉ अविनाश कुमार, विपिन कुमार राम, डॉ विक्रम कुमार, डॉ संतोष कुमार की उपस्थिति रही वहीं ऑनलाइन मोड में डॉ सहर अफरोज, डॉ रविंद्र कुमार मुरारी, रामागर प्रसाद, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ लक्ष्मण यादव, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ सोनी शर्मा आदि उपस्थित थे। अंत में एनएसएस कार्यालय के सहायक अमित कुमार झा ने सभी उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भूमि सर्वे को लेकर अमीन प्रतिनियुक्ति कर किया गया मौजा आवंटित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत भूमि सर्वे की दृष्टिकोण से रैयतों की समस्या के निदान के लिए बंदोबस्त पदाधिकारी एवं अमीन को प्रतिनियुक्त कर मौजा आवंटित किया गया है। जिसमें बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में कृष्ण कुमार,कानूनगो राहुल कुमार, लिपिक सोनू कुमार, तथा अमीन अंबेडकर को केराई पंचायत के मौजा केराई-44, चोरा टभका पंचायत के मौजा चोरा टभका-25, चांद सुरारी-26, मुस्तफापुर पंचायत के मौजा मुस्तफापुर भाथ-39, अजरकवे मुस्तफापुर-40, आदित्य कृष्ण को देशरी कर्रख पंचायत के मौजा बसंतपुर कर्रख 16,शाहजहानपुर 17, पतैलिया पंचायत के मौजा पतैलिया 15,साखमोहन पंचायत के मौजा साखमोहन 18, प्रदीप कुमार को महती उत्तर एवं दक्षिण पंचायत के मौजा महती 9, मिलन कुमार मंगलम को भूसवर पंचायत के मौजा भूसवर 13, शाहपुर 14, विभूतिपुर पूरब एवं विभूतिपुर उत्तर पंचायत के मौजा बिभूतिपुर-10, चकहवीब पंचायत के मौजा चकहवीब 41, शाहपुर परोही 45, चकहोजा 46, आनंद मोहन को वाजितपुर बम्बैया, बेलसंडी तारा, भरपुरा पटपारा पंचायत के मौजा वाजितपुर बम्बैया 07, बेलसंडी तारा 03, पटपारा 01, भरपुरा 02, दीप लाल ठाकुर अमीन को खास टभका दक्षिण एवं उत्तर पंचायत के मौजा खास टभका 31, पुरुषोत्तमपुर-32,बलहा-33, खम्हार -34, राघोपुर -23, बरियारपुर-24, पवन कुमार को आलमपुर कोदरिया सिंघिया बुजुर्ग उत्तर एवं दक्षिण पंचायत के मौजा महथी आलमपुर 09, कोदरिया 05, सिंघिया 04, सरवन कुमार को कल्याणपुर उत्तर, महम्मदपुर सकड़ा, टभका पंचायत के मौजा कल्याणपुर बम्बैया 08, महमदपुर सकड़ा 28,अजनौल 38, किशनपुर भटका 29,पछियारी टभका 30, सुग्रीव कुमार को बोरिया, नरहन, गंगौली मंदा, सुरौली पंचायत के मौजा बोरिया-11,नरहन-12,मंदा-19, गंगौली -20,सुरौली-21, दामोदरपुर -22, इशांत कुमार को महिषी एवं बाजितपुर बम्बैया पंचायत के मौजा महिषी-42, रुपौली खुर्द -43, बेलसंडी डीह -06 तथा पवन कुमार को कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के मौजा समर्था-27 आवंटित किया गया है।

# कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकली भव्य कलश यात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस अवसर पर जिले भर के विभिन्न स्थानो पर यात्रा आयोजित हुआ इसमे बड़ी संख्या मे महिलाएं और लड़किया शामिल भी हुआ बताया जाता है कि यात्रा का आयोजन धार्मिक आस्था और श्रद्धा से भरपूर था सुख समृद्धि की कामना की गई है।कलश यात्रा में महिलाए और लड़किया सिर पर कलश रखकर जल भरने के लिए निकली यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानो पर धार्मिक गीत और भजन की गूंज सुनाई देते रहे। महिलाएं और लड़किया पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश लेकर निकली यात्रा में एमएलए प्रत्याशी मनोज झा भी पहुंचे कलश यात्रा के खत्म होने के बाद जल को पूजा स्थल पर ले जाकर विशेष पूजा अर्चना भी किया जाता है। भगवान कृष्ण की आराधना के साथ साथ भक्तो की सुख समृद्धि की प्रार्थना की या जाता है।

# डीसीएस में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा सेंट्रल स्कूल, कृष्णा विहार, वासुदेवपुर में जन्माष्टमी के पूर्व दिवस पर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ए के कश्यप ने कहा कि-भगवान श्री कृष्ण अखिल ब्रह्मांड के स्वामी हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही पूरे ब्रह्मांड का संचालन होता है। उन्होंने अवतार लेकर सभी जीव जंतुओं के साथ प्रेम एवं सद्भावना से रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक राज ऋषि आचार्य सुदर्शन जी महाराज एवं प्रबंधकीय न्यासी डॉ कुमार अरुणोदय ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर भी के झा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण 16 कलाओं से युक्त होकर मानव को यह सीख दे रहे हैं कि हमें भी अपने सद्गुणों का विकास करना चाहिए। इस अवसर पर शैलेंद्र नाथ झा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर हैं। उन्होंने श्रीमद् भगवत गीता में कर्म ,योग, भक्ति एवं ज्ञान का संदेश देकर मानवों का पथ प्रदर्शन किए हैं। इस कार्यक्रम में भक्ति- संगीत, भाव नृत्य एवं राधा कृष्ण की युगल झांकी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें आराध्या कुमारी, अनुभवी कुमारी, आदर्श कुमार, वंशिका कुमारी, अदिति ,उमाकांत, शांभवी, सोनाक्षी, राजलक्ष्मी ,आर्या, आयुष, आद्या कृष्णा, अर्पिता आयुषी आदि ने अपनी भक्ति भावना निवेदित की। इस कार्यक्रम में श्रद्धा कश्यप, सपना सुमन, मधु आदि की सहभागिता रही।कार्यक्रम का संचालन-अल्फिया अकील एवं धन्यवाद ज्ञापन नीलम झा ने किया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिर सज-धज कर तैयार, आधी रात को होगा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)।प्रखंड क्षेत्र के नेहरा, जगदीशपुर, राघोपुर, कायस्थ कबई, राजे,बघांत, टटुआर सहित अन्य गांवों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।लीलावतार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर प्रखंड क्षेत्र के माउंबेहट गांव में विगत दश दशकों से हो रही पूजा अर्चना के लिए मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बताया जाता है कि मनोकामना सिद्धि के लिए प्रसिद्ध इस मंदिर में विशेष पूजा अर्चना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के सभी वर्गों की लंबी कतार लगी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत दश दशक पूर्व शुरू किए गए इस पूजा के लिए स्थानीय लोगों द्वारा ही मूर्तियां बनाई जाती थीं और श्रद्धा पूर्वक भगवान की पूजा की जाती थी। श्रद्धा पूर्वक शुरू की गई इस विशेष पूजा अर्चना के बाद लगातार पूरी हो रही मनोकामना को लेकर यह मंदिर विशेष श्रद्धा का केंद्र बन गया। मंदिर में हो रही विशेष पूजा में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम,देवकी, यशोदा मैया,नंद बाबा के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के समय ही अवतरित होने वाली माया स्वरूपा मां जगदम्बा की पूजा विशेष विधि विधान के साथ की जाती है। इसके लिए सारी व्यवस्था श्रीकृष्ण पूजा समिति की ओर की जाती है।इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मैथिली की प्रसिद्ध गायिका जूली झा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# ट्रक की चपेट में आने से जे एन कॉलेज की कर्मी की हुई मृत्यु

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी फुलपरास थाना अंतर्गत ठ्ल-57 पर बीते रविवार के दिन अनियंत्रित वाहन की ठोकर से दु लोगो की मौत हो चुकी है ठ्लझ57 होने के कारण वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर भाग गया। जो कि पुलिस के हाथ नहीं आया उसी प्रकार की मामला फुलपरास थाना अंतर्गत ठ्ल-57 खोपा और गाढ़ा के बीच अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचलते हुए भाग निकला। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए लेकिन स्थानीय लोगो के सहयोग से एंबुलेस के माध्यम से फुलपरास के एक नजदीकी अस्पताल ले मे भर्ती कराया गया। फुलपरास के चिकित्सक ने उपचार के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। जहां अस्पताल पहुंचाते हुए डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक का पहचान नगर थाना क्षेत्र के महादेव मंदिर निवासी स्वर्गीय प्रोफेसर दयानंद मिश्रा का पुत्र 55 वर्षीय पंकज मिश्रा के रूप में हुआ है। मृतक पंकज मिश्रा ठ्ल-57 में किरानी थे। मृतक के परिजन ने बताया कि मृतक पंकज मिश्रा फुलपरास होते हुए अपने रिश्तेदार के पास मिलने गांव जा रहे था। फुलपरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाढ़ा चौक के पास ट्रक ने पीछे से ठोक दिया वही ट्रक चालक के विरुद्ध परिजन एवं स्थानीय लोगो में आक्रोश व्याप्त किए हैं।

# नदी में डूबने से दो बच्ची की हुई मौत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखंड क्षेत्र के बरही पंचायत के बीन टोली और बासोपट्टी थाना क्षेत्र के घोड़बंकी गांव के सीमा पर स्थित बछराजा नदी में को डूबने से दो बच्ची की मौत हो गई। दोनों बच्ची की पहचान काजल कुमारी उम्र करीब 16 वर्ष व रूबी कुमारी 14 वर्ष करीब के रूप में किया गया है।जानकारी के अनुसार दोनो बच्ची नदी किनारे घास काटने गई थी।उसी दौरान दोनों बच्ची नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे पर जाने के लिए नदी में छलांग लगाया।उसी दौरान दोनों डूब गई। को लाश को काफी खोजबीन ग्रामीणों के द्वारा किया गया।परंतु लाश नहीं मिल पाई।सोमवार को ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों लाश की खोजबीन कर लिया।घटना को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। बैरा पंचायत के मुखिया ब्रजकिशोर यादव व बरही पंचायत के मुखिया जामुन चौधरी ने पहुंचकर परिवार के लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।साथ ही सरकार के द्वारा मिलने वाले आर्थिक मदद को लेकर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# महादलित बस्ती में गड्ढे में तब्दील हुआ सड़क

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत विभूतिपुर शिव मंदिर के निकट वार्ड 11 महादलित बस्ती में कई जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। हल्की सी बारिश में जल जमाव हो जाता है। जिससे राहगीर सहित छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जर्जर सड़क और जानलेवा गड्ढा में भरे पानी बड़े हादसे का आमंत्रण दे रहा है। वैसे गड्ढे में पानी भरे रहने से राहगीरों को गहराई का पता नहीं चलता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यह समस्या सिर्फ एक पंचायत का ही नहीं बल्कि यह मुख्य सड़क तीन पंचायत को जोड़ता है जिसमें भूसवर, पतैलिया,साखमोहन पंचायत के लोगों का आने-जाने का मुख्य रास्ता है। सड़क की समस्या को लेकर स्थानीय वार्ड सदस्य अंजू सिंह, राहुल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता शेखर प्रसाद सिंह अविलंब इस सड़क की मरम्मती करवाने का मांग जनप्रतिनिधि व विभागीय पदाधिकारी से किया है।

# 29 अगस्त की प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर सीपीआईएम का जीबी मीटिंग संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी +मार्क्सवादी) शाखा महथी, सलखन्नी, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण, बेलसंडी तारा, बम्बैया, कल्याणपुर, चकहवीब विभिन्न पंचायत का जीबी मीटिंग क्रमशः शिवाजी महतो, राम ज्ञानथ महतो, साधु महतो और विद्यानंद विद्यार्थी की अध्यक्षता तथा राज्य कमेटी सदस्य सह स्थानीय विधायक अजय कुमार की उपस्थिति में सोमवार को बैठक संपन्न हुई। मीटिंग में सीपीआई (एम) के राष्ट्रव्यापी अगस्त अभियान के तहत बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 29 अगस्त को 12:00 बजे दिन से प्रखंड कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी भूमिहीनों को पांच डिसीमल जमीन मुहैया करने, एससी-एसटी और ओबीसी के बढ़े आरक्षण के लिए संविधान के नवमी अनुसूची में शामिल करने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट मीटर नहीं लगाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपया से बढ़ाकर 2000 करने, अपराध पर रोक लगाने जैसी मुद्दा पर उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया। साथ ही आयोजित विशाल प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय किया।बैठक को अंचल मंत्री श्याम किशोर कमल, सिया प्रसाद यादव, राम ज्ञान महतो, विनोद कुमार, राजेश कुमार, मनोज साहनी, शंकर साहनी, शशिकांत झा आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लखपति जीविका दीदी को पीएम ने किया सम्मानित

सदर मुंगेर । रविवार को पूरे भारत में 1 वर्ष में स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदी द्वारा एक लाख रुपए अर्जित करने वाले समूह की जीविका दीदी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के एक कार्यक्रम उपस्थित होकर पूरे भारत की सभी लखपति दीदी को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए सम्मानित किए। इसी के तहत मुंगेर जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर डीपीएम गुरुदेव द्वारा 10 लखपति दीदी को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा उन्होंने काहे की यह सभी जीविका की दीदी आज अपने मेहनत से इस मुकाम पर पहुंची है। इस तरह से सभी लोग मेहनत कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। इसके साथ 9 संकुल स्तरीय संघ द्वारा लखपति दीदी को संकुल स्तरीय पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में जिला सतत जीविकोपार्जन नोडल अजय कुमार सिंह मानव संसाधन रंजीत कुमार सिन्हा ,वित्त प्रबंधक संजीव कुमार सिन्हा सुशील कुमार पासवान, विकास कुमार एवं प्रशांत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### महिला के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों के द्वारा घर में घुसकर महिला के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने तथा मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल हुई महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा महिला का इलाज किया गया। महिला ने बताया कि मेरा पति घर पर नही था और मै अकेली थी कि तभी गांव के सलेंद्र साव, रोहित साव, राजेश साव सहित कुल पांच लोग जबरन मेरे घर में घुसकर मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा जब मना किया तो वे लोग मेरे साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद मै किसी तरह उनलोगों के चंगुल से बचकर घर से भागी और थाना में पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी दी जिसके बाद मुझे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# संग्रामपुर के सड़को पर बारिश के जल जमाव, राहगीरों को होती है परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर के लगभग सभी वार्डों के सड़कों पर जगह-जगह बारिश की पानी के जल जमाव से इन दिनों राहगीरों को परेशानी हो रही है। कहीं नाली के साफ-सफाई के अभाव में नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से छोटे बड़े वाहन के साथ-साथ पैदल चलना लोगों को दुश्वार हो गया है। तो कहीं नाली के निर्माण नहीं होने के कारण घरों एवं गलियों से निकलने वाले पानी सड़क पर इकट्ठा हो जाने से महीनों तक जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 स्थित सड़क पर हल्की बारिश होने पर भी जल जमाव के स्थिति उत्पन्न हो गई है। जहां सड़क पर इकट्ठा बारिश की पानी से महीनों तक जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को इसे पार कर जाना मजबूरी बन गई है। आए दिन सड़क पर बने गड्ढे में इकट्ठा बारिश की पानी से लोग चोटिल हो रहे हैं। परंतु नगर पंचायत प्रशासन इन सभी बातों से अनजान होकर विकास के नाम पर सिर्फ साफ सफाई में ही पिछले दो वर्षों से नगर पंचायत वासियों को उलझा कर रखा है। स्थानीय ग्रामीण राकेश कुमार पीयूष कुमार सुनील सिंह आदि ने कहा कि स्कूल जाने वाले इस मुख्य सड़क पर बरसात के दिनों मे महीनों तक सड़क पर पानी जमा रहता है इससे जहां लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है वही बरसाती पानी इकट्ठा होने से बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। विदित हो कि नगर पंचायत संग्रामपुर के लगभग सभी सड़क की स्थिति दयनीय है।लंबे समय से सड़क की मरम्मती एवं नाले के निर्माण सहित नल का जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण सड़क पर ही बरसाती पानी जमा रहता है। विकास के नाम पर नगर पंचायत संग्रामपुर में गठन के लगभग 2 साल बीत जाने के बाद कोई भी कार्य नहीं हुआ है। वार्ड संख्या 8 के वार्ड पार्षद दिवाकर सिंह ने कहा कि वार्ड में सड़क नाला पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।विकास के नाम पर नगर पंचायत में अभी कोई चर्चा नहीं की गई है। कई बार हम सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने वार्ड के लिए योजना का नाम लिखकर लिया गया है लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं हुआ है।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हांथी घोड़ा पालकी

## धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई प्रखंड के राधाकृष्ण मंदिर एवं ठाकुरबड़ियों में बड़े ही हर्सोल्लास के साथ सोमवार देर रात को कृष्णजमाष्टमी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान प्रखंड के तीनघारा, लीलुडीह, पेटरपहरी, कियाजोरी, सतशाला, खासचकाई, गोला, चकाई बाजार, माधोपुर आदि ठाकुरबड़ियों में पुरातन काल से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में बांके बिहारी के दर्शन करने सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा-अर्चना की। देर रात कृष्ण जन्मोत्सव के बाद नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हांथी घोड़ा पालकी की भजन से भक्तों ने झूम उठे। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव की जमकर खुशियां मनाई गईं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने मध्य रात्री तक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कीर्तन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्री कृष्ण के जन्म के साथ ही भक्तों ने भगवान के बाल रूप के दर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना व आरती कर भगवान के दर्शन किया।इसके पूर्व कीर्तन मंडली के द्वारा देर रात्रि तक भगवान का भजन गायन किया गया. श्री कृष्ण के जन्म के साथ ही आरती पश्चात भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि लीलुडीह ठाकुरबाड़ी का अपनी एक अलग महत्व रखता है जहां लोग दूर-दूर से भगवान के दर्शन के लिए आते हैं. इस अवसर पर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कृष्ण की मनमोहक प्रतिमाएं भी स्थापित की गई है,जिनकी पूजा अर्चना की गई।

# मनाई गई पूर्व सांसद पूर्व मुख्यमंत्री बिन्देश्वरी प्रसाद की 106 वीं जयंती



प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर । रविवार को नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के अम्बेडकर नगर सामुदायिक भवन नौवागढ़ी मुंगेर में बिहार फुले अम्बेडकर युवा मंच के बैनर तले मंडल कमीशन के अध्यक्ष, पुर्व सांसद, मुख्यमंत्री मान्यवर बिन्देश्वरी प्रसाद मण्डल का 106 वां जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार दास ने कहा कि आज भारत में ओबीसी का आरक्षण जो लागू हुआ हमारे पोरोधा मंडल जी का ही लड़ाई का देन है आज ओबीसी आरक्षण ले रहे हैं इसे भूलना नहीं चाहिए। अशोक रजक जी बताया कि बहुजन की हक अधिकार की लिए जीवन भर लड़ाई लड़ी । अमन रंजन यादव ने कहा कि ओबीसी समाज को अभी और संघर्ष करना होगा एवं अपना अधिकार लड़ कर लेना होगा। इस मौके पर उपस्थित लोग अशोक रजक, शंकर दास, पवन दास, विकास दास, निरंजन पासवान, अवधेश पासवान, पंकज दास, शुभम पासवान, श्रवण पासवान,इंजीनियर प्रमोद दास,अजित दास,उदय दास, मणि कुमार बौद्ध, रघुनंदन दास, सुमित कुमार,पीयूष कुमार,पंकज प्रीतम उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई० अलीगंजः- प्रखंड के कई स्कूलों में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया। पर्व को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं विवेकानंद विद्यापिठ कॉन्सेप्ट स्कूल में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जूनियर व सीनियर विग के सभी बच्चों ने हिस्सा लेते हुए अपनी मनमोहक झांकियों से सभी को प्रेम भावना का संदेश दिया। झूला-झूलाकर भगवान के बालरूप के दर्शन किए। इसके बाद उनके जीवन आदर्शों से जुड़ी अनेक कथाओं, प्रसंगों को गीत, भजन, नाटक, नृत्य तथा दही हांडी को सभी के सम्मुख प्रस्तुत कर प्रभु की लीला का दृश्य उजागर किया। स्कूल के छोटे से लेकर सभी बड़े बच्चों ने बढ़-चढ़ कर, उत्साह पूर्वक भाग लिया। कई बच्चों ने अपने सुन्दर शब्दों से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं छात्राओं ने गीता सार बताकर उनके बताए गए अच्छे कर्मों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने रासलीला और अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। अंत में कक्षा षष्ठी के विद्यार्थियों ने अपना पुरेजोश,खुशी और उल्लास के साथ मटकी फोड़ कर उत्सव को चरम सीमा पर पहुंचाया। सारा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों सहित उपस्थित निदेशक प्राचार्या सहित शिक्षक ने सभी बच्चों को जन्माष्टमी की शुभ कामनाएं दी। मौके पर डायरेक्टर -कृष्णानंद प्रसाद प्रिंसिपल -अभय मोहित , शिक्षक- धर्मेंद्र कुमार चौधरी,सदानंद कुमार,कामदेव कुमार,अमित कुमार संगीता कुमारी रितिका कुमारी मधुरिमा कुमारी बबली कुमारी सोनम कुमारी पूनम कुमारी। सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे वहीं नमन विद्या पब्लिक स्कूल अलीगंज में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सभी बच्चे राधा कृष्ण की पारंपरिक वेश भूषा में तैयार होकर आए। सभी बच्चों ने जन्माष्टमी संबधित कार्यक्रम आयोजित किए। लड्डू गोपाल को माखन मिश्री का भोग लगाया दही हांडी का उत्सव मनाया गया। राधा कृष्ण के भजनों पर नृत्य किया। नन्हें मुन्ने कलाकारों ने राधा कृष्ण की रास का डांस करके समा बांध दिया। मनमोहक भगवान श्री कृष्ण के परिधान में व राधा के परिधान में नाटक पेश किया। मटकी तोड़ कार्यक्रम पेश किया गया। प्रधानाचार्य अर्चना कुमारी, डायरेक्टर वेदप्रकाश सहित अन्य शिक्षक ने बच्चों को श्री कृष्ण के उपदेशों को जीवन में उतारने का संदेश दिया।डायरेक्टर-वेद प्रकाश प्रिंसिपल-अर्चना कुमारी वाईस प्रिंसिपल-अर्चना मुर्मू टीचर-पवन कुमार,जितेंद्र कुमार,समीर ,रौशन मुर्मू,रोहन गर्ग,स्नेहा राई,ऋतु कुमारी, अमन कुमार,नेहा कुमारी,उपस्थित थे

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बाजारों में दिन भर लगी रही भीड़




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी नगर पंचायत सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जोर शोर से की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं ठाकुरबारी में श्री कृष्ण बाल रूप का आकर्षक प्रदर्शनी लगाया गया है। सोमवार की सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। जन्माष्टमी को लेकर खासकर बच्चों युवक युवतियों एवं महिलाओं में काफी उत्साह देखी जा रहीं हैं। प्रखंड के चंदनिया, झिकुली , संग्रामपुर आदि गांव स्थित ठाकुरबाड़ी को रंग बिरंगी विद्युत लाइटों से सजाया गया है। साथ ही भगवान कृष्ण की मूर्तियां स्थापित कर भगवान के जीवन की विविध लीलाओं का चित्रण करती हुई सुंदर झाकियां भी सजाई गईं हैं। सोमवार के संध्या से भजन कीर्तन के साथ संगीतमय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर सुबह से ही संग्रामपुर बाजार में पूजन और सजावट की सामाग्री खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ जुटी रहीं। इसके साथ ही फल और फूलों की दुकानों पर भी देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान के वस्त्र, मोर पंख, बांसुरी, मटका और श्रृंगार के समान की जमकर खरीददारी की।

# श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी पर पर्यावरण भारती द्वारा वृक्षारोपण




प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : भगवान श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी के शुभ अवसर पर सोमवार को पर्यावरण भारती द्वारा फलदार वृक्ष आँवला , आम तथा औषधीय पौधे पथरचूर एवं पथरचट्टा , लेमन ग्रास ओर फूलों के 16 पौधों का वृक्षारोपण किया गया । पर्यावरण संरक्षण हेतु भारत के महामानव तथा देव मानव के जन्म दिवस पर पर्यावरण भारती द्वारा 2008 से ही वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है । भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्म दिवस पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीणा सिंह ने पूजनीय वृक्ष आँवला का रोपण तथा वृक्ष वन्दना और आरती किये । उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी हमारे पूज्य आराध्य देव हैं । भगवान श्रीकृष्ण जी ने श्रीमद्भागवत गीता में बताया है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते माफलेषुकदाचन , अर्थात संसार में मानव को सद्कर्म करते रहना चाहिए , फल की चिन्ता नहीं करना है । फल तो ईश्वर देंगे । पर्यावरण नारी शक्ति प्रांत टोली सदस्य तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शालिनी सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्म मथुरा के कारागार जेल में हुआ । कंस मामा के आतंक के कारण जननी को छोड़कर वृन्दावन में माता यशोदा के पास बाल लीला किये । ऐसे देव मानव देवता के जन्म दिवस पर पौधारोपण स्मरणीय कार्य है । पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि 26 अगस्त को 3 हजार 228 ईसा पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा में कंस के कारागार में हुआ था । उनकी जननी माता देवकी तथा पिता वसुदेव जी थे । श्रीकृष्ण जी के जन्म के समय उनके माता- पिता जेल में बंद थे । अतः श्रीकृष्ण जी का जन्म स्थान मथुरा का कारागार जेल है । भगवान श्रीकृष्ण माता पिता के 8 वें संतान थे । कंश के भय से वसुदेव जी ने श्रीकृष्ण जी को वृन्दावन निवासी नंदराज जी के घर रख आये ओर माता यशोदा की नन्ही पुत्री को लेकर वापस मथुरा आ गए । जब कंस बच्ची को धरती पर पटक कर मारने लगा तो वे देवी का रूप धारण कर कंस को सावधान किये । इधर भगवान श्रीकृष्ण केवल 11 वर्ष तक ही वृन्दावन में रहे । जब रुक्मिणी जी 16 वर्ष की थीं तब उनका विवाह श्रीकृष्ण जी से हुआ था । कंस वध के बाद गुजरात में द्वारिका शहर बसाये और वे द्वारिकाधीश कहलाये । उनका और नाम कन्हैया , श्याम , गोपाल , केशव , वासुदेव है । उन्होंने कौरव पाण्डव के महाभारत युद्ध में धर्म का साथ दिये । अतः उनका नाम अमर है । ऐसे देव मानव के जन्म दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पौधारोपण अभियान महत्वपूर्ण कार्य है । पर्यावरण भारती के पौधारोपण अभियान में डॉक्टर वीणा सिंह , डॉक्टर शालिनी सिंह , राम बिलास शाण्डिल्य , रानी हेम्ब्रम , सोनी कुमारी , पवन कुमार तथा राजेश कुमार आदि लोगों ने भाग लिए ।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा सिमुलतला मुख्यरेलखंड स्थित नारगंजो रेलवे हॉल्ट के समीप एक बुर्जुग व्यक्ति का शव रेलपुलिस ने सूचना के आधार पर बरामद किया। दरअसल कुछ लोगों के द्वारा रेलवे लाइन के किनारे शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना रेलपुलिस को दी जिसके बाद रेलपुलिस मौके स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जें में लिया। शव की शिनाख्त को लेकर रेलपुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पता लगाया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सकी। जिसके बाद रेलपुलिस ने शव को रेलथाना लाया जहां कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया। रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त को लेकर रेलपुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बुर्जुग की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

# एक डायरिया से ग्रस्ति मरीज की हुई पहचान चिकित्सक की देखरेख में चल रहा इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के सरैया गांव में डायरिया बीमारी थमने का नाम नही ले रहा है। आए दिन वहां पर डायरिया से ग्रस्ति मरीज की पहचान हो रही है। वही सोमवार को भी एक 14 वर्षीय किशोर की अचानक डायरिया बीमारी से तबीयत पूरी तरह बिगड़ गई जिसके बाद अस्पताल को सूचना दिया गया तो एंबुलेंस से किशोर को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा उसका इलाज कर अस्पताल में जब तक स्वास्थ्य में सुधार न हो जाए तबतक उसको भर्ती किया गया। डायरिया से ग्रस्ति किशोर की पहचान सरैया गांव निवासी महेश मुर्मू का पुत्र जितन मुर्मू के रूप में हुई है। बताते चले कि बीते 15 दिनों से सरैया गांव में डायरिया बीमारी से दर्जनों लोग ग्रस्ति हो चुके है जिसमें बीते 19 अगस्त को उसी गांव के गुरा मुर्मू की दो साल की पुत्रीह सुनी कुमारी की मौत भी अस्पताल में अस्पताल कर्मी की लापरवाही के कारण हो गई। सोमवार को अस्पताल में भर्ती किशोर को चिकित्सक की देखरेख में इलाज जारी है।

# भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामीः डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईःश्रीकृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर "श्रीकृष्ण के दर्शन, उपदेश और विचारों का महत्व" विषय पर नगर परिषद जमुई मुख्यालय में एक सिंपोजियम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक सह प्रधानाध्यापक श्री दिनेश मंडल ने की की। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता के बतौर बोलते हुए केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर पासवान ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उनका उपदेश और लीलाओं ने भारतीय संस्कृति और धर्म को गहराई से प्रभावित किया। श्री कृष्ण अवतारी पुरुष थे । उनका संपूर्ण जीवन प्रेम, कर्तव्य और धर्म के आदर्शों का समन्वय है। श्री कृष्ण प्रेम, धर्म और न्याय के प्रतीक थे। वे एक दार्शनिक, योद्धा, प्रेमी, मित्र, उपदेशक और मार्गदर्शक के रूप में अद्वितीय एवं विश्व प्रसिद्ध हैं। श्री कृष्ण के विचार न केवल उनके जमाने में बल्कि आज भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उनका जीवन और उपदेश संसार के लोगों को एक समृद्ध , नैतिक व संतुलित जीवन की प्रेरणा देते हैं। कृष्ण ने हर पहलू में संतुलन बनाए रखने की शिक्षा दी है। उन्होने "सत्यम- शिवम- सुंदरम" के सिद्धांतों को अपनाने की शिक्षा दी है। कृष्ण की महिमा को शब्दों में समेटना बहुत कठिन है, क्योंकि वे असीम हैं। प्रो.पासवान ने कहा कि श्री कृष्ण ने प्रकृति और मानव जीवन के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को भी महत्व दिया है। आज के पर्यावणीय संकट के समय में उनका यह विचार प्रासंगिक है। क्योंकि यह विचार हमें प्राकृतिक और पर्यावरण सुरक्षा के साथ प्रति जागरूक करता है। हमें श्री कृष्ण के जीवन आदर्श और बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। उनके उपदेश तथा विचारों को अपने जीवन में आत्मसात भी करना चाहिए।अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में श्री दिनेश मंडल ने कहा कि श्री कृष्ण हिंदू धर्म के लोकप्रिय देवता थे। उनका जन्म कंस के कारागार में हुआ था। वे कंस के विनाश के लिए अवतरित हुए थे। चुकी वह अत्याचारी राजा था। प्रजा उससे काफी दुःखी रहती थीं। कृष्ण 16 कलाओं से संपूर्ण थे। कहते हैं कि "राम ने हंसकर सब सुख त्यागे, कृष्ण ने प्रीत की रीत सिखाई।" भगवान श्री कृष्ण द्वारा बताए गए उपदेश ग्राह्य है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक व उपादेय हैं। एस.ए.ई. डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि श्री कृष्ण भगवान के रूप में पूजनीय हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं का भारतीय संस्कृति, साहित्य और धर्म पर प्रभाव पड़ा है। श्री कृष्ण विष्णु के अवतार के रूप में पुजनीय हैं. उनका बाल काल वृंदावन और गोकुल में बीता था,जहां उन्होंने कई अद्भुत लीलाएं की। महाभारत युद्ध के दौरान कृष्णा ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। उनका उपदेश जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन देता है। अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत और रामचंद्र रवि ने कहा कि श्री कृष्ण ने सकारात्मक सोच और आत्म नियंत्रण के महत्व पर ब/ल दिया है। उनके विचार हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं, जो आज के तनावपूर्ण जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। कुल मिलाकर श्री कृष्णा न्याय और समानता के भी परिचायक हैं।

मौके पर मौके पर प्रो देवेंद्र कुमार गोयल, प्रो सरदार राम, प्रो आनंद कुमार सिंह, प्रो संजीव कुमार सिंह, कार्यालय सहायक श्री रवीश कुमार सिंह, दीपक कुमार, विपुल कुमार, अतुल कुमार आदि ने कृष्ण को विश्व का सबसे बड़ा उपदेशक और मार्गदर्शक बताया तथा उनके विचार और सिद्धांत को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया।

# बिहार राज्य किसान सभा के 35 वॉ राज्य सम्मेलन का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय । बिहार राज्य किसान सभा के 35 वॉ राज्य सम्मेलन के अवसर पर फसल बीमा पुनः बिहार में चालू करो, किसानों का कर्ज माफ करो,दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर दूध पर 10रु सब्सिडी दो, आवारा पशुओं की आवारा गर्दी पर रोक लगाओ,एम एस पी की कानूनी गारंटी दो और 60 साल की उम्र से सभी पुरुष एवं महिला किसानों को10000 रुपया मासिक पेंशन दो आदि माँगों को लेकर सरकार को मजबूर कर अपनी मांगे हासिल करने के लिए बिहार के किसानों में नई क्रांतिकारी स्प्रीट पैदा करने हेतु बेगूसराय में एक विशाल किसान महापंचायत का आयोजित करने का फैसला सर्वसम्मति से आज की बैठक में लिया गया। जिसमें 50000 किसानों को शामिल करने की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। इस किसान महापंचायत को देश के जाने-माने किसान नेता संबोधित करेंगे।राज्य सम्मेलन की तैयारी हेतु विस्तृत योजना बनाई गई। राज्य सम्मेलन एवं किसान महापंचायत की तैयारी हेतु एक स्वागत समिति का गठन भी किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि जब नमक एक रुपए किलो बिकता था तो गेहूं 11रु किलो बिक रहा था। आज टाटा का नमक 28रु किलो बिक रहा है और गेहूं मात्र 22-23रु किलो बिका। चुकी नमक टाटा बनता है, इसलिए उसमें 28 गुना की वृद्धि हुई और गेहूं किसान पैदा करता है।इसलिए मात्र 2 गुना की वृद्धि हुई। किसानों से किसानी छीनने के लिए दिन-रात सरकार साजिशे रच रही है। मगर उनके साजिशों को नाकाम करने के लिए किसानों ने भी अपनी कमर कस ली है। इसलिए इस ऐतिहासिक सम्मेलन को सफल बनाने हेतु गांव-गांव,घर-घर जाकर बेगूसराय के 50000 किसानों के बीच हम संपर्क अभियान चलाएंगे और किसान सभा की सदस्यता भर्ती करेंगे। किसान महापंचायत के अवसर पर 1000 ट्रैक्टर का विशाल ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु 251 सदस्यों की स्वागत समिति की सूची किसान सभा के कार्यकारी जिला सचिव दिनेश सिंह ने पेश की। जिसमें स्वागताध्यक्ष बेगूसराय सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह तथा स्वागत समिति के उपाध्यक्ष मे बेगूसराय कोऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह,कुमार गणेश शंकर सिंह, टुनटुन दास,राकेश कुमार सिंह,सत्य नारायण महतो,सुशील महतो, रामकुमार सिंह,प्रहलाद सिंह,अशोक यादव,चंद्रभूषण सिंह,रामचरित्र महतो,तनवीर अहमद,जयप्रकाश सिंह,संजीव कुमार चुने गये।स्वागत महासचिव कार्यकारी जिला सचिव दिनेश सिंह,स्वागत सचिव रामाधार कुमार, राम प्रमोद सिंह, मनोज यादव,संजीव सिंह,संजीव पासवान, धर्मेंद्र कुमार, रामनरेश महतो,संजीव सिंह,अशोक राय,अशोक सिंह,गणेश चौधरी और वित्त उप समिति के संयोजक अरविंद सिंह का नाम सर्वसम्मति से चुना गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग विभागों के साथियों को लेकर 51 सदस्यी कार्यकारणी का गठन किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए बेगूसराय कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बेगूसराय की क्रांतिकारी धरती पर किसानों का इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए हम लोग तन मन और धन के साथ हर तरह से हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुमार गणेश शंकर सिंह ने की।

# मुस्लिम युवक सल्लू खान ने ने सांप्रदायिक सद्भावना कायम रखने के उद्देश्य से मंदिरों की निगरानी

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। हिंदू-मुस्लिम को बांटने में लगे हुए हैं पर सभी लोगों के बीच प्रेम बना हुआ है। सभी लोग साथ मिलकर रहेंगे तो कोई भी हममें फूट नहीं डाल सकता। रविवार की देर रात तक मुस्लिम हिंदू ने मिलकर मुहर्रम की चहेलुम्म को आपसी भाईचारा के साथ एक साथ सभी ने मिलकर हिंदू मुस्लिम का जिंदाबाद हम हैं। सब भाई-भाई या हुसैन या अली नर से शहर दोनों समुदाय के लोगों ने नावाडीह रोड से 17 अखाड़ा के नावाडीह बीघा गंज मोहल्ला, पुरानी काजी मोहल्ला, निकाजी मोहल्ला, कलामी मोहल्ला, छोटी कबीर चौक, अजमेर नगर, मूसा खान, मस्जिद चौक, जर्मा खाप, मिल्लत नगर शाहगंज शेख फारूकी केजीएन मोहल्ला गंज, छोटा तालाब चौक ईदगाह रोड चौक इसी रोड के सहित के लोगों ने चहेलुम्म के लिए जहां पैगाम इंसानियत के जिलाध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमानउर्फ सल्लू खान ने स्वयं अपने स्वयं पुरी टीम के साथ में गंज मोहल्ला स्थित गंगा जी शंकर जी काली क्लब मंदिर महावीर मंदिर की निगरानी समाजसेवी इंसानियत के जिलाध्यक्ष स्वयं सल्लू खान ने अपने साथ मुस्लिम समुदाय की टीम के सदस्य को मेडेटिंग के साथ-साथ मंदिर की ओर से रस्सी से भीड़ नियंत्रित करने के लिए चारों तरफ से गहरा बंदी कर रखा था कि भीड़ कहीं से रस्सी के के अंदर नहीं आ पाए भीड़ की स्थिति को देखते हुए सल्लू खान के सराहनीय प्रयास के कर्बला समीप स्थित भरतपुर मोहल्ला बुढ़िया महादेव मंदिर के समिति के सदस्य संतोष कुमार ,विस्नुसेव मेहता, कन्हैया मेहता,वार्ड पार्षद संतोष्णकुमार सिंह, चादरवांसी,पप्पू कुमार, आदि सल्लू खान को माला पहनाकर लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि यह औरंगाबाद शहर का अमर और शांति का प्रतीक शहर माना जाता है। समाजसेवी सल्लू खान के द्वारा दुर्गा मंदिर के समीप हिंदू मुस्लिम एकता जिंदाबाद का नारा और एक साथ हाथ उठाकर आपसे मोहब्बत का आपसी भाईचारा का संदेश दिया जो कि संदेश से अजीब अनूठा मिसाल का कायम किया गया है। नगर थाना की पुलिस नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह सहित नगर थाना की पुलिस दलबल के साथ जुलूस को निगरानी में लग रहे हैं। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह खुद जुलूस का मीटिंग स्वयं कर रहे थे। समाजसेवी सल्लू खान के इस रनिया कार्य के लिए पुलिस प्रशासन ने भी उन्हें अपना शांति समिति सोने के नाते सदस्य को दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शांति समिति का सदस्य एक प्रशासन का भी होता है जो आज देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

बनियापुर। बनियापुर थाना क्षेत्र के पुछरी गांव में अनियंत्रित कार ने एक वृद्ध को रौंद दिया। जिसके कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत वृद्ध की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदनसाठ गांव निवासी रहमान मियां के 74 वर्षीय पुत्र बंगाली मियां के रूप में की गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पिछले दिनों बनियापुर थाना क्षेत्र के पुछरी गांव में वृद्ध अपनी बेटी के यहां गए थे। जहां संध्या पहर लौटने के दौरान किसी अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में लिया। जिसके बाद गंभीर स्थिति में उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस अज्ञात वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### अचितपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

इसुआपुर। प्रखंड के अचितपुर गांव के ब्रह्म स्थान परिसर में हर हर महादेव कांवरिया संघ द्वारा आयोजित अष्टयाम के समापन के उपरांत रविवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम सह कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार प्रसाद तथा हरेंद्र चौरसिया ने किया। गोपालगंज जिले के मीरगंज से आए व्यास बिजेंद्र गिरी के द्वारा गाए भजन बोलो श्याम बोलो से की गई। वहीं भोजपुरी भजन सुमिरन करत बानी वीर महावीर,के चरण में गिर के ना। इस भजन पर श्रोता भावविभोर हो गए। वहीं राम विवाह को जन्म से लेकर विवाह तक की बेहतरीन प्रस्तुति अपने गायन के माध्यम से किया। साथ ही राम सीता के आदर्श उनके द्वारा बताएं मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जिससे मनुष्य सही मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। उन्होंने कहा कि आप भगवान के शरण में अपने आप को समर्पित कर दें। आपका कल्याण हो जाएगा।

### शिक्षकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

छपरा कार्यालय। अनुदान नही वेतनमान फोरम, इकाई - सारण के तत्वावधान में मारुति मानस मंदिर, निकट राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में माध्यमिक, इंटर एंव डीग्री महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मीयों की पटना में 28 अगस्त से होने वाले अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें वित्तरहित संस्थानों के चीरलंबित समस्या एवं मांगों को लेकर उपस्थित कर्मियों ने सरकार की गलत नीति के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि विगत चार दशक से हम सभी के द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक सेवा प्रदान करने के उपरांत भी सरकार के द्वारा हमें उपेक्षित किया गया। उक्त सभी कर्मीयों की मुख्य रूप से तीन सूत्रीय मांगे - राज्यकर्मियों के समकक्ष सभी सुविधाएं देना, - बकाये अनुदान का एकमुश्त भुगतान करना सम्बद्धता पूर्व कि भांति पुनर्बहाल करने के समर्थन में आगमि 28 अगस्त से अनवरत सभी कर्मी पटना में आमरण अनशन एवम भूख हड़ताल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामुहिक रूप से घेरा डालो, डेरा डालो कार्यक्रम की रणनीति बनाई और उक्त कार्यक्रम को सफल आयोजन पर विस्तृत विचार विमर्श किए। उक्त बैठक का आयोजन प्राचार्य प्रेम शंकर सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता प्रो. रंजय सिंह ने की बैठक का संचालन प्रो. अरविंद कुमार गिरि ने किया बैठक में प्रो. अतुल तिवारी, प्रो. सुधा सिंह, प्रो. उपेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रो. मुन्ना कुमार सिंह, प्रो. नर्वदेश्वर सिंह, प्रो. मधुप कुमार प्रताप, प्रो. नवल किशोर सिंह, प्रो मनोज पाण्डेय, प्रो. राकेश रंजन, प्रो. राकेश कुमार सिंह, प्रो. द्विवेदी अरविन्द कुमार, प्रो. महीप रंजन प्रताप, प्रबोध कुमार, गौतम सिंह आदी उपस्थित हुए।

### चार धंधेबाज गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न जगहों पर गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर 43 लिटर देशी व अंग्रेजी शराब के साथ चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधे बाजों में स्थानीय थाना क्षेत्र के गंज गांव निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र बिट्टू कुमार के पास से 6 लिटर देशी शराब एवं छोटे लाल चौधरी के पुत्र विक्की कुमार के पास से 750, एम एल का एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। तथा वैशाली जिले के बिंदु पुर थाना क्षेत्र के शकील देव राय के पुत्र धर्मेंद्र कुमार राय तथा एकमा ब्लॉक रोड निवासी रामाशंकर प्रसाद के पुत्र केशव कुमार के पास से एक टेम्पु सहित अंग्रेजी शराब एटपिएम रायल ब्बुलु रायल स्टेंट सहित अन्य शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी थाना पुलिस ने दिया।

# चर्चित जदयू नेता हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन हथियार समेत चार अपराधी गिरफ्तार

## राजनीति में वर्चस्व को लेकर आपसी रंजिश में की गई थी हत्या : एसपी



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में चर्चित जेडीयू नेता विभव राय हत्या मामले का पुलिस ने उदभेदन कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल शूटर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किये गए हथियार को भी बरामद कर लिया है। दरअसल भीतहा प्रखंड अंतर्गत खैरवा पंचायत के मुखिया मंटू सिंह और पूर्व मुखिया पति विभव राय में राजनीति वर्चस्व को लेकर आपसी रंजिश चल रहीं थी। हाल के दिनों में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर लड़ाई थी। इस वर्चस्व को लेकर मंटू सिंह ने अपने रिश्तेदार विकास सिंह से मिलकर पांच लाख रुपया में हत्या की सुपारी दी थी। जिसके बाद विकास सिंह ने रवि प्रकाश नवका टोला पड़रौना, विजय यादव उर्फ टाइगर रविन्द्र नगर धुस कुशीनगर के पेशेवर शूटरो से मिल कर हत्या की साजिश रची। बताया जा रहा है की सुपारी किलिंग की इस घटना से पहले दो लाख रुपया का भुगतान भी हुआ था और घटना के बाद दो लाख रुपये विकास सिंह के द्वारा दिया गया था। शेष एक लाख रुपया के भुगतान को लेकर विकास सिंह उर्फ टाइगर यूपी के देवीपुर पहुंचा था। जहां ये दोनों अपराधी भी आए हुए थे। एसआईटी की टीम को सूचना मिली,सूचना के आधार पर एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस ने रवि प्रकाश नवका टोला पडरौना,विजय प्रकाश उर्फ टाइगर रविंद्र नगरधुश कुशीनगर, विकास सिंह उर्फ विवेक सिंह रामकोला कुशीनगर,नन्हे सिंह उर्फ कृष्ण कुमार सिंह खैरवा टोला थाना भितहा निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बतादें की जेडीयू नेता विभव राय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी थे जिनका राजनितिक रसूक और दबदबा इलाके में था जो मंटू सिंह हरगिज बर्दास्त नहीं कर रहा था लिहाजा 7 अगस्त को धनहा के तमकुहवा स्थित सैलून में घात लगाएं अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। हालांकि दहशत में परिजनों ने अज्ञात पर केस दर्ज करवाया था लेकिन अब इस खुलासे के बाद बगहा रढ ने स्पीडी ट्रायल चलवाकर दोषियों को सजा दिलवाने का भरोसा दिलाया है।

# बिहार राज्य मिनी हैंडबॉल चैंपियनशिप के दोनो वर्ग में सारण को मिला पदक

## बालिका वर्ग में उपविजेता ट्रॉफी तो बालक वर्ग में थर्ड ट्रॉफी कांस्य पदक




प्रात :किरण संवाददाता

छपरा। बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में पूर्वी चंपारण जिला हैंडबॉल संघ द्वारा आयोजित 6 वी बिहार राज्य मिनी बालक, बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में सारण उपविजेता ट्रॉफी संग रजत पदक प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में सारण को तीसरे स्थान की ट्रॉफी संग कांस्य पदक मिला। सारण की निशा कुमारी को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड मिला जो संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा बनियापुर की छात्रा है। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पटना तो बालिका वर्ग में नवादा ने विजेता हुआ। उपविजेता का खिताब क्रमशः सारण और नालंदा को मिला। मोतिहारी के जीवन इंटरनेशनल स्कूल में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित इस महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। जिसमें फाइनल में पहुंची टीमों ने ट्रॉफी के लिए बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। बालक वर्ग में तीसरे स्थान की ट्रॉफी संग कांस्य पदक सारण एवम गया को संयुक्त रूप से मिला। इधर बालिका वर्ग में तीसरे स्थान की ट्रॉफी संग कांस्य पदक पटना एवम नालंदा को संयुक्त रूप से मिला। बालक वर्ग में बेस्ट प्लेयर अवार्ड पटना के रौनक कुमार जबकि बेस्ट गोलकीपर नालंदा के अभिराज को मिला। बालिका वर्ग में बेस्ट प्लेयर काजल कुमारी नवादा जबकि बेस्ट गोलकीपर अवार्ड सारण के निशा कुमारी को मिला। विजेता प्रतिभागियों को जीवन इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक मनोज रंजन सर, बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, पूर्वी चंपारण हैंडबॉल अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, जिला सचिव सह आयोजन सचिव विकास वत्स एवम कोषाध्यक्ष मंकेश्वर पांडेय ने सम्मानित किया। सारण हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय मिनी हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम को राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक कुमार सिंह द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का प्रतिफल पदक है। सारण टीम के साथ मोतिहारी में कोच अभिषेक कुमार सिंह, आकाश कुमार एवम राजा कुमार सिंह उपस्थित रहे। सारण जिला हैंडबॉल के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सारण जिला हैंडबॉल संघ के प्रधान संरक्षक विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह, चेयरमैन डा हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह, डा जितेंद्र सिंह, राकेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह, ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी, पुष्पा कुमारी सहित अन्य ने बधाई दी है।

# वैश्य महासभा की बैठक सम्पन्न



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला वैश्य महासभा छपरा सारण ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक नारायण पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रागिनी गुप्ता पुत्री स्व बृजबिहारी प्रसाद पूर्व मंत्री बिहार सरकार तथा पूर्व सांसद रमा देवी ने वैश्यों को एकजुट होकर रहने का आह्वान किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा वैश्यों को अपने परिचय में जाति में सिर्फ वैश्य का प्रयोग करना चाहिए न की अलग-अलग 56 उप जाति का परिचय देना चाहिए। हम सभी 56 उपजाति के बनिया वैश्य है। हम वैश्यों को राजनीति में भी सक्रिय रहना हैं। उन्होंने छपरा के वैश्य एकता की भी सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रागिनी गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, श्यामानन्द चौधरी, लकी कलवार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त ने की। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सुपन प्रसाद बिहारी तथा धन्यवादज्ञापन प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, श्याम बिहारी अग्रवाल, धर्मेंद्र साह, राजेश कुमार महासचिव, प्रदीप कुमार गुप्ता, सुपन प्रसाद बिहारी, शिव जी प्रसाद, प्रो सिया शरण प्रसाद, कृष्णा प्रसाद शर्मा, आदित्य अग्रवाल, सुधाकर प्रसाद, विजय प्रसाद मुनि, गजेन्द कुमार ब्याहुत, सन्तोष कुमार डीओ, अजीत स्वर्णकार, अजय कुमार वार्ड पार्षद, गणेशकुमार अग्रहरी, ललन प्रसाद, डॉ शशिभूषण गुप्ता, राजेश्वर प्रसाद, मनोज शंकर, चन्द्र शेखर प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार स्वर्णकार, अमर नाथ प्रसाद, मुंगा लाल आदि सैकड़ो वैश्य उपस्थित हुए।

# कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर निकाली गई शोभायात्रा



प्रात :किरण संवाददाता

परसा।हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित 6 दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सोमबार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।हाई स्कूल परिसर से पूजा समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र राय के नेतृत्व में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में राजद के जिलाध्यक्ष सुनील राय,राजद नेत्री डॉ करिश्मा राय,थानाध्यक्ष सुनील कुमार, बीडीओ राकेश कुमार,नप मुख्यपार्षद प्रतिनिधि सह वार्ड मो करमुल्लाह,मुखिया अभय कुमार गुड्डू,मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय,अखलेश कुमार उप मुख्यपार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार,प्रभात दुबे,अर्जुन सिंह,अनिल सिंह,सत्येंद्र राय,उमेश राय,चंदन कुमार यादव,संजय राय,हैपी यादव,विकास सिंह,तूफान सिंह,विनोद यादव,गजेंद्र कुमार,अर्जुन कुमार,भूषण राय,मिथलेश कुमार, पंकज कुमार गुप्ता,भोला शर्मा,समेत सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पिला बस्त्र में भाग लिया।हाई स्कूल परिसर से दरोगा राय चौक,परसा बाजार,पोझी चौक,शंकरडीह पोखरा,थाना रोड होते हुए हाई स्कूल परिसर पहुँची।जहां शोभायात्रा संपन्न हुआ।पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार राय ने बताया कि 26 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकालकर पूजनोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।अध्यक्ष ने कहा कि पूजनोत्सव कार्यक्रम 26 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित होगी।शोभायात्रा में विकास कुमार,हैपी यादव, रंजीत कुमार,पंकज यादव, रितेश यादव,अंकित कुमार,अमित गुप्ता ने भाग लिया।

# वाणी और कर्म में संस्कृत हो: आचार्य जयशंकर
## हर्षोल्लास के साथ संस्कृत सप्ताह समारोह संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।संस्कृत विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, लोक भाषा प्रचार समिति ,बिहार शाखा और चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान ,बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह का हर्षोल्लासपूर्वक समापन हुआ ।आभासीय माध्यम से संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शास्त्र चूड़ामणि आचार्य, लोकभाषा प्रचार समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो जयशंकर झा ने छपरा के आचार्य कपिल देव शर्मा द्वारा संस्थापित संस्कृत मातृभाषा परिवार और प्रो सतीश चन्द्र झा जनमुखी संस्कृत क्रान्ति में बढ़ चढ़कर भाग लेनेवाले डॉ बैद्यनाथ मिश्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्कृत मन, वचन और कर्म को शुद्ध करने वाली भाषा है ।यह भौतिक विकास और आध्यात्मिक उन्नति की भाषा है ।आज भारत के समग्र विकास और मानवता के सर्वाङ्गीण कल्याण हेतु लोगों को संस्कृत आनी चाहिए, संस्कृत का ज्ञान आना चाहिए ।और यह ज्ञान और प्रयोग वाणी के साथ-साथ कर्म में भी होना चाहिए ।एक ओर जहां बोलचाल में संस्कृत चाहिए वहीं दूसरी ओर कर्म व्यवहार में भी संस्कृत (शुद्धता नैतिकता) चाहिए तब जाकर एक सभ्य - सुसंस्कृत समाज बनेगा। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि के रूप में जुड़े नवोदित युवा विद्वान् और कवि डॉ शशिकांत तिवारी ह्यशशिधर ह्यने अपनी ओजस्वी और कृष्ण भक्तिमय कविता के द्वारा दर्शकों को जहां एक ओर मंत्र मुक्त कर दिया वहीं सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान के संस्थापक पूज्य वासुदेव द्विवेदी के पद चिह्नों पर चलते हुए संस्कृत प्रचार के उपायों पर काम करने की आवश्यकता बताई ।जहां एक ओर डॉ. तिवारी ने ह्लमाधवो नन्दजो वंशिका वादकःह्व सुनाया वहीं ह्लगन्त्री गच्छति गाड़ी जातीह्व जैसे छोटे-छोटे बाल बोधगम्य संस्कृत गानों के माध्यम से शिशु वर्ग से लेकर स्नातकोत्तर वर्ग तक संस्कृत प्रचार को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बल दिया कि संस्कृत विद्या के ह्रास के कारण ही समाज में निर्भया, कोलकाता रेप कांड जैसी कुप्रवृत्तियां फैली हैं । जहां संस्कृत शिक्षा ह्यमातृदेवो भव ,ह्व ह्यमातृवत्परदारेषु ह्य संदेश और व्यवहार देती है वहां अशिष्ट व्यवहार कहां से आएगा? विशिष्ट अतिथि जगलाल चौधरी महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वसुंधरा पांडेय ने दर्शनशास्त्र और संस्कृत के बीच गहरे संबंध को उजागर करते हुए कहा कि तार्किक शक्ति के विकास के लिए और अच्छी दार्शनिक दृष्टि संपन्न करने के लिए संस्कृत पढ़ना अनिवार्य है। बिना संस्कृत के कोई विद्वान् या दार्शनिक नहीं हो सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 6 भाषाओं के जानकार आचार्य बद्री नारायण पांडेय ने सरल संस्कृत के द्वारा समाज में संस्कृत के पुनरुत्थान की बात कहीं। उन्होंने सरल और कठिन संस्कृत पद्य को उद्धृत करके स्पष्ट किया कि संस्कृत सरल भी है और कठिन भी है ।हम सरलता को अपना कर कठिनता पर विजय प्राप्त कर सकते हैं । कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित उद्धव कुमार प्रतिहस्त के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सरस्वती वंदना मनीष कुमार गोस्वामी के द्वारा की गई और स्वागत गान अनुषा के द्वारा संपन्न किया गया ।अतिथि परिचय डॉ. दिवांशु कुमार के द्वारा कराया गया ,संचालन अरुण कुमार के द्वारा किया गया ।अतिथियों का वाचिक स्वागत संयोजक और संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो वैद्यनाथ मिश्र ने किया ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ.आशुतोष द्विवेदी ने किया।

# सदस्य एवं सदस्यता भाजपा की रीढ़ है : डॉ सीएन गुप्ता



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी छपरा पश्चिमी सदर मण्डल की सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला फकुली शिव मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष रिंकु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सदस्य एवं सदस्यता भाजपा की रीढ़ है , छपरा से ज्यादा से सदस्य बनाना है जिससे पार्टी को बुथ तक सशक्त बनाने कि कार्य करना है, ाष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सदस्यो के बदौलत ही भाजपा आज विश्व सबसे बड़ी पार्टी है , आज भी सबसे ज्यादा सदस्य हमारी पार्टी भाजपा का ही हैं। भाजपा के सदस्य ज्यादा छपरा सदर मण्डल से करना है, क्योकि सदर मण्डल भाजपा का मजबूत स्तम्भ रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा देश के सभी दलों से भिन्न है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है भाजपा देश के जन-जन के दिलों में बसी है आज के कार्यशाला में महामंत्री विवेक कुमार सिंह,जिला भाजपा मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान, अनुरंजन प्रसाद, आदित्य कुमार सिंह, महामंत्री छोटन महतो, सरपंच प्रेम प्रकाश सिंह, डॉ अखिलेश सिंह, प्रियंका देवी, रजनीश कुमार, डॉ भरत मांझी, नीरज कुमार, इन्द्रसेन सिंह, पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार, अजीत कुमार अर्जुन टांगी, रजनी सिंह सहित बहुत अध्यक्ष शामिल थे।

# लैंडस्लाइड से पाथवे बंद, चल रहा है मरम्मती कार्य, कई जगह जमीन धंसी



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर के खूबसूरत नजारे को ग्रहण लग गया है ।पिछले दिनों लगातार हुई बरसात के बाद कई जगह पाथवे के अगले बगल की जमीने धंस गई है तो इको पार्क के पीछे पाथवे के ऊपर पहाड़ का स्लोप स्लाइड कर के आ गिरा है ।जिससे पाथवे बंद हो गया है ।जिस वजह से पाथवे पर चलकर त्रिवेणी संगम पहुंचने वाले पर्यटकों को चक्कर लगाकर ऊपरी मार्ग से होकर जाना पड़ रहा है ।हालांकि मरम्मती कार्य कराया जा रहा है ।कट्टे में मिट्टी भरकर गड्ढे पड़े जगह को भरा जा रहा है तो वहीं पाथवे के ऊपर स्लाइड वाले मिटाई के ढेर को हटाने का कार्य चल रहा है। बतादें की पिछले दिनों वीटीआर क्षेत्र में कई बार रुक रुक के बारिश हुई थी जिस वजह से पहाड़ के स्लोप से लैंडस्लाइड जैसी घटना हुई है ।तो गंडक बराज कंट्रोलरूम से जंगल कैम्प को जाने वाली सड़क मार्ग के किनारे भी रैकट हुई है ।जिसे कट्टे से भरा जा रहा है ।बतातें चलें कि अभी वीटीआर के जंगल और बोटिंग को एहितीयतन बंद रखा गया है इसके बावजदू पर्यटकों का वीटीआर आना बदस्तूर जारी है।

# पटेढा में जन्माष्टमी पर 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ, भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

प्रात :किरण संवाददाता

नगरा।प्रखंड क्षेत्र के तुजारपुर पंचायत में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पटेढा मईया स्थान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे के श्री जन-कल्याण अखण्ड अष्टयाम का शुभारंभ हुआ. धार्मिक उत्साह से भरे इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भव्य कलश यात्रा निकाली गई.कलश यात्रा की शुरूआत पटेढा मईया स्थान से हुई जो पटेढा चौक से होते हुए तुजारपुर गांव के पोखरा तक पहुंची.यहां श्रद्धालुओं ने विधिवत जलभरी की.कलश यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था.मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना का कार्य प्रसिद्ध संत श्री अमर बाबा के नेतृत्व में संपन्न हुआ.पूजा के दौरान अर्जुन मांझी और माया देवी ने विधिवत पूजा की.इस धार्मिक अनुष्ठान में तुजारपुर ग्राम पंचायत के मुखिया अमित कुमार, उपमुखिया अमरेन्द्र प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश मांझी, पंकज कुमार, विजय शर्मा, राकेश सिंह, गजेन्द्र शर्मा, रविन्द्र राय, पप्पु श्रीवास्तव, गौतम साह, बिन्देश्वर मांझी, लालु पासवान, राजा गुप्ता, राम अवतार सिंह, रमेश राय, मनोज महतो, गुड्डु राय, अंकित श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, और वार्ड सदस्य मोनाली देवी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही.सभी श्रद्धालु गाजे-बाजे और घोड़ों के साथ सुसज्जित जुलूस में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल है.

# गांव से सटे तालाब से वनकर्मियों ने विशालकाय मगरमच्छ का रेस्क्यू किया ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत सन्तपुर सोहरिया पंचायत स्थित दरुआबारी गांव से सटे तालाब से एक विशालकाय मगरमच्छ का वनकर्मियों के द्वारा रेस्क्यू किया गया है। मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि गांव से सटे निजी पोखर से मगरमच्छ का वनकर्मियों ने रेस्क्यू किया है ।रेस्क्यू के बाद लोग राहत महसूस कर रहे हैं ।चुकी मगरमच्छ गांव से सटे तालाब में देखा जा रहा था ।वहीं वनप्रमण्डल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा दी गई सूचना के बाद वनपाल आशीष कुमार के नेतृत्व में कृष्णा काजी एवं अन्य कई वनकर्मियों को रेस्क्यू के लिए भेजा गया। रेस्क्यू कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू कर लिया उसके बाद मगरमच्छ को गंडक नदी में छोड़ दिया गया ।बतादें की रेस्क्यू स्थल से करीब 2 सौ मीटर पर दोन नहर गुजरती है ।जिसमे गंडक नदी से बहकर मगरमच्छ चले आते हैं और ये मगरमच्छ नहर के बांध को पार कर पास के तालाब में पहुंच जाते है ।जहां इन्हें तालाब में पाले जा रहे मछलियों का शिकार आसानी से मिल जाता है। चुकी तालाब गांव के समीप था इसलिए मगरमच्छ की वजह से ज्यादा खतरनाक हो चला था।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा संत घाट में मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। यह भी एक सत्य तथ्य है कि केवल श्रीकृष्ण ही सोलह कला सम्पूर्ण देव हुए हैं। श्रीकृष्ण में शारीरिक आरोग्यता और सुन्दरता की, आत्मिक बल और पवित्रता की तथा दिव्य गुणों की अत्यन्त पराकाष्ठा थी। मनुष्य चोले में जो सर्वोत्तम जन्म हो सकता है, वह उनका था। अन्य कोई भी व्यक्ति शारीरिक या आत्मिक दोनों दृष्टिकोणों से इतना सुन्दर, आकर्षक, प्रभावशाली और प्रभुत्वशाली नहीं हुआ। सतयुग से लेकर कलियुग के अन्त तक अन्य कोई भी इतना महान न हुआ है, न हो सकता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व इतना महान और आकर्षक था कि यदि आज भी वे इस पृथ्वी पर कुछ देर के लिए प्रगट हो जायें तो सभी उनके सामने नत - मस्तक हो जायेंगे और मुग्ध होकर उनकी छवि निहारते खड़े रहेंगे*।.. यह बातें ब्रह्माकुमारी अंजना दीदी जी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की उपलक्ष पर उपस्थित अतिथि एवं भाई बहनों को बताई इसके पश्चात श्री कृष्णा और राधे की आरती की गई और बड़े ही धूमधाम से चैतन्य श्री कृष्णा जन्मोत्सव मनाया गया ।

# रंगीन फव्वारा और अनेक जन सुविधाओं के साथ आकर्षक रूप में चित्रगुप्त मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण:गरिमा



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 15 स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर का बड़े ही आकर्षक रूप में संदर्यीकरण और सुरक्षा प्रबंध से जुड़े अनेक कार्यों की योजना को नगर निगम बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई है। सोमवार को उक्त जारी योजना का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि चित्रगुप्त समाज के इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर में पांच रंगों की रौशनी से नहाए हुए रंगीन फव्वारा का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यहां पुरुष और महिलाओं के लिए अलग अलग प्रसाधन के साथ अनेक अन्य जन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी ।उन्होंने बताया हजारों भक्त और श्रद्धालु परिवारों के लिए श्रद्धा आस्था और आकर्षक का केंद्र रहे चित्रगुप्त मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के तहत मंदिर परिसर और सामुदायिक भवन की फर्श पर टाइल्स और पूरे परिसर का समतलीकरण के साथ पेबर ब्रिक्स, प्याऊ और रेलिंग लगाने की योजना जारी है ।महापौर ने बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के इस ऐतिहासिक चित्रगुप्त परिसर की सुरक्षा और साज सज्जा पर नगर निगम बोर्ड से स्वीकृत योजना के अनुसार विभिन्न मद में करीब पौने 15 लाख के खर्च स्वीकृत दी गई है। इस मौके पर नगर निगम के कनीय अभियंता सुजय सुमन, ओबैद अहमद, पुन्नू श्रीवास्तव एवं स्थानीय लोग आदि मौजूद रहे।

# गंडक नदी का जलस्तर घटते क्रम में बावजूद कंट्रोलरूम अलर्ट पर

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। गंडक नदी का जलस्तर घटने लगा है ।गंडक बराज कंट्रोलरूम से जारी रीडिंग चार्ट की माने तो सोमवार की शाम 4 बजे 01 लाख 37 हजार 700 सौ क्यूसेक पानी डिस्चार्ज जारी किया गया । जिससे निचले इलाके के नदी तटवर्ती गांवों के लोग राहत महसूस कर रहे हैं ।बतादें की गंडक नदी के सहायक नदियों के जलस्त्रोत क्षेत्रों में बारिश बहुत कम हो रही है ।जिस कारण गंडक नदी का जलस्तर घटने लगा है। इसके बावजूद गंडक बराजकर्मी हाई एलर्ट पर हैं। गंडक बराज से निकलने वाली दो नहर मुख्य पश्चमी और त्रिहुत नहर में पटवन के लिए पानी दिया जा रहा है ।गंडक बराज के कई फाटक को गिराकर जलग्रहण किया जा रहा है ताकि नहरों को पर्याप्त पानी मुहैया कराई जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को कराया गया विमुक्त

आरा। एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर और श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर और स्थानीय पुलिस के सहयोग से अम्मा चौक धोबहा बाजार से बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति भोजपुर में प्रस्तुत किया गया और नियोजक मो. मुराद पर प्राथमिक दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को मुक्त कराने के लिए आरा सदर मे धावा दल की टीम ने जगह जगह पर छापेमारी किया। इस दौरान अम्मा चौक धोबहा बाजार से फैजान सर्विस सेंटर से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस धावा दल की टीम में हेमंत कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आरा सदर, अभिमन्यु कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जगदीशपुर, तनु प्रिया पिरो, कुमार गौरव सहार, सुगीता कुमारी कोइलवर, और संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर से रजत कुमार एवं स्थानीय पुलिस शामिल थे।

### मंत्रोचार के बीच रामलीला मंच की हुई पूजा-अर्चना

आरा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर 18 दिवसीय रामलीला के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को रामलीला मैदान स्थित मंच की पूजा-अर्चना की गई। नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने नारियल को फोड पूजा की। पूजन कार्यक्रम राम-जानकी मंदिर रामगढिया के पुजारी दंडी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि रामलीला के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी चल रही है। वृंदावन की प्रसिद्ध मंडली रामलीला का मंचन करेंगी। इसके अलावे मैदान में साफ-सफाई का कार्य भी तेज हो गया है। पूजन के मौके पर नगर रामलीला समिति की सचिव विष्णु शंकर गुप्ता, संरक्षक अवधेश कुमार पांडेय, रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष शंभू चौरसिया, कृष्ण कुमार, संजीव सिन्हा, सुनील चौधरी एवं अनिल कुमार गुप्ता समेत काफी संख्या में रामभक्त मौजूद रहें।

### पूर्व शराब कांड के मामले में एक महिला अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नसरीगंज(रोहतास)। कच्छवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व शराब कांड के मामले में एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कच्छवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरांव निवासी दुजा पासी की पत्नी सुशीला देवी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 63/24 के आलोक में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

### नटवार पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास)। नटवार पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अरीला रघुनाथपुर निवासी अमावस डोम के पुत्र भैया लाल डोम और राजेश डोम को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।

### विभिन्न धाराओं व आर्म्स एक्ट के मामले में दो गिरफ्तार

नसरीगंज(रोहतास) : नासरीगंज पुलिस विभिन्न धाराओं व आर्म्स एक्ट के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के हल्दी विगहा निवासी वीरेंद्र सिंह के पुत्र रंजन कुमार उर्फ रवि कुमार और नीरज कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 249/24 के आलोक में विभिन्न धारा व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था।

### विश्व हिंदू परिषद् का मनाया गया स्थापना दिवस

तिलौथू (रोहतास)। आज सरैया दुर्गा मंदीर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद् का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें समाज में विश्व हिंदू परिषद् के द्वारा चलाये जा रहे कार्यो पर चर्चा किया गया बताते चलें की श्री कृष्ण जन्मास्टमी के शुभ अवसर पर 1964 में संदीपनि आश्रम मुंबई में हजारों संतों की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद् की अस्थापना हुआ था तब से लेकर आज तक समाज को एक सूत्र में जोड़ने के लिए हजारों रचनात्मक कार्य संगठन ने किया इस अवसर पर केंद्रिये गौ रक्षा दल के सदस्य श्री मान त्रिलोकी नाथ बागी ने विस्तार से चर्चा किया समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सभी वर्गो को एक मंच पर लाकर ऊंच नीच भेद भाव को मिटाते हुए सभी शमरस भाव से एक साथ रहें।

# कृष्ण चेतना समिति के प्रधान कार्यालय में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। श्री कृष्ण चेतना समिति के प्रधान कार्यालय में श्री कृष्ण चेतना समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने किया संचालन संस्था के सचिव अजय यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था के कार्यालय प्रभारी यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने किया जन्मोत्सव समारोह के उदघाटन सांसद सुदामा प्रसाद ने किया अपने सम्बोधन में सुदामा प्रसाद ने कहा कि हिन्दू धर्म और बौद्ध धर्म दोनों ही प्राचीन धर्म है और दोनों ही भारत भूमि से उपजे है।हिन्दू धर्म के वैष्णव सम्प्रदाय में गौतम बुद्ध को नौवा अवतार माना गया है हालांकि बौद्ध धर्म इस मत को स्वीकार नही करता क्योकि उनका मानना है कि बुद्ध एक मानसिक अवस्था है और जो भी उसे प्राप्त कर लेता है बुद्ध कहलाता है। विधायक शिव प्रकाश रंजन ने कहा कि यही वो समय था कि जब कश्मीर भारतीय तंत्र का अपनाया जाना कोई आश्चर्य जनक बात नही है वोडेन वर्म को मानना है कि बुद्ध से ठीक पहले दार्शनिक चितक निरंकुश सा हो गया था।पूर्व विधायक विजयेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि गौतम बुद्ध स्वम् कहते थे कि मैं कोई भगवान नही हूँ और न ही कोई मोक्ष होता है वे केवल मार्ग दर्शक थे बौद्ध धर्म भरतोय विचारधारा के सर्वाधिक विकसित रूपो में से एक है और सनातन धर्म से साम्य रखता है। पूर्व विधान पार्षद लालदास राय ने कहा कि हिन्दू मत के दस लक्षणों यथा दया क्षमा अपरिग्रह आदि बौद्ध मत से मिलते जुलते है यदि सनातन मत में मूर्ति पूजा के प्रचलन है तो बौद्ध मन्दिर भी मूर्तियों से भरा पड़ा है।पूर्व विधायक अरुण यादव ने कहा कीसभी मूर्तिया धर्म प्रचार के और धम धम चक के निरंतर चलने हेतु से है।पूर्व विधयक भाई दिनेश यादव ने कहा कि प्रसिद्ध अंग्रेज यात्री डॉ DL snelgo ने अपने पुस्तक द बौद्धिक हिमालय में लिखा है कि मैं सतलुज घाटी लांघ कर भारत आया था उनदिनों कश्मीर से सतलुज तक मार्ग एक ही था समारोह में उपस्थित लोगों में मेयर किरण देवी जिला परिषद के उपाध्यक्ष लालबिहारी यादव बौद्ध भिक्षुक विमल कृति सहित प्रो विजय सिंह मुखिया कृष्ण चेतना समिति के कार्यकारणी के सुदर्शन यादव कन्हैया यादव महाबीर सिंह महेंद्र मण्डल जगतेश्वर सिंह भुनेश्वर यादव रामानुज सिंह ललन यादव पप्पू यादव सुबास यादव राजू यादव इंजीनियर सुदर्शन यादव सुरेश यादव राम जी यादव सहित द सैकडो लोग उपस्थित थे सर्व प्रथम आगत अतिथियों को चॉदर और पुष्प गुच्छ सेसमानित किया गया बीच बीच ब्यास कन्हैया यादव राजेश यादव सरोज द्वारा भजन कीर्तन का भी प्रश्टुटी किया गया।

## पेंशन की पुन: वापसी एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक फैसला: मनोज पांडेय

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारी को नई पेंशन नीति के स्थान पर वढर युनिफाईड पेंशन स्कीम लागू करने पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने आज आरा मे कहा हैं की पेंशन की पुनः बहाली मजदूरों के हित मे एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक फैसला हैं। उन्होंने इसके लिए एआईआरएफ के महामंत्री साथी शिव गोपाल मिश्रा और ईसीआरकेयू के महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव को विशेष रूप से धन्यवाद दिया, जिसके प्रयास और संघर्ष की बेदोलत ये संभव हुआ है। मनोज पांडेय ने कहा की ये एक सामान्य फैसला नही हैं ये एआईआरएफ और ईसीआरकेयू के नेतृत्व मे वर्षो के संघर्ष का फल हैं।सैकड़ो देशव्यापी प्रदर्शन, कई बार देशव्यापी भूख हड़ताल, कई बार दिल्ली कुच करने के उपरांत आज ये ऐतिहासिक जीत हुई है। पहली बात कोई प्रधानमंत्री देश के मजदूर संगठनों से सीधी वार्ता कर मजदूरों के हित मे फैसला किया है। इसके माननीय प्रधानमंत्री जी को भी विशेष धन्यवाद है। मनोज पांडेय ने कहा की कई बार देशव्यापी रेल हड़ताल की नौबत आई लेकिन एआईआरएफ नेतृत्व के सूझ बुझ और केंद्र सरकार आश्वासन से उसे टालने का काम हुआ। और उसी संघर्ष और धैर्य का प्रतिफल हैं की आज केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन का आदेश जारी हुआ हैं। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन रेलकर्मियों के हर दुख सुख साथ खड़ा रहने वाला संगठन हैं।

## काराकाट प्रखंड के गोरख परासी में ब्राह्मण परिवार की हुई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)( अपना ब्राह्मण परिवार की बैठक काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गोरख परासी (सातों परसिया) गांव में आहूत की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने की। बैठक में शामिल लोगों ने भगवान परशुराम जी के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन व वंदन किया। साथ ही साथ विश्व की कल्याण हेतु आशीर्वचन मांगा। बैठक में ब्राह्मण समाज की वर्तमान में आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। लोगों ने समाज की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे सुदृढ़ करने के लिए रणनीति बनाने की आवश्यकता बताया। सभी वक्ताओं ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक विकास जरूरी है। चरित्र व आचरण में सुधार कर हम समाज में अपनी बेहतर स्थिति कायम कर सकते हैं। लोगों ने बताया कि हम किसी भी जाति के विरोधी नहीं है। हम पूरे विश्व के कल्याण का उद्घोष करते हैं। बैठक के अंत में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राधा मोहन पांडेय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के लोगों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रकाश तिवारी को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया। अन्त में अध्यक्ष प्रकाश तिवारी ने अधक्षिये भाषण दिया एवम और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दुहाराया।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल कराने के आरोप में चिकसिल से एक गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास)। सिपाही भर्ती के लिखित परीक्षा में मोबाइल से नकल कराने के आरोप में पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिकसिल से एक युवक को आरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक को पुलिस अपने साथ आरा ले गई। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि भोजपुर जिला के नवादा थाना क्षेत्र में स्थित एसबी हाई स्कूल में सिपाही भर्ती के लिखित परीक्षा में मोबाइल से नकल करने के आरोप में चिकसिल निवासी रंजन प्रताप सिद्धार्थ पिता विजय कुमार को आरा पुलिस गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर केंद्र के बाहर नकल में सहयोग कर रहे काराकाट थाना क्षेत्र के नोक परासी निवासी सुखाड़ी यादव उर्फ संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर इस रैकेट में शामिल काराकाट थाना क्षेत्र के चिकसिल गांव में छापेमारी कर आरा पुलिस ने काराकाट पुलिस के सहयोग से हरिओम कुमार पिता प्रेम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक को पुलिस अपने साथ आरा ले गई। परीक्षा में नकल कराने वाले रैकेट में काराकाट के युवकों के शामिल होने की चर्चा लोगों के बीच होने लगी है।

# चेहलुम के शोकपूर्ण मौके पर हजरत इमाम हुसैन की याद मे निकल गया मातमी जुलूस के साथ ताज़िया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। चेहलुम के शोकपूर्ण मौके पर हजरत इमाम हुसैन की याद मे मातमी जुलूस के साथ ताज़िया निकाला गया। ईश्वरीय दूत पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल) के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियो के साथ कुल 72 लोगो को आशूर (10, मुहर्रम) को बहुत बेदर्दी से कर्बला मे शहीद किया गया था। आज उनकी शहादत के 40 दिन पर उनका चेहलुम पूरी दुनिया मे मनाया जा रहा है।

ये मातमी जुलूस आरा शहर में अब्बास मार्केट, निकट गोपाली चौक, आरा स्थित इमामबाड़ा से लगभग 3.30 बजे दिन मे निकलकर धर्मन चौक, डीन्स टैंक, टाउन थाना, पुरानी पुलिस लाइन होते हुए छोटी कर्बला, मौला बाग में जाकर समाप्त हुआ। आरा शहर में यह जुलूस निकलने की परम्परा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। इसमें कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करके नौहा पढ़ा जाता है और मातम किया जाता है। शिया समाज के लोग विशेषकर काला वस्त्र पहनकर इस शोकपूर्ण घटना की याद में मातम, नौहा करते हुए शोक मनाते है। सभी समुदाय के लोग भी इस शोकपूर्ण घटना की याद में जुलूस के साथ शामिल रहते हुए अपना भरपूर सहयोग करते हैं। इस जुलूस मे सैयद अली हुसैन, सैयद वारिस बिलग्रामी, सैयद रेयाज हुसैन, सैयद नासिर हुसैन ने नौहा पढ़ा। सैयद रेयाज हुसैन ने नौहा पढ़ा जिसकी पंक्तियाँ इस प्रकार हैं:-

"चेहलुम करो हुसैन का आओ हुसैनियो"

"मिट्टी अजीज करती है एक खस्ता तन को आज"

"तुर्बत नसीब होती है एक बेकफन को आज"

जुलूस में सैयद वारिस हुसैन, सैयद शब्बीर हसन, सैयद काज़िम हुसैन, सैयद ताहिर हुसैन, सैयद मेहदी हसन, यावर हुसैन, सैयद वासिफ अली, सैयद अकील हैदर, मौलाना आमिर हुसैन आबदी, सैयद अबरार हुसैन, सैयद दिलशाद हसन, सैयद आदिल बिलग्रामी, गुड्डु अंसारी, मुख्तार अहमद, आदि अन्य लोग शामिल थे। जुलूस में "सर्व-धर्म हुसैनी एकता समाज" की तरफ से ओम प्रकाश "मुन्ना", वीर बहादुर आदि का इसके संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशासन की ओर से जुलूस की देख रेख में अच्छी व्यवस्था रखी गई। मिडिया कर्मी बन्धुओं द्वारा इसकी लाईव कवरिंग लगातार की गई, जो कि प्रशंसनीय है।

# राज्यपाल से मिल उद्योगपति अजय ने कैलाश मानसरोवर धाम पर की चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिले। मुलाकात उपरांत कैलाश मानसरोवर शिव धाम को भारत में शामिल करने का आग्रह किया। जो 1962 में ही लोकसभा और राज्य सभा दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पास हुआ था। उन्होंने राज्यपाल से अमल करने की बात कही। राज्यपाल महामहिम से मिल इस पर दुख प्रकट करते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पास हुए शिव धाम को भारत में अभी तक शामिल नहीं किए जाने को लेकर दुख प्रकट करते कहा इसके लिए भारत तिब्बत समन्वय संघ बनी है और पूरे विश्व भर में इसके लाइए जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है।जिस विषय पर चर्चा के लिए एक राष्ट्रीय अधिवेशन 14 से15 सितंबर को आयोजित है। जिसमे शामिल होने के लिए निमंत्रण माननीय राज्यपाल महोदय को श्री सिंह द्वारा अनुरोध किया गया।जिसे उन्होंने स्वीकार किया।अधिवेशन कार्यक्रम दिल्ली के कोंस्टिट्यूसन क्लब में आयोजित होगा।राज्यपाल महोदय ने वार्ता में बिहार के लिए बहुत सारे बात किए। कहते है ह्ल मैं ये सोचता हूँ हर जगह बिहारी दिखाता और बिहारी हर जगह अव्वल होता है लेकिन बिहार हर जगह क्यों नहीं दिखता इसकी चिंता करनी है, बिहार में खेती, फल की अनेकों संभावना है बोले मैं पहले समझता था महाराष्ट्र का अल्फासो आम सबसे अच्छा होता है लेकिन जब बिहार का जरदालू, माल्दा, लंगड़ा जब खाया तो अल्फासो के कही अच्छा आम, लीची बिहार का है।

## बिहार के विभिन्न नगर निकायों के निर्वाचित पार्षदों का एक शिष्टमंडल मिला नगर विकाश एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन से

आरा:बिहार के विभिन्न नगर निकायों के निर्वाचित पार्षदों का एक शिष्टमंडल नगर विकाश एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन जी से मिल कर उन्हें अपनी समस्यायों से अवगत करवाया और अपने अधिकारों के मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।पार्षदों ने मंत्री जी को बताया कि जब से महापौर को चुनने/हटाने का अधिकार पार्षदों से छीना गया है तब से पार्षदों का मान सम्मान बिल्कुल समाप्त हो गया है महापौर/मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी दोनों मिल कर बिल्कुल तानाशाह की तरह व्यवहार करते हैं न नियमित रूप से बैठक बुलाई जाती है न ही कार्यवाही ससमय निर्गत किया जाता है निकाय को मिलने वाली राशि का महापौर/मुख्य पार्षद बंदर बांट कर रहे हैं बिल्कुल नगर निकायों में अराजकता का माहौल बन गया है।पार्षदों ने मंत्री जी से मांग किया है कि सरकार जितनी भी राशि निकायों को आवंटन करती है उसे समानुपातिक रूप से वार्ड वार आवंटित किया जाए।

# भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अनुमंडल में धूम-धाम, श्रद्धाभक्ति, विश्वास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अनुमंडल भर में बड़े ही धूम-धाम, श्रद्धाभक्ति, विश्वास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मंदिरों में सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर में स्टेशन रोड अवस्थित प्राचीन मौनी बाबा की कुटिया, नगर परिषद के धारुपुर वार्ड संख्या 20 शिव मंदिर, वार्ड संख्या 21 में श्री ठाकुरबाड़ी व मां काली मंदिर, ग्राम पंचायत जोन्ही निज ग्राम के ठाकुरबाड़ी तो वहीं दूसरी ओर काराकाट प्रखंड क्षेत्र के घरवासडीह मठ सहित शहर के दर्जनों मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इसी तरह अनुमंडल भर में मंदिरों के अलावे अपने घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाया और पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु रतजगा करते हुए श्रीकृष्ण के जीवन पर बने चलचित्रों एवं श्रीकृष्ण लीलाओं का आनंद उठाते रहे। श्री कृष्ण जी का जन्म रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि को अनुमंडल भर में धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण को स्नान, ध्यान, पूजा व आरती आदि की गई तथा मंदिरों एवं घरों में भजन, गीता आदि का पाठ पढ़ा गया। साथ ही उक्त दौरान घरों एवं सभी ठाकुरबाड़ी में 56 प्रकार के भोग लगाये गये तथा श्रीकृष्ण की 16 कलाओं का वर्णन किया गया। इस दौरान उन्हें मेवा, मिश्री, दूध-दही, मधु, शर्करा, अक्षत, अच्छादित पुष्प, ऋतुफल, धूप-नैवेद्य आदि से पूजा-अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की गई। भक्तजनों द्वारा श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारीङ्क..हे नाथ नारायण वासुदेवाय का उच्चारण करते हुए विधिवत पूजन-अर्चन कर बालकृष्ण से आशीर्वाद मांगा तथा सुख-समृद्धि की कामना की गयी। कर्मयोगी श्रीकृष्ण के जन्मदिन के शुभ अवसर पर लोगों ने व्रत एवं संकल्प के साथ उन्हीं के संकल्पों एवं बताये हुए मार्गो पर चलने पर जोर दिया।

## श्रीदुर्गा पूजा समिति काली स्थान तेंदुनी की हुई बैठक

बिक्रमगंज(रोहतास) : श्री दुर्गा पूजा समिति काली स्थान तेंदूनी की बैठक सोमवार को काली मंदिर तेंदुनी के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मुन्ना बाबा ने की। बैठक में दुर्गा पूजा में मां दुर्गा का प्रतिमा, पंडाल निर्माण और प्रांगण में मेले की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के सक्रिय सदस्य वार्ड पार्षद नितेश सिंह उर्फ लड्डू सिंह, अमर सिंह, छोटेजी उर्फ रमेश गुप्ता, नागेंद्र सिंह, संजय सिंह, गोविंद शर्मा, पूर्व पार्षद गुप्तेश्वर प्रसाद, त्रिलोकी सिंह, रंजन कुमार, श्रीरामजी कुंडल, आर्यन, अछत, नीरज, अनिल, रोहित, सरोज, अजीत, नीरज, रवि लाल निरहुआ, विकास, प्रकाश, आनंद, अर्पित, विराट, सुदामा, धनजी सहित समिति के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक चालक की मौत

प्रात: किरण संवाददाता




चुटिया (रोहतास) थाना क्षेत्र चुटिया के पडरिया छउर व नैना नदी के बीच मोड़ पर सोमवार को बाइक व मैजीक गाड़ी के आमने सामने जोरदार टक्कर दो व्यक्ति की हुई मौत। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को अपने जारदाग गांव से 28 वर्षीय विजय चेरो व 27 वर्षीय अंतु चेरो खाद लेने के लिए घर से निकले थे। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के पड़रिया मोड़ पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन सामने से सुबह करीब 10:30 बजे जोरदार टक्कर मार दिया। जिस घटना में दोनों बाइक से गिर सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद स्थानीय लोगों दोनों जख्मी बाइक चालकों पुलिस को सूचना देते हुए रेफरल अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां विजय चेरो की इलाज मौत हो गयी। जबकि दूसरे जख्मी

अंतू चेरो को प्राथमिक उपचार कर तत्काल एंबुलेंस से चिंता जनक स्थिति मे ही रेफर कर दिया गया। उसका भी अस्पताल पहुंचने क्रम में मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वही घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ। जबकि मृतक का पूरा परिवार सदमे में डूबा है। दूसरी स्थानीय पुलिस आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई में जुट गई है।

# बिस्मिल्लाह खां को तो भारत रत्न मिल गया लेकिन उनके पुत्र रत्न उनके उचित सम्मान नहीं दिला सके : मुन्ना

प्रात: किरण संवाददाता




सासाराम( रोहतास)। 21 अगस्त 2006 को बिस्मिल्लाह खां 90 वर्ष के उम्र में इस दुनिया से विदा हुए। आज इनका परिवार के संपति के नाम पर आपस में लड़ रहा है। बिस्मिल्लाह खां लंबी चौड़ी संपत्ति छोड़कर नहीं गये थे। सिर्फ मकान छोड़कर गये है उस मकान की लिए उनके परिवार आपस लड़ रहे हैं। बिस्मिल्लाह खान को 1947 में आजादी के पूर्व संध्या पर और 1950 के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर शहनाई बजाने का गौरव प्राप्त हुआ था। लेकिन आज उनकी गौरवशाली पहचान पर उनके ही संतानों ने हथोड़ा चला दिया है। उक्त बातें सासाराम के सहाजुमा मोहल्ला के निजी होटल में सासाराम मुस्लिम हलालखोर पंचायत के बैनर तले बिस्मिल्लाह खां की 18वीं पुण्य तिथि के अवसर पर दलित मुस्लिम हलालखोर मुहिम के राष्ट्रीय

मुन्ना हलालखोर बीएसएनल ने कही कि वाराणसी के जिस घर में बिस्मिल्लाह खान अपने शहनाई वादन को तराशते थे आज उसी घर को तोड़ कर वहां शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने की कोशिश हो रही है और ये काम कोई पराया नहीं बल्कि उनके अपने पोते कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह खान साहब हम लोगों के प्रशंसक और प्रेरणा स्रोत है हम चाहते हैं कि इस घर को म्युजिएम में बदल दिया जाये। क्योंकि यह घर पूरे भारत में ही नहीं पूरे दुनिया को बिस्मिल्लाह खां साहब को याद दिलाता है। मुन्ना हलालखोर बीएसएनल ने कही कि शिकायत के बाद जब तक वाराणसी प्रशासन इस घर को बचाता तब तक बिस्मिल्लाह खां साहब का घर चौड़ा जा चुका था। जहां बिस्मिल्लाह खां साहब हर रोज रियाज किया करते थे। आज बिस्मिल्लाह खान के जाने के बाद ही यादों तक की उनकी घरों में जगह नहीं मिल पा रही है यानी कि बिस्मिल्लाह खां साहब को तो भारत रत्न मिल गया लेकिन उनके पुत्र रत्न उनके उचित सम्मान नहीं दिला सके। बिस्मिल्लाह खां के पुण्य तिथि के अवसर पर सासाराम लोकसभा के सांसद मनोज कुमार, को मुन्ना हलालखोर बीएसएनल विज्ञापन सोप है कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए अलावल खान रोज जिसमें असामाजिक लोग शराब का कारोबारी कब्रिस्तान में रखना में काम करता है लोग इसलिए उसे कब्रिस्तान की बाउंड्री जरूरी है, जिसमें यह बहुत पुरानी कब्रिस्तान है इस पर सरकार का ध्यान होना चाहिए सासाराम के उप मेयर सत्यवंती देवी, डॉ. नूर हसन आजाद, मोहम्मद मुन्ना हलालखोर बीएसएनल, अलीमुद्दीन इदरीसी, तौकीर मंसूरी, नौशाद आलम, शमी अहमद, मोहम्मद अयूब एवं सैकड़ो लोगों ने अपने-अपने विचार रखें।

# 111वां कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह का शुभारम्भ



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बक्शी कुलदीप नारायण कल्चरल सोसाईटी द्वारा आयोजित आरा का प्राचीन आयोजन श्री कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की 111वीं कड़ी का शुभारंभ हुआ। छः दिवसीय आयोजन की पहली निशा में सुविख्यात शास्त्रीय गायक ब्रजेंद्र महाराज ने राग गोरख कल्याण में विलंबित एकताल की बंदिश कैसे धीर धरूं नाथ तुम्हरे बिन मध्यलय की बंदिश एक ना कहो बहुत सही ठुमरी याद पिया की आए व दादरा अंधेरिया है रात सजन रहियो के जइयो की प्रस्तुति से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सुधीर कुमार ने भजन जो प्रेम गली में आए नही प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

वहीं कथक नृत्यांगना स्नेहा पांडेय व वंदिता ने कथक नृत्य की शुरूआत गणेश वंदना स्=ो करते हुए तीनताल में पारंपरिक कथक व ठुमरी यमुना किनारे मोरा गाँव साँवरे आ जईयो प्रस्तुत कर समां बांधा। रोहित कुमार ने हारमोनियम संगत व अभय तूफानी ने स्वरों की संगति से तालियां बटोरी। मंच संचालन श्रेया पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया।

# आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा लोकसभा सांसद सुदामा प्रसाद आरा रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण !सांसद सुदामा प्रसाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की गंदगी को देखकर कई निर्देश दिए !इस दौरान कई रेलयात्रियों से मुलाकात कर यात्रियों के परेशानी से रुबरु हुए !इस दौरान पूर्वी रेलवे गुमटी ओवर फुटवेयर की जानकारी ली और जानकारी लेकर जल्द से जल्द निर्माण करने का आदेश दिया !सांसद सुदामा प्रसाद ने रेलवे स्टेशन परिसर में मोटरसाइकिल लगाने पर पांच सौ जुमार्ना पर जमकर क्लास लगाते हुए इसे बंद करने का दिया आदेश !रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों पेयजल शौचालय साफ-सफाई, सुरक्षा प्रदान करने का दिया निर्देश !रेलवे स्टेशन परिसर में लगे 1857 विद्रोह के नायक बाबू कुंवर सिंह की मूर्ति को उल्टा लगाये जाने पर सांसद सुदामा प्रसाद ने आजादी के लडाई शाहबाद के संघर्षशील का अपमान बताया और कहा कि बाबू कुंवर सिंह अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक थे और उनकी मूर्ति का उल्टा लगा दिया गया है, लेकिन भोजपुर की जनता इस अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी !सांसद सुदामा प्रसाद ने इसे 30 सितंबर तक हरहाल मूर्ति को सीधा करने का दिया निर्देश !ताकि यात्री आरा उतरे तो बाबू कुंवर सिंह की मूर्ति का चेहरा दिखाई पड़े !गड़हनी में अंडरपास को जल्दी ठीक करने का दिया निर्देश !रेलवे कर्मचारियों ने के आराम करने के लिए रनिगं रुम को बनाने एवं प्लेटफार्म की उंचाई को बढ़ाने को कहा !इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने आरा रेलवे अस्पताल बनाने की मांग की है !सांसद सुदामा प्रसाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के दौरान जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, राजनाथ राम, दीना जी, अमित कुमार बंटी, निरंजन केशरी, सुरेश पासवान, संतविलास राम, सुनील नैय्यर, कृष्णरंजन गुप्ता, राजद नेता श्रीनिवास यादव, राज गौरव टाईगर, सुहैल खान, सुभाष यादव, भुवनेश्वर यादव, टुनटुन गुप्ता, स्टेशन मास्टर राधेश्याम पांडेय, रेलवे यूनियन के केन्द्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे !

## जिले में चारों तरफ धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार-



आरा शहर में चारों तरफ जन्माष्टमी की धूम रही भक्ति में माहौल में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया बाल गोपाल कृष्ण का रूप सजाकर सुबह से ही अपने मनमोहन और आकर्षक रूप का छठा बिखेर रहे थे रात्रि मैं 12 बजते ही चारों तरफ शंक और घंटी का आवाज गूंजने लगा और गीत और हरि कीर्तन और आरती से चारों तरफ कृष्ण कृष्ण भगवान के जन्म पर व्रत रखे श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ किया

**AFFIDAVIT**

I Manish Kumar, S/o- Bharat Prasad Sinha, Resident of -Rajeev Nagar, Road No-03,PS-Rajeev nagar,Dist-Patna, 800024, Bihar do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my Son name mentioned in his Birth Certificate No-19022,dt-05-03-2016 as MANAVENDR SINGH.

2. That my son name is MANAVENDR SINGH But now my name has to be changed from MANAVENDR SINGH to MANVENDRA SINGH.

3. That now I henceforth will be known as MANVENDRA SINGH, hence this affidavit.

That the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
पटना, मंगलवार, 27 अगस्त, 2024



# भगवान कृष्ण के जीवन और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों की महिमा का प्रचार करता है : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



गया । राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय मे नूतन नगर कार्यालय में जन्माष्टमी पर्ब मनाया गया छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भगवान कृष्ण के बाल रूप बनाकर पूजा पाठ किया गया है इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा पूजा पाठ किया गया इस पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कृष्ण भगवान का जन्म को ही जन्माष्टमी के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रमुख हिन्दू त्योहार है जो भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति और धर्म में विशेष महत्व रखता है, और इसे भाद्रपद माह की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। जन्माष्टमी का पर्व मुख्यतः भक्ति, श्रद्धा और आनंद का प्रतीक है, जो भगवान कृष्ण के जीवन और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों की महिमा का प्रचार करता है।भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा नगरी में हुआ था। कहा जाता है कि कंस नामक अत्याचारी राजा ने अपनी बहन देवकी और उसके पति वसुदेव को कारावास में डाल दिया था, क्योंकि एक भविष्यवाणी के अनुसार देवकी का आठवां पुत्र कंस का वध करेगा। कंस के भय से भगवान कृष्ण का जन्म आधी रात को कारागार में हुआ, और वसुदेव ने उन्हें यमुना नदी पार कर गोकुल में नंद बाबा और यशोदा माता के घर सुरक्षित पहुंचा दिया है।जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके अद्भुत चरित्र का स्मरण कराने का अवसर है। इस दिन मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे भक्त भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का पूजन कर जन्माष्टमी पर्ब मानते हैं इस अवसर पर प्रदेश मानव अधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर बबलू गुप्ता महेश यादव मंटू कुमार सहित श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान कृष्ण के बाल रूप का दर्शन किया है

# भाजपा के कार्यक्रम के लिए नहीं बल्कि अरवल के विकास के लिए बनाए गए हैं प्रभारी मंत्री: विधायक महानंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रभारी मंत्री अरवल आने के बाद भी हादसे में तीन मृतक के घर जाना उचित नहीं समझे

अरवल। बिहार सरकार के मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री हरि साहनी अरवल आये लेकिन हादसे में तीन बच्चे की मृत्यु में मृतक के घर पर जाना उचित नहीं समझे । वे पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए जो प्रभारी मंत्री के अरवल में शामिल होना प्रोटोकॉल के खिलाफ है ।प्रभारी मंत्री से अरवल के लोग जो भाजपा से जुड़े नहीं हैं, मिलना चाहते हैं और उनसे विकास की उम्मीद रखते हैं उनलोगों के लिए उनका यह व्यवहार ठीक नहीं है । भाजपा के लिए ही वे मंत्री नहीं हैं । उनसे कोई काम के लिए कहाँ मिलेगा। विधायक महानंद सिंह ने कहा है कि भाजपा के नेता सता पाने के बाद जनता के दुःख-सुख से लेना देना नहीं है ।जिला के प्रभारी मंत्री होने के नाते जिला में होने वाले बड़े हादसों में उनकी समाधान के लिए कदम उठाने के बजाय यहाँ भाजपा कैसे बढ़े इसके लिए ज्यादा सोंचते हैं । उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रभारी मंत्री भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम में शामिल हुए जो सरकारी पैसे का दुरूपयोग है । जिले के प्रभारी मंत्री सरकार के हैं न कि केवल भाजपा के लिए । सरकार के राशि का हो रहा है दुरुपयोग वहीं एक गरीब के तीन बच्चे की मृत्यु के बाद उनके घर पर जाना मुनासिब नहीं समझा गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है । पिछले बार अरवल के प्रभारी मंत्री तेज प्रताप सिंह के द्वारा एक पीड़ित परिवार के घर नहीं जाने पर भाजपाई लोग प्रभारी मंत्री का पुतला दहन कर रहे थे । आज उन्हीं के मंत्री भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने आए लेकिन पीड़ित परिवार के यहां जाना मुनासिब नहीं समझा । भाजपा के प्रभारी मंत्री, संगठन मंत्री नहीं है । मंत्री भाजपा के कार्यालय में आकर जनता दरबार लगाएंगे यह कहीं से उचित नहीं है । वे जिला के प्रभारी मंत्री हैं और उन्हें जनता के समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पर लगाम कसना होगा । मेरे द्वारा पदाधिकारी के ऊपर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने पर जोर दिया जाता है तो प्रभारी मंत्री के जरिए उन्हें दबाव बनावाया जाता है । यह जनता के उम्मीद के खिलाफ है । ये लोग जनता के लूटने वाले लोगों को बढ़ावा देने वाले लोग हैं । जनता इन्हें जरूर सबक सिखाएगी ।

# महाबोध फाउंडेशन ने स्थापना दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

गया। महाबोध फाउंडेशन द्वारा जेन अमिताभ स्कूल के परिसर में अपनी स्थापना के दसवीं वर्षगांठ मनाई गई, समारोह में सम्मानित अतिथि गण बीटीएमसी के दीनानाथ भंते,गया शहर के इनरव्हील क्लब के पूनम गुप्ता,रीमा प्रसाद,निशा सेठ,सरिता वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विनोदी वर्मा,संरक्षक दाता एवं मीडिया समुह और संस्था के स्वयंसेवक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया है इस कार्यक्रम की शुरूआत दिप प्रवज्लीत मुख्य अतिथि के द्वारा कराया गया, विद्वानों द्वारा स्वागत गीत कराया गया है।महाबोध फाउंडेशन के सह संस्थापक और कोषाध्यक्ष डॉ अभिलाष कुमार द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों के परिचय के साथ हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका से दर्शकों को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुपम कुमार ने छात्रों को बारे में विस्तृत जानकारी दी।उनके माता पिता को उनके प्रयासों और उपलब्धियों लिए बधाई दी है विद्वानो के साथ बातचीत के बाद भंते ने आर्थिक रुप से अक्षम परिवार के लड़कीयों को शिक्षित करने का प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहना की है। इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने फाउंडेशन के साथ काम करने पर खुशी जाहिर की है। आगे कहा कि क्लब फाउंडेशन के साथ जोश एवं ताकत के साथ काम करेगी,अफ्रिका से सभा को संबोधित करते हुए जिबुती गणराज्य में भारत के प्रभारी राजदूत पुष्पा कुमार ने महाबोध फाउंडेशन कार्यो एवं सही विद्वानों के चयन में इनर व्हील क्लब के द्वारा दिए जा रहे समर्थन के लिए की सराहना की है इस कार्यक्रम के दौरान विद्वानो को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिन्होंने ने अपनी पढाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं कक्षा 10 वी एवं 12 वी कक्षा मे बोर्ड में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करके आए विद्वानों को सम्मानित किया गया अतिथियों द्वारा और सम्मानित किया गया, उपहार दिए गए।2020 बैच के प्रिया रानी,काजल कुमारी,प्रियाशु कुमारी, और 2022 के श्वता कुमारी, वंदना कुमारी, अनामिका कुमारी एवं वरिष्ठ विद्वानो को समीनार को संबोधित किया,इन वरिष्ठ छात्राओं ने अपनी कढी मेहनत से अपनी पढाई के चमकने के लिए प्रोत्साहित किया इस कार्यक्रम के समापन में सभी विद्वानों को स्कूल बैग,इनर व्हील क्लब के द्वारा छाता एवं किताबें के वितरण के साथ ही, टेकइन्फी सोशल फाउण्डेशन समारोह प्रयोजीत किया एवं इस कार्यक्रम आयोजन में सभी खर्च का वहन किया। फाउंडेशन की नालंदा विश्वविद्यालय,नव नालंदा महाविहार और राजगीर श्रेत्रीय यात्रायो की पहल विद्वानो के बिच बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।

# बी पी मंडल को मिले भारत रत्न-बीरेन्द्र गोप



प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया गांधी मंडप में ओबीसी महासभा बिहार के तत्वाधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आरक्षण के जनक बी पी मंडल जी की जयंती मनायी गई है इस कार्यक्रम का अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष एड०बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने किया है। बीरेन्द्र गोप ने अपने संबोधन में कहा कि बी पी मंडल के वजह से ही आज पूरे देश के पिछड़ा समाज के लोग सभी जगह पर सम्मान पा रहे हैं चाहे राजनीति हो या नौकरी सभी जगह पीछड़ों कि नुमाइंदगी देखने को मिलती है। बीरेन्द्र गोप ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंडल कमीशन के सम्पूर्ण सिफारिशों को लागू करने के साथ साथ बी पी मंडल को भारत रत्न देने की भी मांग की है। इसके साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बी पी मंडल का गया के समाहरणालय प्रांगण में आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की है। इस कार्यक्रम को पूर्व विधायक विनोद कुमार यादवेन्दु,रामचन्द्र यादव माहीया ,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संतोष कुशवाहा, मुखदेव यादव, रालोमो के युवा अध्यक्ष आकाश दयाल, डी के डाडेल,रविन्द्र यादव ,टुनटुन यादव, पंकज यादव, प्रवीण कुमार सैनिक, डा०उदय गोप, जिला पार्षद सुरेश यादव, अवधेश यादव, रामलखन स्वर्णकार, मुन्ना गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा आदि नेताओं ने संवोधित किया।कार्यक्रम का संचालन रंजन यादव ने किया है।

# पटवा समाज का कार्यकाल स्वर्णिम होगा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। मानपुर पटवा समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुने गए प्रमोद कुमार लाल है। शनिवार को देर रात्रि श्री प्रमोद कुमार लाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। प्रमोद कुमार लाल उधमी - व्यवसायिक सह समाजसेवी है। लाल के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके आवास पर सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल प्रसाद पटवा , प्रकाश राम पटवा , दुखन पटवा आदि ने अंगवस्त्र प्रदान कर शुभकामनाएं और बधाई दी है ।स्वर्णिम कार्यकाल की कामना की गई है। समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा बधाई और शुभकामना देने वालो का तांता लगा रहा है।

## पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। आगामी त्योहरों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा हेतु पाटलिपुत्र और गया के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल के परिचालन अवधि में (92 ट्रिप) विस्तार करने निर्णय लिया गया है । विस्तारित अवधि के बाद गाड़ी सं. 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल पाटलिपुत्र एवं गया से दिनांक 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी । विस्तारित अवधि में इस स्पेशल का समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेंगी । विदित हो कि गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया स्पेशल पाटलिपुत्र से प्रतिदिन 10.30 बजे प्रस्थान कर 14 बजे गया पहुंचती है । वापसी में, गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेशल गया से प्रतिदिन 14.45 बजे प्रस्थान कर 18.25 बजे पाटलिपुत्र पहुंचती है । अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र और गया के मध्य फुलवारीशरीफ, पटना, पुनपुन, पोठही, तारेगना, जहानाबाद, मखदुमपुर गया और बेला स्टेशनों पर रूक रही है।

# समाज के सहयोग से मनेगी दुर्गा पूजा समारोह



प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया श्री रौनीयार दुर्गा पूजा समिति के 23 के खर्च आए व्यय के बारे में श्री दुर्गा पूजा समिति गया के सचिव कुमार रोहित ने पुरी विस्तार से जानकारी दी लोगों को। गया रौनियार दुर्गा पूजा समिति के नये कार्यकारणी के बारे में राजकुमार गुप्ता ने कहा कि नयी कमेटी में वही लोग को शामिल किया गया जाए जो समय दे सकते हैं।आशिष आनंद से इसपर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस एरिया के लोग बुजुर्ग है उस एरिया के रौनियार समाज के युवा भाग लेंगे तो और अच्छी तरिके से सम्पन्न कराया जा सकता है। इस पर विचार रहते राहुल कुमार ने कहा कि हर लोग दो युवा लेकर आएगे अगली बैठक पर लेकर आएगे।इस बैठक में सर्वप्रथम श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन करने की बात कही गई है अभी जो कार्यकारणी गठन किया जाए जो आएगे स्वागत करके जोडने की बात कही गई है।इस साल नये तरिके से बनाने का मन बनाया गया है।इस कार्यक्रम में सेक्युरीटी को रखकर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।श्री रौनियार दुर्गा पूजा समिति युवा मंच के द्वारा मनाया जाएगा,सभी रौनियार समाज के महिला विग,मोजी लाल ट्रस्ट,भवन के लोग से पुरी सहयोग करेगे हर तरह से इस दुर्गा पूजा समारोह में।इस पूजा समारोह में महिला भी बहुत भागिदारी रहती है इस बार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगी रौनियार वैश्य महिला समिति के द्वारा,सभी समाज के लोगों से निवेदन किया है कि अपने युवा बच्चे को इस कार्यक्रम में भेजे सभी गया रौनियार वैश्य समाज के हर घर से युवा लोग को इस दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुए।इस मौके पर गया रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष गोरी शंकर गुप्ता, महासचिव अरुण कुमार गुप्ता,मोजी लाल ट्रस्ट के राज कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, राहुल महाजन, युवा महासचिव रोहित कुमार,आशिष आनंद,सोरभ कुमार, अमिताभ गुप्ता,जगत किशोर गुप्ता, महिला समिति के काफी संख्या में महिला शामिल हुए इस बैठक में।

# बुथ संख्या 65 पर जिला उपाध्यक्ष ने सुनी मन की बात



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गया प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मन की बात बूथ नङ्ग65 पर सुना गया है। इस अवसर पर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री चंद्रयान 3 की सफलता, स्वच्छता एवं हरियाली, लोकल उत्पादों का समर्थन, विविधता में एकता, खेल और युवा सहित बच्चों के लिए एक माह पोशन आहार सहित जम्मू कश्मीर में 750 मीटर की चर्चा की। मन की बात के बाद , भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में इसरो के वैज्ञानिकों के द्वारा चंद्रयान 3 की सफलता पर कहा की भारत दुनिया का पहला देश है, जो चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर देश का तिरंगा शान से फहराया है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री ने इसरो के समस्त कामगारों को 140 करोड़ देशवाशियो की तरफ से शुभकामनायें दी है। एवं देश के लिए गर्व का क्षण बताया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370एवं 35ए हटने के बाद पहली बार आतंकवादी और विदेशी शक्तियों को ठेगा दिखाते हुए जम्मू कश्मीर के लोगों के द्वारा 750 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का परचम लहराया।मन की बात के द्वारा देश के प्रधानमंत्री के द्वारा अपने मन की बात के माध्यम से देश के 140 करोड़ जनता के समक्ष रुबरु होना गौरव की बात हैं। गया बोधगया राजगीर नालंदा में कोरिडोर की घोषणा से आज गया के पावन भूमि से प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं। लगभग जिले के सैकड़ों बूथों पर मन की बात सुनी गई है

## मोकामा-हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस के समय सारणी में संशोधन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। मोकामा और हावड़ा के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 13030/13029 मोकामा-हावड़ा -मोकामा एक्सप्रेस के ठहराव समय में दिनांक 25.08.2024 से संशोधन किया गया है ।

अब गाड़ी सं. 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस मोकामा से 12.45 बजे के बजाए 15.37 बजे खुल कर विभिन्न स्टेशनों पर संशोधित समयानुसार रूकते हुए 03.35 बजे हावड़ा पहुंचेगी । संशोधित समय सारणी के बाद अब यह ट्रेन मोकामा और हावड़ा के बीच की दूरी पहले की अपेक्षा लगभग ढ़ाई घंटा कम समय में तय करेगी ।

इसी तरह गाड़ी सं. 13029 हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस हावड़ा से पूर्व निर्धारित समय 23.20 बजे खुलकर अपने निर्धारित समयानुसार विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 10.30 बजे के बजाए संशोधित समय 09.45 बजे ही मोकामा पहुंचेगी । हावड़ा एवं टाल स्टेशनों के मध्य गाड़ी सं. 13029 हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस की समय सारणी में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया है।

# जगदेव बाबू की शहादत दिवस होगा ऐतिहासिक:फतेनारायन सिंह



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। अमर शहीद जगदेव बाबू की शाहिद दिवस आगामी 5 सितंबर को राजद कार्यालय पटना में मनाने को लेकर तैयारी समिति की बैठक किया गया। मुख्य अतिथि विधायक फतेहनारायण सिंह तथा पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह संबोधित किए। तैयारी समिति मे जिला महासचिव घनश्याम प्रसाद वर्मा अर्जुन सिंह अभय सिंह महाराणा सिंह दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान जिला प्रवक्ता मनोज कुमार नरेश यादव राम बाबू सिंह संजय यादव श्यामा बाबु समेत दर्जनों राजद नेता ने तैयारी समिति की बैठक में भाग लिया और अपना विचार व्यक्त किया

# मृतक रविंद्र यादव के शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष



गया। इमामगंज विधानसभा के डुमरिया प्रखंड के में छकरबंधा पंचायत के बरहा गांव के निवासी रविंद्र यादव जी का हत्या असामाजिक तत्वों के द्वारा गांव के ही लोगों के द्वारा कर दिया गया था,सूचना पाने के बाद बिहार विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी शोकाकुल परिवार से मिले हैं।उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम आपके परिवार के साथ हैं। इस तरह के जगन अपराध समाज के लिए अस्वीकार योग है. प्रशासन से कहा इस कार्य में जो लोग भी संलिप्त हैं उन्हें अभिलंब गिरफ्तार करते हुए कानून सम्मत कार्रवाई की जाए,पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वरीय पदाधिकारी से बात कर जल्द से जल्द कारवाई करने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर टेकारी जिला संगठन राजद के जिला अध्यक्ष सुभाष यादव, प्रधान महासचिव अजय कुमार दांगी,उपेंद्र यादव,प्रताप दास, सुरेंद्र प्रसाद, मुरारी यादव,बालेसर प्रसाद, छकरबंधा पंचायत के मुखिया इन्तेज्याज अहमद भी उपस्थित रहे हैं.इसके साथ ही साथ डुमरिया प्रखंड के राजद अध्यक्ष साजिद अहमद बागी कुंदन कुमार सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में थिरक उठे नन्हे-मुन्हे बच्चे.



गया।अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ह्लसंगीत तथा नृत्य प्रतियोगिताओंह्व का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ओजस्विनी की गया जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद की अध्यक्ष मधु शर्मा ने संयुक्त रूप से किया. तीन बार ओंकार के उच्चारण के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राखी कश्यप एवं कृष्णा नर्सरी, बोधगया की शिक्षिका सरिता सिन्हा, डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, मधु शर्मा, शशिकांत मिश्र, प्रांत महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, मुक्तामणि, कार्याध्यक्ष, राम बारिक, विभाग महामंत्री, अहिप, मुकेश कुमार, जिला मंत्री, राष्ट्रीय बजरंग दल, अमीषा भारती, जिला मंत्री, ओजस्विनी, रजनी त्यागी, जिला संरक्षक, राष्ट्रीय महिला परिषद, सुनील बंबइया, सामाजिक कार्यकर्ता, आनंद जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया है। श्रीकृष्ण को समर्पित भजन गाये गये. डॉ. रश्मि, मधु शर्मा एवं नीलम मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र प्रदान करके किया.तत्पश्चात रंग-बिरंगे परिधानों में श्रीकृष्ण, श्रीराधा और गोप-गोपियों का सलोना रूप धारण करके नन्हे-मुन्हे बच्चों ने संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में कृष्णभक्ति में डूबे भजन, गीत, एवं मनभावन नृत्यों की प्रस्तुति दी है इस समारोह में नन्हे-मुन्हे बच्चे श्री कृष्ण भजन की मोहक धुन पर थिरक उठे। छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर प्रकाश भी डाला. प्रतियोगिता में राधिका को प्रथम, श्रद्धा को द्वितीय, पल्लवी एवं राघव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। सार्थक, सानु भास्कर, शशि सिन्हा, रुद्राक्ष, शारदा, राशि, हैप्पी, विभु, मनीषा, श्रुति व प्रिया की भी प्रस्तुति बड़ी ही सुंदर तथा मनहर रही.ओजस्विनी जिला अध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी व मंचासीन अतिथियों ने नन्हे-मुन्हे सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया है। इस कार्यक्रम का संचालन ओजस्विनी की जिला मंत्री अमीषा भारती ने किया है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि ने कहा कि ओजस्विनी सहित समस्त अंतरराष्ट्रीय हिंन्दू परिषद परिवार की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के सुअवसर पर नन्हे-मुन्हे बच्चों के लिए यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है

# सम्मेलन में सुंडी समाज ने विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की माँग किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




रांची 25 अगस्त दिन रविवार अड़की प्रखंड के सिंदरी खूंटी स्थित आर्यवन होटल के सभागार में पूर्वाह्न 11:30 बजे से पंच परगना सुंडी संघ परिवारों द्वारा पंच परगना सुंडी संघ झारखंड के बैनर तले सुंडी संघ के नव नियुक्त प्रथम कार्यसमिति सदस्यों का परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन किया । जिसमें पंच परगना सुंडी संघ के अध्यक्ष अनुप कुमार साहु ने अपने कार्यसमिति के सभी सदस्यों के परिचय कराने के बाद समिति सदस्यों के सहयोग से क्रमशः सभी आगत अतिथियों को बारी बारी से माला पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंच परगना क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, विशिष्ट अतिथियों में जमशेदपुर से सनत मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय सुंडी समाज, रबिंद्र मंडल, बिष्णु मंडले,मुकेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, दिनेश प्रसाद साहु समाजसेवीउमेश साहु, मिथिलेश साहु,, पंच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु, पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के कृष्णा मुरारी साहु, बबलू साहु, राजीव साहु, सरोज साहु,सिल्ली जागरण मंच से राधेश्याम साहु, राजेश साहु,खूंटी जिला परिषद् सदस्य श्रीमती रेखा देवी, संतोष साहु, उपेन साहु, मनोज कुमार साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रिंस साहु, रणजीत साहु, सुजीत साहु, मिलन साहु, प्रो राधा रमण साहु,के अलावा अनेकों सुंडी नेताओं को सम्मानित किया गया। पंच परगना सुंडी संघ ने पूरे शहरी एवं विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के शामिल होने आए महिलाओ एवं पुरुषों में से सैकडो लोगों ने अपने स्वास्थ जांच कराने के लिए स्वास्थ मित्र प्रेम कुमार भगत जी की टिम परफेक्ट डायग्नोस्टिक सेंटर, रांची की टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य जॉच के तहत बी पी,शुगर,थायराइड,मलेरिया, ब्लड ग्रुप, टी बी सी, लिपिड प्रोफाइल, जैसे जॉच का मुफ्त जॉच कराया गया। मुख्य अतिथि कुमुद प्रसाद साहु ने अपने संबोधन में समाज को एक जुट होकर अपने आप को मजबूती देने का मंत्र दिया, उद्घाटन कर्ता सनत मंडल ने दहेज प्रथा दूर करने, सुंडी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने,एवं निर्धन परिवारों के छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता कर उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन देने की बात रखी। संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु ने पंच परगना सुंडी संघ को बनाने में अहम भूमिका पर चर्चा कर संगठन में छूटे भुले बिसरे साथियों को संगठन के मुख्यधारा में जोड़ने को कहते हुए सभी सुंडी गांवों को पंच परगना सुंडी संघ संगठन को मजबूती प्रदान कर एक सशक्त संगठन बनाने का आह्वान किया, बीरेंद्र साहु ने कहा कि पूरे प्रदेश में अनेकों सुंडी संगठन कार्य कर रहे हैं लेकिन आप सभी का साकारात्मक सोच के साथ सहयोग मिला तो पंच परगना सुंडी संघ अपने सामाजिक कार्यों के बदौलत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाते हुए पहले पायदान पर रहेगी, सरकार पर दबाव बनाने के लिए प्रदेश के सभी शौंडिक, सुंडी संगठनो को एक मंच में लाकर सुंडी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की लड़ाई को लड़नी होंगी। दिनेश प्रसाद साहु ने सुंडी समाज के सभी सक्रिय सदस्यों को गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक उसके सुख दुख में शामिल होने की बात कही। आज के इस कार्यक्रम में खूंटी,गंभरीया,पूर्णानगर, अड़की,सिंदरी, सरजमडीह, तमाड़, बुंडू,रेलाडीह,बंसिया, सोसो, लाघुप ,बसंतपुर,जोनहा , इचाहातु,पत्राहातु, बनता , लोटा, सिल्ली, मुरी, तुलीन, डूमरडीह, ब्रजोपुर, पिपरदाग, कुतरु, बसारुली, जमनीताड़, मारदू ,चांडिल,सराइकेला, कंडरा ,जमशेदपुर,रांची क्षेत्र जैसे अनेक गांवों से सुंडी महिला पुरुषों की हजारों की संख्या में परिचय सह सम्मान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सक्रिय प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपनी भागीदारी निभाते हुए चट्टानी एकता का परिचय दिया है। कार्यक्रम की आपार सफलता पर सर्व समाज के लोगों में काफी चर्चा हो रही है। अतः में उपस्थित सभी प्रेस मीडिया, विजुअल मीडिया के प्रतिनिधियो को समाचार संकलन के लिए आभार जताया गया है। मंच संचालन किस्तों साहु, एवं धन्यवाद ज्ञापन पंकज आर्या ने किया।

# श्री कृष्ण लीला धाम मे मेडिवर्ष हॉस्पिटल के द्वारा फ्री मेडिकल जांच शिविर आयोजित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




श्री कृष्ण लीला धाम चंदौती ब्लॉक रोड गया में कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव का आयोजन किया गया इस आयोजन में विशेष भंडारा का आयोजन किया गया एवं भगवान श्री कृष्ण को पंचामृत स्नान कराया गया यह मंदिर करीब 200 वर्षो से अपना इतिहास रखता है। इस मंदिर की यह मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी आप मागेंगे एवं भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी के हाथों मे कच्चा सुता बाँध कर जो भी मन्नत आप मांगते है वो स्वतः 45 दिनो के भीतर पूरा होता है। यहां के आस पास के लोग यह बताते है कि भगवान कृष्ण एवं भगवान शिव का शिवलिंग स्वतः उतपन्न हुई है। आज मेडिवर्ष हॉस्पिटल के स्त्री रोग विशेषयज्ञ डॉ तेजस्वी नंदन के द्वारा फ्री मेडिकल जांच शिविर लगाया गया जिसमे सैकड़ो मरीजों का इलाज किया गया जिसमे दवाई वितरण किया गया इस कार्यक्रम मे डॉ तेजस्वी नंदन ने कहा कि सेवा हमारा मूल धर्म है। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता राहुल रंजन ने सभी को अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया राहुल रंजन ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के दर्शन और उद्देश्य को पूरी दुनिया तक पहुंचना है। एवं सेवा साधना और त्याग के नियम को सीखा कर सब को महान बनाना है। भगवान श्री कृष्ण इस दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिज्ञ थे। इस कार्यक्रम मे राजेश कुमार, मिथलेश कुमार, संजय कुमार, बबन चंद्रवंशी, सन्नी सिंह, कपिल शर्मा, सुमित कुमार चंदू चंद्रवंशी, का विशेष योगदान रहा श्री कृष्ण लीला धाम मे हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी एवं महा शिव रात्रि त्यौहार पर भण्डारा एवं विशेष पूजा अर्चना का आयोजन होता है।




# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 611 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार बंद

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 26 अगस्त को शेयर बाजार में हरियाली रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 611 अंक की तेजी के साथ 81,698 के स्तर और निफ्टी में भी 187 अंक की तेजी रही, ये 25,010 के स्तर पर बंद हुआ।

एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, टीसीएस और रिलायंस बाजार को ऊपर चढ़ा रहे हैं। बाजार को बढ़ाने में सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक का 71.15 प्वाइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन है। जबकि, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा बाजार को नीचे खींच रहे हैं।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.09 प्रतिशत की गिरावट और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.85 प्रतिशत की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी 0.32 प्रतिशत गिरा हुआ है। एपएसई के



डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने पिछले कारोबारी दिन 23 अगस्त को 1,944.48 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 2,896.02 करोड़ के शेयर खरीदे।

पिछले कारोबारी दिन 23 अगस्त को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 1.14 प्रतिशत चढ़कर 41,175 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 1.47 प्रतिशत चढ़ा, ये 17,877 के स्तर पर बंद हुआ। एसएंडपी500 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,634 के स्तर पर बंद हुआ।

इससे पहले शुक्रवार यानी 23 अगस्त को शेयर बाजार में तेजी थी। सेंसेक्स 33 अंक की तेजी के साथ 81,086 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 11 अंक की तेजी रही, ये 24,823 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 13 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 में तेजी और 28 में गिरावट थी। एपएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो ऑटो सेक्टर छोड़कर सभी में गिरावट थी। ऑटो सेक्टर में 1.12 प्रतिशत की तेजी थी। जबकि, निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की गिरावट थी। वहीं, मीडिया में 1.29 प्रतिशत और आइटी में 1.00 प्रतिशत की गिरावट थी।

## 9 के शेयर को खरीदने टूट पड़े निवेशक, 5 दिन में 70 प्रतिशत चढ़ गया भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक लिप्सा जेम्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज सोमवार को 10 प्रतिशत चढ़कर 9.95 रुपये पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का हाई प्राइस है। इस शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। कंपनी के शेयर पिछले कारोबारी दिन में करीबन 70 प्रतिशत तक चढ़ गए हैं। पांच दिन पहले लिप्सा जेम्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड के शेयर 6 रुपये के भाव पर थे। इसका 52 वीक का लो प्राइस 4.64 रुपये है और इसका मार्केट कैप 29.34 करोड़ रुपये है। बता दें कि कंपनी कर्ज फ्री है। तिमाही नतीजों के अनुसार क्त्त एफवाय25 में लिप्सा जेम्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड ने 2.42 करोड़ रुपये की तुलना में 1.42 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया। परिचालन लाभ 0.13 करोड़ रुपये रहा। 0.01 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में शुद्ध लाभ 0.07 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक प्रमोटर्स के पास 36.37 फीसदी की अहम हिस्सेदारी है। सार्वजनिक निवेशकों के पास कंपनी में 63.38 प्रतिशत शेयर हैं, जबकि सरकार के पास 0.24 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 70,000 शेयर हैं। लिप्सा जेम्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड 1995 की कंपनी है। यह तीन मुख्य गतिविधियों में लगी हुई है-कच्ची तैयारी, विनिर्माण और पॉलिश किए गए हीरे की मार्केटिंग। मुंबई में स्थित, कंपनी के एंटवर्प, दुबई और मॉस्को में सहयोगी हैं। लिप्सा की विनिर्माण सुविधाएं नवसारी और सुरसेज, सूरत में हैं। यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड हीरा कंपनियों में से एक है। आपको बता दें कि पेनी स्टॉक सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली छोटी कंपनियों के शेयर होते हैं जो आम तौर पर 30 रुपये से कम कीमत पर स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टेड होते हैं। कम लिक्विडिटी के कारण पेनी स्टॉक में निवेश करना काफी जोखिम भरा हो सकता है।



## 90 प्रतिशत टूट गया पावर कंपनी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर आज सोमवार को चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर में आज भी 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा है। इससे पहले शुक्रवार को भी इसमें 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा था। बता दें कि पिछले दो कारोबारी दिन में यह शेयर 10 प्रतिशत तक टूट गया। शेयरों में इस

## आपात स्थिति में अमीर होना काफी नहीं; जमीन-जायदाद काम नहीं आते, पैसों को सोना व नकदी के रूप में भी रखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दिन मेरे चाचा को बड़ा आघात लगा और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा। 77 वर्षीय व्यक्ति का बीमा नहीं होने के कारण मेरा चचेरा भाई रो रहा था। दो बच्चों के परिवार वाला 45 वर्षीय व्यक्ति सामान्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं के कारण भावनात्मक रूप से तबाह हो गया था और आर्थिक तंगी में भी था। दुर्भाग्य से उनकी अधिकांश बचत और निवेश लॉक हो गए थे।

मैं उनकी स्थिति समझ सकता था। मैंने उन्हें आश्वस्त किया कि अस्पताल में भर्ती होने के खर्चों का ख्याल रखूंगा। ऐसा नहीं है कि मेरे चचेरे भाई के पास पैसे नहीं थे। उसने शेयरों और कुछ जमाओं में निवेश किया था। हालांकि, जरूरत पर उनके पास अस्पताल में भर्ती होने तक के लिए पैसे नहीं थे। यह एक वित्तीय आपात या तंग स्थिति है, जो किसी को भी तनावपूर्ण बना सकती है।

अगर आप यह सोचते हैं कि आपने बहुत ज्यादा निवेश कर रखा है और पैसों की कमी नहीं है तो शायद गलतफहमी में हैं। कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब आपको अगले मिनट ही पैसों की जरूरत होती है। ऐसे समय में फिर कोई भी निवेश काम नहीं आता है, क्योंकि निवेश को भुनाने के बाद भी आपके पास 24-48 घंटे का समय चाहिए, क्योंकि खाते में उसके बाद ही पैसे आते हैं। किसी संपत्ति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि इसे कितनी जल्दी या धीरे-धीरे नकदी में बदला जा सकता है। चाहे निवेशक किसी कंपनी के फाइनेंस के बारे में विवरण मांग रहे हों या बाजार के प्लेयर उचित बाजार मूल्य, किसी परिसंपत्ति की तरलता या उसकी कमी का पता लगाने की कोशिश कर रहे हों। यह मददगार होगा यदि आप जानें कि इलिक्विड संपत्ति क्या है और यह अकाउंटिंग और फाइनेंस दोनों में क्यों महत्वपूर्ण है। एक तरल संपत्ति वह है जिसे बिना किसी घाटे के तुरंत बेचा जा सकता है। इलिक्विड एसेट्स वह है, जिसे घाटे के बिना जल्द नहीं बेचा जा सकता है।

## जैसे यूपीआई ने भुगतान के तंत्र को बदला, वैसे ही यूएलआई ऋण के तंत्र को बदलेगा, बोले आरबीआई के गवर्नर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक का यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस, जिसे केंद्रीय बैंक की ओर से आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए विकसित किया जा रहा है, अपने पायलट चरण में है और जल्द ही इसे पूरे देश में लॉन्च किया जाना है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

केंद्रीय बैंक की इस तकनीक का उद्देश्य ऋणों के मूल्यांकन में लगने वाले समय को कम करना है। साथ ही इसके इस्तेमाल से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उधारकर्ताओं के लिए तकनीकी अड़चनों को दूर करना है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, आरबीआई ने पिछले साल घर्षण रहित (अड़चनों से मुक्त) ऋण को सक्षम करने के लिए एक तकनीकी मंच शुरू किया था। केंद्रीय बैंक की ओर से यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस का नाम दिया गया है और यह पहल अब भी पायलट चरण में है और इसे नियत समय में लॉन्च किया जाएगा।

आरबीआई90 के तहत बेंगलुरु में ग्लोबल डीपीआई और इमर्जिंग टेक कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन भाषण के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने ये बातें कही। उन्होंने कहा, यह प्लेटफ़ॉर्म कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध



और सहमति आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। इससे ऋण मूल्यांकन में लगने वाला समय कम हो जाता है, खासकर छोटे और ग्रामीण उधारकर्ताओं को इससे मदद मिल सकती है।

यूएलआई सामान्य और मानकीकृत एपीआई हैं, जिन्हें विभिन्न स्रोतों से सूचना तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्लग एंड प्ले दृष्टिकोण से डिजाइन किया गया है। इससे कई तकनीकी एकीकरण की जटिलता कम हो जाती है। यह उधारकर्ताओं को व्यापक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता के बिना ऋण की निर्बाध डिलीवरी में सक्षम बनाता है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, पायलट प्रोजेक्ट से मिले अनुभव के आधार पर, यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ नियत समय में किया जाएगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जिस तरह यूपीआई ने भुगतान के पारिस्थितिकी तंत्र को बदलता है, हम उम्मीद करते हैं कि यूएलआई भारत में ऋण की पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने में वहीं भूमिका निभाएगा।

ग्लोबल डीपीआई और इमर्जिंग टेक कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन भाषण के दौरान, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारत का अनुभव अन्य केंद्रीय बैंकों के लिए एक प्रभावी डिजिटलीकरण रणनीति बनाने में मददगार है। डीपीआई ने भारत को एक दशक में वित्तीय समावेशन हासिल करने में सक्षम बनाया है, डीपीआई के नहीं होने से इसमें कई साल लग सकते थे। ग्लोबल डीपीआई और इमर्जिंग टेक कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन भाषण के दौरान, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि सीबीडीसी में भविष्य की भुगतान प्रणालियों, सीमा पार भुगतानों को मजबूत करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं में एआई का एकीकरण सभी हितधारकों के लिए अवसर लाएगा।

# अडानी ग्रुप पर बढ़ गया सरकारी बैंकों का कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप पर घरेलू बैंकों और एनबीएफसी का कर्ज बढ़ गया है। ग्रुप के कुल कर्ज में उनका हिस्सा 36 प्रतिशत पहुंच चुका है। साल 2023-24 में अडानी ग्रुप की कंपनियों में उनका एक्सपोजर लगभग 500 आधार अंक बढ़ गया। अडानी ग्रुप की



कुछ कंपनियों के कैपिटल एक्सपेंडीचर के कारण ऐसा हुआ है। 31 मार्च, 2024 तक अडानी ग्रुप पर कुल 2,41,394 करोड़ रुपये का कर्ज था जिसमें से 88,100 करोड़ रुपये उसने भारतीय बैंकों और एनबीएफसी से लिए हैं। 31 मार्च, 2023 तक यह राशि 70,213 करोड़ रुपये थी। यह तब ग्रुप के उस समय के कुल 2,27,248 करोड़ रुपये के कर्ज का लगभग 31 प्रतिशत था। सूत्रों के मुताबिक स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत कई बैंकों ने अडानी ग्रुप को अपना ऋण बढ़ा दिया है। इस बैंकों को भेजे गए सवालों का जवाब नहीं मिला। एयरपोर्ट और ग्रीन एनर्जी बिजनस में कैपिटल एक्सपेंडीचर के कारण अडानी ग्रुप का कर्ज बढ़ा है। घरेलू पूंजी बाजार से ग्रुप का कर्ज भी पिछले वित्त वर्ष में मार्च 2024 तक बढ़कर 12,404 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले 11,562 करोड़ था। लेकिन वैश्विक बैंकों से लिया गया कर्ज मार्च के अंत तक मामूली गिरावट के साथ 63,296 करोड़ रह गया जो एक साल पहले 63,781 करोड़ था। इस दौरान ग्रुप का ग्लोबल कैपिटल मार्केट्स से लिया गया कर्ज भी 72,794 करोड़ से घटकर 69,019 करोड़ रह गया।

### डेट-टु-ऑपरेटिंग प्रॉफिट

मार्च के अंत तक अडानी ग्रुप का कर्ज सालाना आधार पर लगभग 6 प्रतिशत बढ़ा। ग्रुप लेवल पर परिचालन लाभ 2023-24 में सालाना आधार पर 45 प्रतिशत बढ़कर 82,917 करोड़ हो गया।

## लिस्ट होते ही शेयर में अफरातफरी, बेचने की लगी होड़, 10 प्रतिशत गिरा भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशन प्रोवाइडर इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स का शेयर आईपीओ प्राइस 900 रुपये से 44 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सोमवार को बाजार में लिस्ट हुआ। बीएसई पर शेयर 43.46 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ 1,291.20 रुपये लिस्ट हुआ। बाद में यह 46.22 प्रतिशत बढ़कर 1,316 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 44.33 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,299 रुपये पर लिस्ट हुआ। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 2,031.80 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, लिस्टिंग के बाद इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के शेयर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह शेयर 1190 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए सोमवार 19 अगस्त को खुला था और 21 अगस्त को बंद हुआ था। इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के आईपीओ को गत बुधवार को बोली के अंतिम दिन 93.46 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। आईपीओ 200 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 44,47,630 शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसका प्राइस बैंड 850-900 रुपये प्रति शेयर था। नए निर्गम से प्राप्त पूंजी का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय, प्रणाली उन्नयन और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा। इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड, भारत में लीडिंग टर्नकी प्री-इंजीनियर्ड स्टील कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स में से एक है , जिसके पास डिजाइन और इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग के लिये इंटीग्रेटेड फैसिलिटीज है। कंपनी के पास प्री-इंजीनियर्ड स्टील बिल्डिंग्स (पीईबी) के इंस्टॉलेशन और इरेक्शन के लिए ऑन-साइट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कैपेबिलिटीज भी है।

## 5 प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख लोन, 15000 की मदद, मोदी सरकार की है शानदार स्कीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार ने कई ऐसी स्कीम की शुरुआत की जिसका फायदा गरीब वर्ग को हो रहा है। ऐसी ही एक स्कीम- पीएम विश्वकर्मा है। इस योजना की शरुआत बीते 17 सितंबर, 2023 को की गई थी। इस साल 17 सितंबर पीएम मोदी की यह योजना एक साल की हो जाएगी। बता दें कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मकसद अपने हाथों और औजारों की मदद से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करना है। इस योजना में 18 व्यवसाय- बढ़ई, नाव निर्माता, हथियार निर्माता, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, मोची/जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माण में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है।

# 8 कंपनियों को बेचने की तैयारी में केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम चुनावों के चलते सरकार ने अपनी कंपनियों की बिक्री को योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था लेकिन एक बार फिर वह इस रास्ते पर आगे बढ़ सकती है। बिजनस अखबार मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कंपनियों की स्ट्रैटजिक सेल को योजना रिवाइव की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक आठ सरकारी फर्टिलाइजर कंपनियों को बेचने की तैयारी है। यह प्रोसेस अगले फाइनेंशियल ईयर में शुरू की जा सकती है। इसके साथ ही बंद पड़ी कुछ यूनिट को फिर से शुरू करके बेचा जा सकता है। साल 2022 में नीति आयोग ने आठ फर्टिलाइजर कंपनियों को स्ट्रैटजिक सेल के लिए चिह्नित किया था लेकिन सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्हें बेचने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

इनमें ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड, फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर, एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनरल्स लिमिटेड, मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स, फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा गोरखपुर, सिंदरी, तालचेर और रामगुंडम में मौजूद फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन की गई यूनिट्स भी डिसइन्वेस्टमेंट लिस्ट में शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी इस बारे में योजना चर्चा के स्तर पर है और जल्दी ही फाइनल निर्णय लिया जा सकता है। वित्त मंत्रालय




और डिपार्टमेंट ऑफ फर्टिलाइजर्स ने इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया।

### सब्सिडी पर क्या होगा असर

एक सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार अभी आयात पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। उसके बाद ही फर्टिलाइजर पीएसयू के विनिवेश पर काम किया जाएगा। सरकार की योजना इस साल के अंत तक यूरिया के आयात में 30 फीसदी कमी लाना है। सरकार ने फर्टिलाइजर्स पर दी जाने वाली सब्सिडी में भारी कटौती की है। हालांकि हिस्सेदारी बिक्री से सब्सिडी पर कोई असर नहीं होगा। जानकारों का कहना है कि पुराने प्लांट को फिर से चालू करने और नए प्लांट स्थापित करने से घरेलू उत्पादन में 20 फीसदी तेजी आई है और आयात में 10 फीसदी गिरावट आई है। 2024 में सरकार ने 7.04 मीट्रिक टन यूरिया आयात किया जो पिछले साल 7.57 मीट्रिक टन था।

# पेटीएम के बॉस विजय शेखर शर्मा को सेबी का नोटिस, औंधे मुंह गिरे कंपनी के शेयर, धड़ाधड़ होने लगी बिक्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मार्केट रेगलुेटर सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन्स लिमिटेड के फाउंडर विजय शेखर शर्मा और आईपीओ के समय बोर्ड मेंबर्स रहे लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार यह नोटिस गलत जानकारी पेश करने के मामले से जुड़ा है। पेटीएम का आईपीओ नवंबर 2021 में आया था। बता दें कि कंपनी के शेयरों में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली है। पेटीएम के शेयर शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में 9 प्रतिशत तक टूट गए हैं।

पेटीएम को जारी किए गए इस नोटिस में प्रमोटर क्लासिफिकेशन नियमों को कथित तौर पर ना मानने के मामले से जुड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार यह जांच रिजर्व बैंक की तरफ से मिले इनपुट के आधार पर शुरू की गई थी। बता दें, पेटीएम पेमेंट्स बैंक की जांच के बाद इस साल के शुरूआत में रिजर्व बैंक ने कड़ा एक्शन लिया था। रिपोर्ट के अनुसार सेबी के नोटिस का मुख्य बिंदु यह है कि क्या विजय शेखर शर्मा को प्रमोटर्स के तौर पेश किया जाना चाहिए था। जब कंपनी का आईपीओ आया था




तब उनके पास सिर्फ एक कर्मचारी के बजाए मैनेजमेंट का कंट्रोल भी था। सेबी ने इसीलिए उस समय के डायरेक्टर्स को भी नोटिस जारी किया है। सेबी ने अपने नोटिस में उन लोगों से सवाल किया है कि विजय शेखर शर्मा के इस कदम का समर्थन क्यों किया था। सेबी के नियमों के अनुसार अगर विजय शेखर शर्मा प्रमोटर्स पेश किए जाते तो वो एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स के लिए योग्य नहीं रह जाते। सेबी के नियमों के अनुसार जबतक कोई कंपनी प्रोफेशनली मैनेज्ड नहीं घोषित करती है। तब तक उसे प्रमोटर द्वारा संचालित ही माना जाता है। प्रोफेशनली मैनेज्ड होने के लिए किसी भी कंपनी के एक हिस्सेदार के पास 10 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी नहीं होनी और ना ही एक हिस्सेदार का कंट्रोल होना चाहिए।

### पेटीएम के शेयरो में भारी गिरावट

बीएसई में आज पेटीएम के शेयर शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में बढ़त के साथ 560 रुपये के लेवल पर खुले थे। कुछ देर के बाद कंपनी के शेयर 565.45 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बाद शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। सोमवार के इंट्रा-डे हाई की तुलना में शेयर 11.91 प्रतिशत की गिरावट के बाद 505.25 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल तक पहुंच गए थे।

यूएस ओपन

## पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के लिए जोकोविच तैयार, जीतना चाहेंगे 100वां खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। गत विजेता जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। उनके नाम पर 24 ग्रैंडस्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

**अल्कारेज से मिल सकती है कड़ी चुनौती** – सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवां खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 28 सप्ताह की गर्भवती होने के बावजूद पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी यह खिलाड़ी, बताया- क्या है सबसे बड़ी चुनौती

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस 2024 के लिए चुने गए ग्रेट ब्रिटेन के पैरालंपिक तीरंदाजी दल के 4 एथलीट्स में एक गत चैंपियन (टोक्यो 2020 की स्वर्ण पदक विजेता फोबे पैटरसन पाइन) और एक भावी मां (जोडी ग्रिनहम) भी शामिल हैं। जोडी ग्रिनहम पेरिस पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के दौरान 28 सप्ताह की गर्भवती होंगी। जोडी ग्रिनहम ने 2016 में रियो पैरालंपिक में कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीता था। वह 28 सप्ताह की गर्भवती होते हुए पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली एथलीट होंगी।



### अलग अनुभव: एक एथलीट और एक मां

'इस बार मेरे लिए यह एक बहुत ही अलग अनुभव है। मेरे अंदर एक एथलीट है जो राहत महसूस कर रही है, उत्साहित है और पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा मेरे अंदर एक मां भी है जो घर को याद करेगी, अपने बेटे को याद करेगी और पेरिस में प्रतिस्पर्धा करते समय 28 सप्ताह की गर्भवती होगी। यह सब एक संतुलन बनाने के बारे में है, जितना मैं जानती हूं कि मुझे घर की याद आएगी; मुझे जो करना पसंद है, मैं उसे करती हूं।'

### दुनिया को है दिखाना

जोडी ग्रिनहम ने कहा, 'मैं कह सकती हूं कि मैं आठ साल से पैरालंपिक परिवार में हूं। यह वास्तव में एक परिवार है- हम सभी एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, चाहे हम किसी भी स्थिति से गुजर रहे हों। मैं रियो की तरह ही पदक जीतना चाहूंगी। पोडियम पर पहुंचना, न केवल अपने लिए, बल्कि उन महिलाओं को भी यह दिखाना चाहती हूं कि आप गर्भवती होने के बावजूद प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं।' अपने गुलाबी, बैंगनी और नीले रंग के तिरंगे बालों के साथ, पैरालंपिक में लाइन अप करते समय जोडी ग्रिनहम को पहचानना आसान होगा।

### क्या है चुनौती

वैसे इसके कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी होती हैं। जोडी ग्रिनहम जब 122 सेमी माप वाले छोटे लक्ष्य पर 70 मीटर से अधिक की दूरी से तीर चलाती हैं तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि निशाने लगाने के बाद धनुष उनके पेट से न टकराने पाए। टेलीग्राफ स्पोर्ट ने जोडी ग्रिनहम के हवाले से लिखा, 'शुक्र है, मैं बगल में शूट करती हूं, इसलिए उभरे हुए पेट कारण आमतौर पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुझे बस इतना ध्यान रखना है कि जब धनुष झूल रहा हो, तो मेरे बच्चे को चोट न पहुंचने पाए।'

### 'बेबी ऑन बोर्ड' स्टिकर नहीं लगाएंगी

जोडी ग्रिनहम ने बताया, 'सबसे बड़ी चुनौती किट और बेल्ट रही है। मेरी बेल्ट आमतौर पर मेरी नाभि के चारों रहती थी, लेकिन अब मैं ऐसा नहीं कर सकती। मुझे अपनी बेल्ट बदलनी पड़ी क्योंकि मेरी पुरानी बेल्ट फिट नहीं होती थी। अब मैं इसे बहुत नीचे से बांधती हूं, इसलिए सब कुछ थोड़ा नीचे हो गया है।' उनकी किट पर 'बेबी ऑन बोर्ड' स्टिकर नहीं होगा।

### 4 बार हो चुका है गर्भपात

ग्रिनहम जोर देकर कहती हैं कि वह ऐसे समय में विशेष उपचार नहीं चाहती हैं, जब खिलाड़ी अपनी 'सीमाओं को लांघ रही' है। जोडी ग्रिनहम की जिंदगी में दूसरी बार मां बनने की खुशी कई आघात सहने के बाद आई है। दो साल पूर्व बेटे क्रिश्चियन को जन्म देने से पहले जोड़ी ग्रिनहम के तीन गर्भपात हो चुके थे। पिछले साल भी उन्हें और भी अधिक दुख हुआ जब उनका एक और गर्भपात हो गया।

वह बहुत ही बुरे दौर से गुजरीं। उन्हें बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस हो गया जिसके कारण उन्हें पिछले मार्च में 3 सप्ताह तक अस्पताल में रहना पड़ा। जब उन्हें कुछ सप्ताह बाद पता चला कि वह गर्भवती हैं तो जोड़ी ग्रिनहम ने अनुमान लगाया कि पेरिस में उनकी प्रतियोगिता के लगभग 6 सप्ताह बाद प्रसव की तिथि होगी। हालांकि, आगे बढ़ने और अपने दूसरे पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का निर्णय बिना सोचे समझे लिया गया था। जोडी ग्रिनहम कहती हैं, 'हमें जो परेशानियां झेलनी पड़ी थीं, उसके कारण हमें नहीं पता था कि मैं फिर से गर्भवती हो पाऊंगी या नहीं। मैं जानती थी कि इस तरह की यात्रा करनी होगी। इस बार मैंने सोचा कि मैं दोनों काम क्यों नहीं कर सकती? अगर मैं उन दोनों को एक साथ कर सकती हूं, तो मैं दिखाऊंगी कि यह संभव है।'

## एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में भारत का दबदबा, रजत पदक पर जमाया कब्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।




मालदीव में जारी एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में रविवार को भारत ने टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। शनिवार को भारत ने एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया उसी सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में भारतीय टीम ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और 24.13 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। जापान ने 58.40 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता।

## रमीज राजा ने बांग्लादेश से पाकिस्तान को मिली करारी हार का भारत से जोड़ा कनेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के बाद शान मसूद की कप्तानी की आलोचना की है। रावलपिंडी की पिच पर प्लेइंग- 11 से स्पिनरों को बाहर रखने का बांग्लादेश टीम का फैसला हैरान करने वाला था। इस बात को लेकर रमीज राजा ने भी टीम और कप्तान की कड़ी आलोचना की।

पाकिस्तान चार तेज गेंदबाजों और बिना किसी मुख्य स्पिनर के साथ मैदान पर उतरा, जिसका खामियाजा उसे मैच के अंतिम दिन भुगतना पड़ा। बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने मेजबान टीम को दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर कर दिया, जिससे उसे पाकिस्तानी धरती पर इतिहास रचने के लिए मात्र 30 रन का लक्ष्य मिला। मेहमान टीम ने आसानी से इस छोटे लक्ष्य को हासिल किया और 10 विकेट से जीत दर्ज की। रमीज राजा ने कहा कि पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने अपनी चमक खो दी है और उनकी गति भी कम हो गई है, जिससे वो कम घातक हो गए हैं। रमीज राजा ने पाकिस्तान की हार का भारतीय टीम से कनेक्शन जोड़ा, अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, सबसे पहले, टीम के चयन में गलती हुई। आप स्पिनर के बिना थे। दूसरा, जिस प्रतिष्ठा के आधार पर हम अपने तेज गेंदबाजों पर निर्भर हैं, वह खत्म हो गई है। यह शर्मनाक है, जो एशिया कप के दौरान शुरू हुआ जब भारत ने सीमिंग परिस्थितियों में हमारे तेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थी। इस तरह यह रहस्य दुनिया के सामने आ गया कि इस लाइन-अप का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका आक्रमण करना है। श्रृंखला में हार की आशंका को देखते हुए राजा ने कहा कि मसूद को अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने और मध्यक्रम में अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने की जरूरत है। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 30 अगस्त को इसी स्थान पर खेला जाएगा।

# टेस्ट क्रिकेट के लिए ICC जारी करेगी 125 करोड़ रुपए

### कमजोर नेशनल बोर्ड को मिलेगी मदद, खिलाड़ियों का होगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 2025 से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बिग थ्री (तीन बड़े क्रिकेट बोर्ड) को छोड़कर अन्य क्रिकेट बोर्ड के लिए एक नया फंड जारी कर सकती है। इसका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देना है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि अन्य बोर्ड आकर्षक फ्रेंचाइजी लीग से बराबर का मुकाबला कर अपनी जगह बना सके। मुख्य रूप से इसकी पहल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष मार्क बेयर्ड ने की थी, जिसका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी समर्थन किया था। आईसीसी की इस पहल का उद्देश्य यह भी है कि इससे अलग-अलग बोर्ड के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी मैच फीस देने के लिए सेंट्रल फंड बनाया जा सकेगा। श्वस्क्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फंड के बाद टेस्ट मैच में किसी प्लेयर की मैच फीस करीब 8 लाख हो सकती है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस साल दिसंबर तक इस प्रस्ताव को अनुमति मिल जाएगी और अगले वर्ष से इसको लागू किया जाएगा। इससे न सिर्फ टेस्ट क्रिकेट बल्कि टी-20 जैसे छोटे फॉर्मेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए टेस्ट क्रिकेट आकर्षण का केंद्र बनेगा। ये फंड कम धन राशि वाले क्रिकेट बोर्ड को भी लाभ पहुंचाएगा। इस फंड में बिग थ्री क्रिकेट बोर्ड को शामिल नहीं किया गया है।




### 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो सकता है नया फंड

क्रिकेट बोर्ड को जारी की जाने वाली नई राशि डेढ़ करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी के करीब 125 करोड़ भारतीय रूपए के आसपास हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक क्ष्ष्टद्ध सचिव जय शाह और श्चष्टक्क के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन का समर्थन इस प्रस्ताव को हासिल है। हालांकि इसकी चर्चा अभी शुरुआती स्तर पर ही है और अब तक आईसीसी द्वारा बोर्ड या कार्यकारी समिति के स्तर पर इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई है।

## इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद इस लीग से जुड़े शिखर धवन, कब मैदान पर दिखेंगे गब्बर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सोमवार (26 अगस्त) लीजेंड्स लीग क्रिकेट से जुड़ गए। शनिवार (24 अगस्त) को संन्यास की घोषणा करने वाले 38 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज अब आईपीएल के बाहर टी20 लीग में हिस्सा ले सकते हैं। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 12,286 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन सितंबर में किया जाएगा। शिखर धवन ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट से जुड़ने पर कहा, ÷मेरा शरीर अभी भी खेल की मांगों के लिए तैयार है। मैं अपने निर्णय से सहज हूं और क्रिकेट मेरे व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है।यह मुझसे कभी नहीं छूटेगा। मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। हम साथ मिलकर नई यादें बनाएंगे।

पैरालंपिक 2024

## पेरिस पैरालंपिक में 84 खिलाड़ियों के साथ जाएंगे 95 अधिकारी, इन खेलों में करेंगे प्रतिस्पर्धा

**पेरिस, एजेंसी।** भारत पेरिस पैरालंपिक (28 अगस्त से आठ सितंबर) में 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। 2021 में हुए टोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में हिस्सा लिया था। भारत पेरिस पैरालंपिक (28 अगस्त से आठ सितंबर) में 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। 2021 में हुए टोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में हिस्सा लिया था। खेल मंत्रालय ने दल को स्वीकृति देते हुए कहा, कुछ पैरा खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दल में निजी कोच को शामिल किया गया है। हालांकि वे मिशन प्रमुख/टीम के मुख्य कोच के निर्देशों के अनुसार अन्य खिलाड़ियों को भी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन के लिए एक टीम मैनेजर को छोड़कर पूरे दल (खिलाड़ियों, दल के अधिकारियों, कोच) की भागीदारी का खर्च सरकार उठाएगी।



भारत की 84 सदस्यीय टीम 28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी जाएंगे। इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं।

**सुमित और अवनि को मिलेंगे निजी कोच** – भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें निजी कोच मिलेंगे। ये दोनों टोक्यो पैरालंपिक में अपना स्वर्ण पदक बचाने की कोशिश करेंगे। पैरा एथलेटिक्स टीम 38 प्रतिभागियों के साथ भारत की सबसे बड़ी टीम है। इसमें सबसे अधिक संख्या में निजी कोच और सहायक कर्मी भी शामिल हैं। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन टीम के मैनेजर को छोड़कर दल के सभी सदस्यों को खेलों के दौरान ठहरने की आवश्यक और वास्तविक अवधि के अनुसार 50 अमेरिकी डॉलर (करीब 4,190 रुपये) प्रतिदिन का भत्ता मिलेगा जिसमें अनुकूलन और प्रशिक्षण अवधि के अलावा दो दिन की आने-जाने की यात्रा का समय भी शामिल होगा।

**कुछ अधिकारी रहेंगे खेल गांव के बाहर** – भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया और मिशन प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान सहित एक बड़ा जत्था रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ। झाझरिया ने कहा कि वह सभी खिलाड़ियों का ध्यान रखने के लिए खेल गांव के बाहर रहेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी पेरिस के बाहर प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछले टोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक (पांच स्वर्ण, आठ रजत, छह कांस्य) जीते थे जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पंजाब में धवन की जगह लेंगे रोहित?

## IPL 2025 से पहले मुंबई को सदमा देने वाली खबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले एक अहम खबर सामने आयी है. रोहित शर्मा मेगा ऑक्शन में दिख सकते हैं. अगर उन्हें मुंबई इंडियंस ने रिलीज किया तो पंजाब किंग्स हर हाल में खरीदना चाहेगी. शिखर धवन के संन्यास के बाद पंजाब के पास कप्तान नहीं है. लिहाजा वह रोहित को खरीदना चाहेगी. पंजाब ने रोहित को लेकर कई संकेत दिए हैं. टीम ने हाल ही में एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर की है. इसके बाद से बाजार और ज्यादा गर्म हो गया है. मुंबई ने आईपीएल 2024 में रोहित को कप्तानी से हटा दिया था. उनकी जगह हार्दिक पांड्या को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. यह बात रोहित के साथ-साथ उनके फैंस को भी पसंद नहीं आयी थी. रोहित को कप्तानी से हटाने को लेकर पहले किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी. लिहाजा संभव है कि रोहित इस बार टीम का साथ छोड़ दें.




**पंजाब किंग्स के साथ जुड़ सकते हैं रोहित** – रोहित को लेकर अफवाह उड़ रही है कि वे पंजाब किंग्स जॉइन कर सकते हैं. प्रीति जिंटा उन्हें हर हाल में टीम में शामिल करना चाहेंगी. पंजाब ने इसको लेकर हिंट भी दिए हैं. दरअसल टीम ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें रोहित और शिखर धवन नजर आ रहे हैं. रोहित और धवन की इस पुरानी फोटो पर फैंस के भी कई कमेंट आए हैं. टीम ने इससे पहले भी रोहित-धवन को लेकर पोस्ट शेयर की थी ।

## ओलंपिक में सेल्फी लेना पड़ा भारी, उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों को पड़ी लताड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराने वाली सेल्फी पर उत्तर कोरिया खिलाड़ियों को वहां के अधिकारियों से लताड़ लगाए जाने की कई विदेशी समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी हैं। पेरिस ओलंपिक में उत्तर कोरिया की टेबल टेनिस रजत पदक विजेता री जोंग सिक और किम कुम योंग को पदक लेने के ग्रहण करते समय दक्षिण कोरिया के अपने प्रतिद्वंद्वी लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन के साथ 'मुस्कुराने वाली सेल्फी के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार री जोंग सिक और किम कुम योंग पेरिस ओलंपिक से लौटे अन्य एथलीटों के साथ 'वैचारिक मूल्यांकन से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह मूल्यांकन उत्तर कोरिया में एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य विदेशी संस्कृतियों के संपर्क में आने से होने वाले किसी भी दोषों को दूर करना है। प्योंगयांग में नाम ना बताने वाले अधिकारियों ने द डेली एनके ने बताया कि दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के एथलीटों के साथ 'मुस्कुराने के लिए उत्तर कोरिया के एथलीटों को लताड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि इस सेल्फी में स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाड़ी भी शामिल थे। इस सेल्फी को दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी लिम जोंग-हून ने लिया था। फोटो में दोनों कोरियाई राष्ट्रीय ध्वज हैं।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी गिरफ्तार, दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी को रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। असलम ने 7 सितंबर 2022 को अपने साथियों के साथ फर्जी एग्रीमेंट के जरिए करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने जमीन के मालिक आदिल रजा से कब्जे को छोड़ने के बदले दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी। उनके खिलाफ 2022 से एमपी-एमएलए कोर्ट में केस चल रहा था। प?छिले साल तीन सितंबर को पुलिस कमिश्नर ने मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पूर्व विधायक असलम चौधरी, उनके साथी जुनैद टाटा और जुबेर टाटा के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। असलम चौधरी ने 12 बीघे जमीन का फर्जी एग्रीमेंट बनाकर वाद दाखिल किया था। 7 जुलाई 2022 को असलम चौधरी अपने बेटे शाहनवाज और तीन साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इसकी सूचना मिलने पर जमीन के मालिक आदिल राजा ने विरोध किया। असलम चौधरी और उनके बेटे शाहनवाज पर आरोप है कि उन्होंने आदिल राजा और उनके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी, साथ ही दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग भी की। पुलिस के मौके से पहुंचने से पहले असलम चौधरी अपने साथियों के साथ फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया था। इसके बाद पुलिस आयुक्त में मामले में हस्तक्षेप करते हुए असलम चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर हादसा, ड्राइवर और खलासी जिंदा जले



**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना के बाद नेशनल हाईवे 48 दहमी खुर्द पर लंबा जाम लग गया। बगरू थानाधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी मौके पर पहुंचे है। पीछे से आ रहा दूध से भरा टैंकर भी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। सोमवार अल सुबह नेशनल हाईवे 48 पर हुए हादसे में लोगों ने बताया कि अचानक तेज धमाके के साथ दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। जहां अचानक एक ट्रेलर में आग लग गई देखते ही देखते ट्रेलर धू धू कर जलने लगा। हादसे के बाद स्थानीय लोग वहां में लोगों को बचाने गए लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रेलर में बैठे चालक और खलासी के दर्दनाक मौत हो गई। जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से जिंदा जल गए और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# महिलाओं के प्रति अपराध के पीछे की मंशा जमीन हड़पना है: हिमंत बिस्वा सरमा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाएं जमीन हड़पने और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालने के बड़े इरादे से की जा रही हैं। उन्होंने अपराधों के पीछे राजनीतिक संरक्षण होने की बात कही और साथ ही यह भी दावा किया कि वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है।

सरमा ने शनिवार देर शाम एक प्रेस वार्ता में कहा, कोई भी समाज पूर्ण नहीं होता। महिलाओं के खिलाफ अपराध एक हकीकत है। पिछले तीन साल में प्रदेश में ये अपराध कम हुए हैं। लेकिन हाल की घटनाओं के पीछे का असली इरादा बहुत बड़ा है, बलात्कार जैसे अपराधों के जरिए हमारी धरती और हमारी सभ्यता को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ 1979 से छह साल तक चले आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा, असम में यह घटनाक्रम पिछले 30-35 साल से चल रहा है। इसीलिए असम आंदोलन हुआ। हमने अभी कट्टरपंथियों की पहचान की है, लेकिन 1975 में ही असमिया समाज को आगाह किया गया था कि ऐसा होगा। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों के जरिए जमीन हड़पने की बड़ी साजिश रची जा रही है।

सरमा ने कहा, ढिंग में पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि वे अब वहां नहीं रहना चाहते... लोग अपनी संपत्ति बेच देते हैं और अन्य स्थानों पर चले जाते हैं। पांच लाख रुपये की जमीन के लिए उन्हें 50 लाख रुपये की पेशकश की जाती है। गुरुवार शाम नगांव के ढिंग इलाके में तीन लोगों ने 14 साल की एक लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया था। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने एक आरोपी को घटना के अगले दिन गिरफ्तार कर लिया, लेकिन कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान तालाब में कूदने से उसकी मौत हो गई।

सरमा ने दावा किया कि एक तरीका है जिसमें पहले, एक या दो व्यक्ति गांव में प्रवेश करते हैं और अपना घर बसाते हैं, फिर वे अपने घरों में मांस खाना शुरू कर देते हैं और पड़ोसी इससे असहज होकर क्षेत्र छोड़ना शुरू कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बारपेटा, मंगलदाई और अन्य स्थानों पर हो रहा है। पिछले मुख्यमंत्रियों ने ये बातें नहीं कही थीं, लेकिन मैंने यह कहा है। किसी दिन मेरी जान को खतरा हो सकता है, लेकिन मैं यह कह रहा हूं क्योंकि यह मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने किसी समुदाय का नाम लिए बिना कहा, यह सब पैसे का खेल है। वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है। वे इसका फायदा उठा रहे हैं। सरमा ने दावा किया कि अपराधियों को अदालत में सर्वश्रेष्ठ वकीलों की सेवाएं मिलती हैं।

# बाढ़ की स्थिति में सुधार, 525 राहत शिविरों में अब भी 1.17 लाख लोग



**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और कई स्थानों पर पानी उतरने लगा। हालांकि 1.17 लाख लोग अब भी विभिन्न जिलों में 525 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। पिछले तीन दशक में पहली बार राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ ने अब तक 31 लोगों की जान ले ली है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गत 19 अगस्त से अब तक आठ जिलों में से छह - दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, पश्चिम त्रिपुरा, सिपाहीजाला, उनाकोटी और खोवाई - में भूस्खलन और बाढ़ के पानी में डूबने से कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का शुरुआती आकलन करीब 15 हजार करोड़ रुपये है, जो क्षेत्र के आकलन के बाद और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार, राज्य भर में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण करीब 20,300 घर आंशिक और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फसल भूमि और बस्तियों सहित विशाल क्षेत्र अब भी जलमग्न हैं। राज्य में 19 अगस्त से लगातार तेज बारिश और विनाशकारी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इसमें करीब 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। राज्य में 2,066 जगहों पर भूस्खलन हुआ है और त्रिपुरा की लाइफ लाइन माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-8 समेत कई महत्वपूर्ण राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अब ज़्यादातर राजमार्ग धीरे-धीरे चालू हो रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल, राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की पांच टीमें और नागरिक सुरक्षा तथा आपदा मित्र के 500 स्वयंसेवक राहत एवं बचाव अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक गोमती और दक्षिण त्रिपुरा जिलों में 27 हजार खाद्य पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि त्रिपुरा में गोमती समेत ज्यादातर नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि सोमवार तक पूरे त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने रविवार को दक्षिण त्रिपुरा जिले में रेड अलर्ट और धलाई तथा गोमती जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने राज्य में कई लोकल ट्रेनें रद्द कर दी हैं।

# तारीखें टालने की मांग पर बोले अनिल विज- कल करवा लो चुनाव, हम तैयार हैं



**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा की हरियाणा यूनिट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव टालने की मांग की है। इसे लेकर कांग्रेस समेत अन्य दल बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। इसे लेकर सवाल पूछे जाने पर भाजपा के सीनियर नेता अनिल विज ने कहा कि उनकी पार्टी कल ही चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में 2 दिनों तक मैराथन बैठक की। इस दौरान 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा की प्रत्येक सीट के लिए 3-4 संभावित उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे गए। देखिए कि हमारी पार्टी तैयारी में है।

अनिल विज ने कहा, चुनाव को लेकर जो तारीखें घोषित की गई हैं, उसमें अगर एक छुट्टी ले लो तो 5 छुट्टियां हो जाती हैं। इससे ऐसा डर बना रहता है कि लोग बाहर चले जाते हैं और मत प्रतिशत नीचे गिर जाता है। उन्होंने कहा कि इस पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। मगर, हम केवल चुनाव की तारीखों को आगे बढ़ाने की बात नहीं कर रहे हैं। आप चाहो तो इसे पीछे कर दो। 2-3 दिन पीछे कर दो ताकि पांच दिन का जंक न बने। उन्होंने सीना ठोंककर कहा कि हमारी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

**भाजपा चुनाव का सामना करने से डर रहीः कांग्रेस**

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव का सामना करने से डर रही है, क्योंकि उसे हार का आभास हो गया है। अभय चौटाला की पार्टी इनेलो ने भी चुनाव टालने की मांग की है। शनिवार को प्रदेश बीजेपी के एक नेता ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख मोहन लाल बड़ोली ने आयोग को पत्र भेजकर विधानसभा चुनाव टालने का आग्रह किया है। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल ने पुष्टि की कि आयोग को शुक्रवार को ई-मेल के माध्यम से पत्र मिला है। भाजपा की राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य वरिंदर गर्ग ने कहा, 'हमने तर्क दिया है कि 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीख से पहले सप्ताहांत पर छुट्टी है। उसके बाद कुछ छुट्टियां हैं, जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है।'

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो नई योजनाओं का किया एलान



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने दो नई योजनाओं का एलान किया है। इनमें मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में उक्त फैसलों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट में मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा हलकों देहरा और हरोली के लिए भी बड़ी घोषणाएं की गई हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना लागू करने का फैसला लिया है। इस योजना का मकसद विधवाओं, निराश्रित और तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को उनके बच्चों को शिक्षा देने में आर्थिक मदद करना है। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 साल तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए हर महीने एक हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस और छात्रावास व्यय के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कैबिनेट में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 10 फीसदी मार्जिन मनी जमा कराने और बैंक द्वारा कर्ज की किश्त के वितरण के बाद 3 माह के भीतर 50 फीसदी की सब्सिडी दिए जाने को भी मंजूरी दी गई। इस योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए यूको बैंक को कर्ज मंजूर करने के लिए नोडल बैंक नामित किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को प्रैफर्ड बैंक के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 7.9 फीसदी प्रतिवर्ष ब्याज दर पर कर्ज प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों के लिए उम्र में छह महीने की छूट को स्वीकृति प्रदान की। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। कैबिनेट ने इंस्पेक्टर, जेल अधिकारियों (जेल वॉर्डन से गैर-राजपत्रित रैंक के एक्जिक्यूटिव स्टाफ) और हिमाचल प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में रियायती यात्रा के मासिक शुल्क को 110 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की।

कैबिनेट ने जिला कांगड़ा के डाडासीबा में एक नया उप मंडल पुलिस कार्यालय और आलमपुर में पुलिस पोस्ट स्थापित करने तथा संसारपुर टैरेस व मोइन पुलिस पोस्ट को पुलिस स्टेशन में अपग्रेड करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने इन कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। बैठक में जिला कांगड़ा के देहरा में जल शक्ति विभाग का नया सर्कल खोलने और इसके सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई।

# अमेरिकी कारोबारी ने बांधे पीएम मोदी की तारीफों के पुल, कहा- पाक को उन जैसे नेता की जरूरत



**वाशिंगटन , एजेंसी।** पाकिस्तानी मूल के एक प्रमुख अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और पाकिस्तान को उनके जैसे नेता की जरूरत है। अमेरिका के बाल्टीमोर में रहने वाले तरार ने 'पीटीआई-भाषा से कहा, ''मोदी के राष्ट्रवाद के नारे ने भारत में रहने वाले भारतीयों और अमेरिका में रह रहे भारतीयों के लिए अच्छा काम किया है, जहां वे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं 'अमेरिकन मुस्लिम्स फॉर डोनाल्ड ट्रंप के संस्थापक तरार ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने तरक्की की है और अगर उनके जैसा कोई नेता सामने आता है तो इससे पाकिस्तान को मदद मिलेगी। तरार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का उत्थान वाशिंगटन में सत्ता के गलियारों में लॉबिंग की उसकी क्षमता से परिलक्षित होता है तथा भारतीय प्रौद्योगिकी उद्यमियों की संख्या में वृद्धि ने उसके प्रवासी समुदाय को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस उदाहरण से सीख लेनी चाहिए और शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों के साथ उभरते राष्ट्र के सपने ने देश को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाया है। ऐसा तब होता है जब आप दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में निवेश करते हैं। तरार 1990 के दशक में अमेरिका चले गए थे और सत्तारूढ़ पाकिस्तानी प्रतिष्ठान से उनके अच्छे संबंध हैं।राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की उम्मीदवारी पर तरार ने कहा कि सत्ता में उनकी वापसी अमेरिका को फिर से महानता के मार्ग पर ले जाएगी। उन्होंने कहा, ''राजनीति में आने से पहले ट्रंप ने पैसा कमाया और अब उन्हें अमेरिका को फिर से महान बनाने की चिंता है। डेमोक्रेटिक पार्टी के राजनीतिक नेताओं के साथ ऐसा बिल्कुल नहीं है।

# शेख हसीना की भारत में उलटी गिनती शुरू, बांग्लादेश में हत्या के चार और मामले दर्ज



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ हत्या के कम से कम चार और मामले दर्ज किए गए हैं। रविवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की खबर के अनुसार, वर्ष 2010 में बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के एक अधिकारी अब्दुर रहीम की मौत के मामले में रविवार को हसीना (76), बांग्लादेश सीमारक्षक बल (बीजीबी) के पूर्व निदेशक जनरल अजीज अहमद व 11 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। समाचार एजेंसी ने बताया कि 18 जुलाई को भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान सैन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईएसटी) के एक छात्र की हत्या के मामले में हसीना और 48 अन्य के खिलाफ रविवार को हत्या का एक और मामला दर्ज किया गया।

इसके अलावा बांग्लादेश द्वारा शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के बाद उनके भारत प्रवास को लेकर उलटी गिनती शुरू हो गई है। एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पास उनके नाम से जारी किए गए राजनयिक पासपोर्ट के अलावा कोई अन्य पासपोर्ट नहीं है। छात्रों द्वारा अपनी सरकार के खिलाफ विद्रोह के बाद पद से हटाए जाने के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगभग तीन सप्ताह भारत में बिताए हैं। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री के अगले कदम के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा हसीना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से उनके भारत प्रवास पर समय की टिक टिक लग सकती है। देश के गृह मंत्रालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग ने घोषणा की है कि शेख हसीना, उनके सलाहकारों, पूर्व कैबिनेट सदस्यों और हाल ही में भंग की गई 12वीं जातीय संसद (संसद) के सभी सदस्यों और उनके जीवनसाथियों का राजनयिक पासपोर्ट तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा।

यह कदम अगस्त में राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन द्वारा संसद को भंग करने के बाद उठाया गया है, जिसके तुरंत बाद 76 वर्षीय हसीना को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। इन पासपोर्टों को रद्द करने का दायरा राजनयिक अधिकारियों पर भी लागू होता है, जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है, और कम से कम दो जांच एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद ही सामान्य पासपोर्ट जारी किए जाने की संभावना है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, शेख हसीना के पास अब रद्द किए गए राजनयिक पासपोर्ट के अलावा कोई अन्य पासपोर्ट नहीं है, द डेली स्टार अखबार ने रिपोर्ट किया।

# यूएस के चुनावी महाकुम्भ में भारत का तड़का ! कॉमरेड कमला वर्सेस किम जोंग के इश्क में गिरफ्तार ट्रंप, मजेदार मीम्स व वीडियो वायरल

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी चुनावी सरगर्मियों में भारत का तड़का साफ़ दिख रहा है। जहां एक ओर भारतीय चुनावी माहौल से प्रेरित होकर अमेरिका में चुनावी शोर बढ़ गया है, वहीं बाइडेन के रेस से हटने और कमला हैरिस के मैदान में उतरने के साथ मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। इस बार सोशल मीडिया पर कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच तीखी बहस चल रही है, जिसमें भारत से जुड़ी बातें भी शामिल हैं। अमेरिकी चुनावी महाकुम्भ में भारत की राजनीतिक शैली का प्रभाव और सोशल मीडिया पर चल रही यह बहस स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि चुनावी






माहौल में भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक तनाव और उथल-पुथल जारी है। इस बार अमरीकी चुनाव में भारतीय चुनाव की तरह सोशल मीडिया मिर्च-मसाला डाला जा रहा है। लोग सोशल मीडिया पर मीम्स और पोस्ट डाल रहे हैं। प्रचार युद्ध किस हद तक जाएगा, पता नहीं। लेकिन अमरीकी चुनाव में इन मीम्स को देखकर लोग हंस रहे हैं... गुस्सा हो रहे हैं... और विचार भी कर रहे हैं। ट्रंप और कमला की एआइ से बनी और भी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक तस्वीर में दोनों समुद्र के किनारे हाथ पकड़कर घूमते दिखाए गए हैं। सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ट्रंप ने कमला हैरिस को कॉमरेड कमला के नाम से पुकारा है, और‹ढ्ढ द्वारा बनाई गई एक तस्वीर में उन्हें वर्दी में दिखाया गया है। ट्रंप ने हैरिस को अल्ट्रा लिबरल और मार्क्सवादी करार देते हुए उनकी छवि को कम्युनिज़्म से जोड़ने की कोशिश की है। रिपब्लिकन पार्टी की रैलियों में ट्रंप ने हैरिस को कट्टरपंथी मार्क्सवादी बताते हुए समर्थकों से पूछा कि क्या उन्हें कॉमरेड कमला कहना चाहिए या नहीं, जिस पर भीड़ ने ङ्घश्वस् में जवाब दिया। इसका हैशटैग कॉमरेड कमला है। ट्रंप प्रचार के दौरान कमला को अल्ट्रा लिबरल बताते हुए उन पर हमला कर रहे हैं। उन्हें कॉमरेड कमला बोल रहे हैं। उन्होंने एक रैली में कमला को कट्टरपंथी मार्क्सवादी बताते हुए भीड़ से सवाल किया था कि बताइए मुझे उन्हें कॉमरेड कमला हैरिस बोलना चाहिए या नहीं इसके बाद एआइ से बनाई यह तस्वीर वारयल होने लगी।

# अपनी कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भड़का चीन, कहा- उठाएगा कड़े कदम

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने यूक्रेन में रूस के युद्ध से कथित संबंधों को लेकर चीनी कंपनियों पर लगाए नए अमेरिकी प्रतिबंधों पर रविवार को विरोध जताया और कहा कि वह देश के व्यवसायों से जुड़े अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक और कड़े कदम उठाएगा। अमेरिका (रु) ने रूस और यूरोप, एशिया तथा पश्चिम एशिया में सैकड़ों कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए शुक्रवार को उन पर ऐसे उत्पाद तथा सेवाएं देने का आरोप लगाया जिससे रूस को युद्ध में मदद मिली और प्रतिबंधों से बचने में उसके समार्थ्य में इजाफा हुआ। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा



कि वह चीन से रूस तक ''दोहरे उपयोग वाले सामान के निर्यात को लेकर चिंतित है। चीन में वाणिज्य मंत्रालय ने अपने बयान में अमेरिका द्वारा चीन की कई कंपनियों को अपनी निर्यात नियंत्रण सूची में रखने का कड़ा विरोध किया। इस कदम से ऐसी कंपनियों के अमेरिकी कंपनियों से व्यापार करने पर रोक लग जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129